■ वर्ष-23 ■ अंक-222
■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-2.00
भोपाल
■ शनिवार ■ 14 मार्च 2026
चैत्र कृष्ण पक्ष एकादशी
विक्रम संवत्-2082
E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

म.प्र. के सर्वाधिक केंद्रों तक प्रसारित प्रदेश का एकमात्र समाचार पत्र

# दैनिक समय जगत

भोपाल, दिल्ली, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित

एक संदेश-पूरा देश

ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

शीर्ष की ओर 'समय जगत'
Facebook
asksamayjagat
Instagram
@asksamayjagat
Twitter
@asksamayjagat
यूट्यूब पर
'खबर समय जगत'
को भी सब्सक्राइब करें
www.dainiksamayjagat.in



# जिले में जर्जर स्कूल भवनों के स्थान पर बनेंगे नए भवन, कई शालाओं को मिली स्वीकृति

## सर्वे कर वैकल्पिक व्यवस्था की उठी मांग, वरिष्ठ अधिकारी दें ध्यान

(एस पी तिवारी)

**समय जगत, मण्डला।** जिले की शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में जर्जर हो चुके भवनों के स्थान पर अब नए स्कूल भवनों का निर्माण कराया जाएगा। मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले के कई विद्यालयों के लिए नवीन भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई है। इससे इन विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। विभागीय सूत्रों के अनुसार मोहगांव विकासखंड के प्राथमिक शाला पडादर, जीपीएस (ईजीएस) चिरवई टोला, माध्यमिक शाला बड़झर तथा घुघरी विकासखंड के प्राथमिक शाला भानपुर, सिंघनपुरी, घुरघुटी, जीपीएस टिकराटोला पद्दीकोना, बैगाटोला बरवानी और चौबाटोला में नए स्कूल भवन बनाए जाएंगे। इसी तरह मण्डला विकासखंड के तलैया टोला देवगांव, जूना




मण्डला, पोंडी (महाराजपुर) तथा बीजाडांडी विकासखंड के जीएमएस पापरीकला और प्राथमिक शाला गुमटी में भी नए भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई है। बताया गया है कि इन विद्यालयों के भवन लंबे समय से जर्जर स्थिति में थे, जिसके कारण बच्चों को सुरक्षित वातावरण में पढ़ाई करने में काफी परेशानी हो रही थी। कई स्थानों पर बच्चों को तिरपाल, रंगमंच या खुले मैदान में बैठाकर पढ़ाई कराई जा रही थी, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही थी। जिले में जर्जर स्कूल भवनों की समस्या को लेकर मीडिया में लगातार मुद्दा उठाया जा रहा था। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों द्वारा भी लंबे समय से नए भवनों की मांग की जा रही थी। इसी बीच जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) कुलदीप कठल द्वारा प्रभार संभालने के बाद कलेक्टर के निर्देशन में प्रयास करते हुए शासन से इन विद्यालयों के लिए नवीन भवन निर्माण की स्वीकृति प्राप्त की गई। नए भवनों की स्वीकृति मिलने से विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों ने खुशी जताते हुए कलेक्टर को धन्यवाद दिया है और डीपीसी के प्रयासों की सराहना की है। हालांकि जिले में अभी भी कई स्कूल ऐसे हैं जिनके भवन जर्जर अवस्था में हैं और वहां बच्चों को कठिन परिस्थितियों में पढ़ाई करनी पड़ रही है। इस संबंध में जिले के लोगों ने कलेक्टर से मांग की है कि सभी जर्जर स्कूल भवनों का सर्वे कर उन्हें चिन्हित किया जाए तथा जब तक नए भवनों की स्वीकृति नहीं मिलती, तब तक बच्चों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि उन्हें सुरक्षित और बेहतर शिक्षा का माहौल मिल सके। इस संबंध में जिला शिक्षा केन्द्र के एसडीओ ने बताया कि जिले के सभी जर्जर स्कूल भवनों की सूची भोपाल भेजी जा चुकी है। जैसे ही वहां से नए भवन निर्माण या मरम्मत की स्वीकृति मिलेगी, उसी के अनुसार कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।

### इनका कहना है

जिले में जर्जर स्थिति वाले कई स्कूल भवनों की मरम्मत एवं नए भवनों की स्वीकृति के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। आगामी सत्र में बारिश से पहले ऐसे स्कूलों में विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक सुरक्षित स्थानों पर स्कूल संचालन की व्यवस्था की जाएगी।

**कुलदीप कठल**
**डीपीसी, मण्डला**

गैस सिलेंडर की बढ़ी किल्लत, महिलाएं, बुजुर्ग लगे कतार में

# घंटों इंतजार करने के बावजूद नहीं मिल रहा सिलेंडर, लोग हैं परेशान

**समय जगत, हरदा।** इजराइल- ईरान युद्ध का असर अब रसोई गैस पर पड़ता दिखाई दे रहा है। क्योंकि इन दिनों घरेलू रसोई गैस सिलेंडर को लेकर गंभीर संकट की स्थिति बनती दिखाई दे रही है। गैस एजेंसियों के बाहर सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग रही हैं। सबसे हैरानी की बात तो यह है कि पुरुषों के साथ महिलाएं भी लाइन में खड़े होकर घंटों इंतजार कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद कई उपभोक्ताओं को खाली हाथ घर लौटना पड़ रहा है। इस स्थिति ने आम नागरिकों की परेशानी को कई गुना बढ़ा दिया है। दूसरी ओर शहर में यह चर्चा भी तेजी से फैल रही है कि कुछ स्थानों पर गैस सिलेंडर की जमकर कालाबाजारी की जा रही है। सुबह से ही कतारें लगनी शुरू हो जाती है। महिलाएं, बुजुर्ग और मजदूर वर्ग के लोग अपनी बारी का इंतजार करते हुए घंटों खड़े रहते हैं। कई बार दोपहर तक भी सिलेंडर नहीं मिल पाता, जिससे




लोगों में जिम्मेदारों के खिलाफ नाराजगी बढ़ती जा रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस एजेंसी में सिलेंडर की कमी बताई जाती है, जबकि कुछ देर बाद वही सिलेंडर ब्लैक में बिकते नजर आते हैं। एक उपभोक्ता ने बताया कि खाना बनाते हुए रसोई गैस खत्म हो गई थी, घंटों लाइन में लग, इसके बावजूद भी गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है। यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले दिनों में रसोई चलाना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की है इस और ध्यान दिया जाये। जिससे आमजन को परेशानी से निजात मिल सके। रसोई गैस की कमी का सबसे ज्यादा असर महिलाओं पर देखने को मिल रहा है क्योंकि चूल्हा- चौका की सबसे बड़ी जिम्मेदारी महिलाओं पर जो रहती है। नाम न छापने की शर्त पर उपभोक्ताओं ने बताता कि गैस एजेंसी पर घंटों इंतजार करने के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल रहा है। वहीं ज्यादा रुपये देकर कुछ बिचौलिए गैस से भरा हुआ सिलेंडर चंद मिनट में उपलब्ध करा देते है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रकट हुए गजमुख-गजवदन स्वयंभू भगवान गणेश जी



**समय जगत, नैनपुर।** नैनपुर से लगभग 12 किलोमीटर बालाघाट जिले की सीमा पर लामता परियोजना बालाघाट अंतर्गत काष्ठागार/बांसगार पाद्रीगंज केम्पस में एक मंदिर है, जिसके बारे में स्थानीय लोगों के द्वारा बताया जाता है कि एक पत्थर पर ही प्राकृतिक रूप से गजमुख आकृति स्वयंभू रूप से स्थापित है। जिसका स्थानीय लोगों के द्वारा भगवान गणेश के रूप में प्राण-प्रतिष्ठा कर वहां मंदिर बना दिया गया है। स्थानीय लोगों के द्वारा बताया जाता है कि उक्त मूर्ति सदियों पुरानी है किन्तु वन क्षेत्र में स्थापित होने के कारण एवं आबादी से बहुत दूर होने के कारण उक्त देव स्थल के बारे में क्षेत्र में बहुत कम लोगों को जानकारी है। उक्त स्थल सिद्ध स्थल होने के कारण वहां पर स्थानीय लोगों द्वारा संतान, सम्पत्ति, सुख-शांति की मनोकामना की जाती है, जिसके पूर्ण होने पर पूजा-अर्चना की जाती है। देखा जाये जो पूरा क्षेत्र वनाच्छादित होने के कारण शांत, आध्यात्म से भरपूर एवं रमणीय स्थल है।

### माहिष्मती सर्व ब्राह्मण सभा प्रखंड मोहगांव की नई कार्यकारिणी की गई घोषित



**मोहगांव/मंडला।** माहिष्मती सर्व ब्राह्मण सभा, मंडला अंतर्गत प्रखंड मोहगांव की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। नई कार्यकारिणी के गठन पर समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों ने सभी नव-मनोनित सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। आशा व्यक्त की गई है कि सभी पदाधिकारी आपसी सहयोग, समर्पण एवं सक्रिय सहभागिता के साथ संगठन को और अधिक सशक्त बनाते हुए समाजहित में निरंतर कार्य करेंगे। घोषित कार्यकारिणी के अनुसार संरक्षक पद पर समस्त सम्माननीय वरिष्ठ विप्रजन रहेंगे। अध्यक्ष के रूप में देवेश दुबे को दायित्व सौंपा गया है। उपाध्यक्ष पद पर अनिल दुबे (मोहगांव) एवं गिरीश मिश्रा को नियुक्त किया गया है। कोषाध्यक्ष के रूप में ब्रजेश शुक्ला तथा सचिव के रूप में नितेश दुबे को जिम्मेदारी दी गई है। सह सचिव पद पर अनिल दुबे (सिंगारपुर) को मनोनीत किया गया है। युवा शक्ति अध्यक्ष के रूप में जयदीप दुबे, कार्यक्रम प्रबंधक के रूप में पंकज दुबे तथा मीडिया प्रमुख के रूप में विवेक दुबे को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में ओमप्रकाश दुबे, प्रदीप दुबे एवं अवधेश दुबे को शामिल किया गया है। माहिष्मती सर्व ब्राह्मण सभा परिवार, प्रखंड मोहगांव ने नवगठित कार्यकारिणी को पुन: हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की कामना की है।

मोहम्मद ने सोनू बनकर की दोस्ती

# शादी का झांसा देकर, धर्म परिवर्तन का दबाव बनाकर कुकर्म का आरोपी हुआ गिरफ्तार

**समय जगत, अमझेरा।** राजगढ़ पुलिस ने उत्तर प्रदेश के एक युवक पर दुष्कर्म, जान से मारने की धमकी और अवैध धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम धाराओं में मामला दर्ज किया है। आरोपी ने खुद को हिंदू बताकर युवती से दोस्ती की थी और बाद में डरा-धमकाकर उसका शारीरिक शोषण किया, आरोपी यहां भी नहीं रुका वह पीड़िता को धर्म परिवर्तन कराने दिल्ली तक ले गया, इसी बीच राजगढ़ पुलिस ने पीड़िता को दिल्ली के मेट्रो स्टेशन से दस्तयाब कर लिया। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार राजगढ़ निवासी 21 वर्षीय कॉलेज छात्रा की दोस्ती करीब दो साल पहले सोशल मीडिया के माध्यम से मोहम्मद निजाम उर्फ सोनू निवासी मुरादाबाद उत्तरप्रदेश से हुई थी। आरोपी राजगढ़ में ही पीड़िता के घर के समीप किराए से रहकर कारपेंटर का काम करता था उसने ने शुरुआत में अपनी मुस्लिम पहचान छिपाई और खुद को सोनू बताकर युवती को अपने प्रेम जाल में फंसाया।

शिकायत में बताया गया कि करीब दो



साल पहले आरोपी ने युवती को अपने कमरे पर बुलाकर पहली बार जबरन दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी लगातार डरा-धमकाकर उसका शोषण करता रहा। कुछ समय पूर्व जब पीड़िता गर्भवती हो गई, तो आरोपी ने शादी का झांसा दिया लेकिन साथ ही शर्त रखी कि उसे इस्लाम धर्म अपनाना होगा और नमाज पढ़नी होगी। इस वर्ष फरवरी और मार्च के दौरान आरोपी पीड़िता को झांसा देकर दिल्ली ले गया। वहां कोर्ट में कुछ दस्तावेजों पर जबरन हस्ताक्षर कराए गए और निकाह के लिए मौलवी से भी मिलवाया गया। दिल्ली में रहते हुए पीड़िता को पता चला कि आरोपी पहले से शादीशुदा है। जब उसने विरोध किया, तो आरोपी उसे दरगाह ले जाकर धर्म परिवर्तन कराने की जिद करने लगा। इसी बीच राजगढ़ थाने में युवती की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज थी। पुलिस टीम ने लोकेशन के आधार पर दिल्ली मेट्रो स्टेशन के पास से आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा और युवती को सुरक्षित बरामद कर राजगढ़ लाया गया। पहले आरोपी के डर से युवती चुप रही और आरोपी के खिलाफ बयान नही दिए, परिजनों के सहयोग से उसने अब पूरी आप बीती पुलिस को बताई। पुलिस ने आरोपी मोहम्मद निजाम उर्फ सोनू पिता रईस अहमद पर धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के साथ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया था।

राजगढ़ थाना प्रभारी समीर पाटीदार ने बताया कि परिजनों ने शिकायत दर्ज की थी, गुमशुदगी की जांच करते हुए पुलिस युवती व आरोपी को दिल्लीं से लेकर राजगढ़ पहुंची थी। पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही शुरू करते हुए प्रकरण दर्ज कर आरोपी को अरेस्टक कर लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई मकान मालिक अपने यहां किराएदार रखता है और इसकी सूचना थाने में नहीं देता है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# डॉ शिरीष अग्रवाल को मिली आईबीआर अचीवर की उपाधि



**समय जगत, हरदा।** शहर के अधिवक्ता एवं कर सलाहकार डॉ. शिरीष अग्रवाल को प्रतिष्ठित इंडिया बुक रिकार्ड द्वारा आईबीआर अचीवर की उपाधि दी गई है। यह उपलब्धि उन्हें विधि और वाणिज्य के क्षेत्र में प्राप्त विविध शैक्षणिक एवं पेशेवर योग्यताओं के लिए मिली है। इंडिया बुक रिकार्ड की ओर से जारी आधिकारिक सूचना में बताया गया है कि डॉ. अग्रवाल के दावे का संपादकीय बोर्ड द्वारा सत्यापन करने के बाद उसे आईबीआर अचीवर श्रेणी में अंतिम रूप दिया गया। संस्था के अनुसार केवल श्रेष्ठ और प्रमाणित उपलब्धियों को ही इस श्रेणी में स्थान दिया जाता है। रिकॉर्ड के अनुसार डॉ.शिरीष अग्रवाल ने वर्ष 2008 से 2024 के बीच विधि और वाणिज्य से संबंधित कई महत्वपूर्ण शैक्षणिक योग्यताएं प्राप्त की हैं। इनमें आई सी ए आई से इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी सर्टिफिकेट कोर्स सीए सीपीटी सीए इंटरमीडिएट ग्रुप वन एलएल. बी. एलएल. एम. तथा पीएच.डी.बी कॉम और एम कॉम भी शामिल हैं। इन उपलब्धियों के आधार पर उन्हें आईबीआर अचीवर का खिताब दिया गया। इस उपलब्धि पर शहर के अधिवक्ताओं, कर सलाहकारों, सामाजिक संगठनों एवं शुभचिंतकों ने डॉ. शिरीष अग्रवाल को बधाई देते हुए इसे हरदा के लिए गौरव का विषय बताया है।

# जल समस्या के निराकरण को लेकर कांग्रेस ने दिया एसडीएम को ज्ञापन



**समय जगत, सोहागपुर।** नगर में व्याप्त जल समस्या के निराकरण के लिए कांग्रेस के द्वारा एक ज्ञापन एसडीएम को दिया गया। यह ज्ञापन तहसीलदार रणजीत सिंह चौहान ने लिया। कांग्रेस के नगर अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल ने बताया कि नगर परिषद द्वारा जो पानी की वैकल्पित व्यवस्था की गई है, उसमें बहुत गंदा पानी मिल रहा है। इस हेतु भी परिषद को ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी भी दी गई। कांग्रेसियों ने कहा कि इंदौर के भागवतपुरा जैसी घटना सोहागपुर में ना हो जाये, ऐसे में इसका शीघ्र सुधार होना चाहिए। सुधार न होने पर कांग्रेस पार्टी आंदोलन करेगी। ज्ञापन देने वालों मेंसुधीर ठाकुर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल नगर कांग्रेस अध्यक्ष मंगल सिंह रघुवंशी, गजेंन्द्र सिंह चौधरी, प्रकाश मालवीय, नीरज चौधरी, धनराज बलवंशी, चुन्नी मुगदल नीतिन चौरसिया, अर्पित तिवारी कार्तिक शर्मा आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण संपन्न

**समय जगत, सारंगपुर।** समीपस्थ ग्राम बिलोदा सड़क में शुक्रवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड सारंगपुर द्वारा नवांकुर सेक्टर अंतर्गत प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों के लिए क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सुशील व्यास ने की। प्रशिक्षण में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद सारंगपुर के ब्लॉक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया ने प्रतिभागियों को परिषद की अवधारणा, उद्देश्य, गठन प्रक्रिया तथा कार्यों के दस्तावेजीकरण से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं एवं आगामी कार्ययोजना के बारे में भी दिशा निर्देश प्रदान किए। इस दौरान समाजसेवी सुशील व्यास ने प्रशिक्षणार्थियों को गांवों में किए जाने वाले सामाजिक कार्यों जैसे पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, सबके लिए शिक्षा, सबके लिए स्वास्थ्य, जैविक कृषि, गौसंवर्धन, नशामुक्ति, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता और सामाजिक समरसता जैसे विषयों से अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया द्वारा प्रस्फुटन समितियों के दस्तावेजीकरण की जानकारी दी गई। वहीं वरिष्ठ सरपंच श्रीमती बसंती बाई द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर नवांकुर प्रभारी रामविलास लोधी, दिनेश सिसौदिया, पुरुषोत्तम चंद्रवंशी, मनोहर लववंशी, रघुराज सिंह सोलंकी, नवीन रुण्डवाल, राधेश्याम मेवाड़ा, श्याम चौहान, मुकेश जाट, पवन सिंह बेस सहित ग्राम एवं नगर विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# मुकदमों से राहत का बड़ा मौका: आज धार में लगेगी नेशनल लोक अदालत

**समय जगत, धार।** माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संजीव कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में 14 मार्च शनिवार को प्रातः 10.30 बजे से जिला न्यायालय परिसर धार सहित जिले के सभी तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए जिला मुख्यालय धार में 16 खंडपीठों तथा विभिन्न तहसील न्यायालयों में 25 खंडपीठों का गठन किया गया है। इस प्रकार पूरे जिला धार में कुल 41 खंडपीठों के माध्यम से विभिन्न मामलों का त्वरित निराकरण किया जाएगा। लोक अदालत में क्रिमिनल कम्पाउंड, प्ली बारगेनिंग, एन.आई. एक्ट (चेक बाउंस), बैंक प्रकरण, मोटर दुर्घटना क्लेम, ट्रैफिक चालान, पारिवारिक विवाद, श्रम संबंधी मामले, भूमि विवाद, सेवा संबंधी प्रकरण, विद्युत उपभोक्ता प्रकरण सहित अन्य सिविल मामले रखे जाएंगे। इन मामलों का निराकरण आपसी सुलह और समझौते के आधार पर किया जाएगा, जिससे पक्षकारों को शीघ्र न्याय मिल सकेगा। इसके अतिरिक्त नगर पालिका, दूरसंचार विभाग, विद्युत विभाग, बीमा कंपनियों एवं अन्य विभागों से संबंधित प्री-लिटिगेशन प्रकरण भी लोक अदालत में रखे जाएंगे, जिनमें नियमानुसार छूट का लाभ भी प्रदान किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए 12 मार्च को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव कुमार अग्रवाल द्वारा प्रचार-प्रसार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो जिले में जागरुकता अभियान चला रहे हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि 14 मार्च को आयोजित नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने प्रकरणों का निराकरण करवाएं और इस व्यवस्था का लाभ उठाएं।

# जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**समय जगत, रतलाम।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य के विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विरियाखेड़ी ट्रेनिंग सेंटर, जिला रतलाम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला रतलाम की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, आशा कार्यकर्ता तथा आशा सहयोगिनी ने प्रशिक्षार्थी के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम में शासकीय मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर (पीएसएम विभाग) डॉ. ध्रुवेंद्र पांडे द्वारा जलवायु परिवर्तन के कारण मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले विपरीत प्रभावों तथा इससे होने वाली विभिन्न प्रकार की बीमारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने विशेष रूप से वायु प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और मौसमी बीमारियों के प्रभावों पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव हेतु विशेष सतर्कता बरती जाए। साथ ही ग्रामवासियों को आरोग्य केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं के अंतर्गत सभी स्वास्थ्य केंद्रों में ओआरएस कॉर्नर बनाये जाकर घोल बनाने की विधि बताई जाए एवं गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचने के लिए ओआरएस की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। ग्राम इस्तर पर भी 16 प्रकार की दवाइयां एवं 5 प्रकार की जांच अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में आईडीएसपी के महामारी नियंत्रक डॉ. गौरव बोरीवाल द्वारा प्रमुख बीमारियों के कारण, जांच, उपचार एवं उनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को ग्राम स्तर तक पर्याप्त मात्रा में दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं जांच व्यवस्था को बनाए रखने के निर्देश दिए गए। मौसमी बीमारियों के अंतर्गत जिला सलाहकार (वेक्टर जनित बीमारी) डॉ. प्रमोद प्रजापति द्वारा मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के कारण, बचाव के उपाय तथा समय पर जांच एवं उपचार के महत्व की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए एंटी-लार्वा गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा ग्रामों में मच्छरदानी के उपयोग को प्रोत्साहित करने के संबंध में भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

# खिरकिया सेक्टर चारूवा 3 द्वारा प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण प्रारंभ

**समय जगत, खिरकिया।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ने सृजनात्मक और सकारात्मक सोच से सहभागिता द्वारा एक संतुलित संसार के निर्माण की अभिकल्पना की है, प्रदेश के किसी भी गांव नगर का विकास तब तक नहीं हो सकता जब तक विकास पुरुष स्थानीय ना हो प्रत्येक ग्राम एवं नगर में कुछ ऐसे लोग होते हैं जो स्वावलंबन की दिशा में कार्य करते हैं इन्हीं लोगों को जोड़कर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां का निर्माण किया है। प्रस्फुटन समितियां का एक दिवसीय प्रशिक्षण विकासखंड खिरकिया जिला हरदा में प्रारंभ हुआ है। दिन शुक्रवार को



सेक्टर चारूवा सेक्टर 3 की नवांकुर संस्था सुसंगती संस्थान द्वारा ग्राम पंचायत भवन चारूवा में सेक्टर की प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समिति सदस्यों में नेतृत्व विकास तथा संगठन क्षमता एवं कौशल विकसित करना है। जिला समन्वयक संदीप गौहर अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक विनीता शाह ने मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की संरचना एवं प्रस्फुटन समितियों की भूमिका और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला तथा समिति सदस्यों से ग्रामों में जागरूकता अभियान चलाने शासन की योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने एवं वर्तमान समय में नरवाई न जलने पर प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। नवांकुर संस्था के प्रभारी शांतनु पाटीदार और महेंद्र राजपूत ने समितियों के दस्तावेजीकरण, एनजीओ पंजीयन, प्रबंधन तथा नेतृत्व विकास पर अपने विचार रखे।

भोपाल
■ शनिवार ■ 14 मार्च 2026
चैत्र कृष्ण पक्ष एकादशी
विक्रम संवत्-2082
E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

दैनिक
# समय जगत

भोपाल, दिल्ली, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित


एक संदेश-पूरा देश

म.प्र. के सर्वाधिक केंद्रों तक प्रसारित प्रदेश का एकमात्र समाचार पत्र

ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

शीर्ष की ओर 'समय जगत'
Facebook
asksamayjagat
Instagram
@asksamayjagat
Twitter
@asksamayjagat
यूट्यूब पर
'खबर समय जगत'
को भी सब्सक्राइब करें
www.dainiksamayjagat.in


## आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा हुई शुरू, मोहन भागवत ने किया शुभारंभ



**पानीपत।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा शुक्रवार को हरियाणा के पानीपत में शुरू हो गई। यह सभा आरएसएस की सर्वोच्च निर्णायक इकाई है और पानीपत में इसकी ये मीटिंग 3 दिन चलेगी। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत इसके लिए सात दिन पहले ही पानीपत में बने संघ के सेंटर पहुंच गए और तब से यहीं मौजूद हैं। संघ को नया रूप देने की चर्चाओं के बीच यह सभा बेहद अहम मानी जा रही है। आरएसएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन भी तीनों दिन यहां रहेंगे। पहले दिन मंच पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ही बैठे।

भाजपा अध्यक्ष नबीन को मंच से नीचे पहली कतार में कुर्सी पर जगह मिली। सभा शुरू होने के बाद मीडिया को केवल 8 मिनट के लिए एंट्री दी गई। उसके बाद हॉल में देशभर से संघ और उसकी विचारधारा से जुड़े 32 संगठनों के 1487 प्रतिनिधि ही बैठे। अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया कि पहले दिन आरएसएस के शताब्दी वर्ष में हुए कामों पर चर्चा होगी। दूसरे दिन आरएसएस के प्रकल्पों में आई चुनौतियों पर चर्चा होगी। साथ ही अगले एक साल में किए जाने वाले कामों की रूपरेखा तय होगी। आखिरी दिन यानी 15 मार्च को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का संबोधन होगा। उसके बाद दत्तात्रेय होसबाले सभा में हुए निर्णयों और पारित प्रस्तावों की आधिकारिक जानकारी मीडिया में साझा करेंगे। आरएसएस में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा एक तरह से निर्णय लेने वाली सबसे बड़ी इकाई है। जिसमें आरएसएस के सभी कामों की समीक्षा होती है।

### देशभर में 5500 से अधिक नई शाखाएं हुई शुरू

इस बार यह सभा इसलिए भी अहम है कि अगले दो साल में 9 राज्यों व एक केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव हैं। प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया कि पिछले एक वर्ष में देशभर में 5500 से अधिक नई शाखाएं शुरू हुई हैं। डिजिटल माध्यम से भी संघ से जुड़ने का क्रेज बढ़ रहा है, आरएसएस से जुड़े सूत्रों के मुताबिक संघ अपने स्ट्रक्चर में बड़ा बदलाव करने वाला है। क्षेत्र प्रचारकों की संख्या कम करने और जिला, तहसील, ब्लॉक और गांवों तक कार्यकर्ताओं को ज्यादा अधिकार देने की योजना है। इसका प्रस्ताव यहां सभा के समक्ष रखा जाएगा। संघ की ताकत निचले स्तर तक पहुंचाने के मकसद से यह योजना है।

### मोदी ने की ईरान के राष्ट्रपति से बात

## डिप्लोमैसी से हो समस्याओं का समाधान: प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीती रात ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन के साथ टेलीफोन पर बातचीत की और पश्चिम एशिया की मौजूदा गंभीर स्थिति पर अपनी चिंता साझा की। दोनों नेताओं के बीच यह संवाद क्षेत्र में लगातार बढ़ते तनाव और आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने क्षेत्र में नागरिकों की जान जाने और असैन्य बुनियादी ढांचे को हो रहे नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने ईरानी राष्ट्रपति के सामने स्पष्ट किया कि वर्तमान परिस्थितियों में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा भारत के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने सामान और ईंधन के निर्बाध परिवहन की आवश्यकता पर जोर दिया, क्योंकि होर्मुज जलडमरूमध्य में हालिया घटनाक्रमों ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित किया है। गौरतलब है कि ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद किए जाने और हाल ही में भारत आ रहे एक तेल टैंकर पर हुई गोलीबारी ने व्यापारिक सुरक्षा पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए कहा, क्षेत्र में गंभीर स्थिति पर चर्चा के लिए मैंने ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेश्कियन से बातचीत की।

### प्रधानमंत्री मोदी ने कई देशों के नेताओं ने की बातचीत

प्रधानमंत्री ने तनाव बढ़ने और बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने संकट के समाधान के लिए शांति और स्थिरता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई और दोनों पक्षों से संवाद व कूटनीति का रास्ता अपनाने का आग्रह किया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रपति पेजेश्कियन ने प्रधानमंत्री को ईरान की मौजूदा स्थिति और क्षेत्रीय घटनाक्रम पर अपने दृष्टिकोण से अवगत कराया। दोनों नेता भविष्य में भी निरंतर संपर्क बनाए रखने पर सहमत हुए हैं। यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान के खिलाफ किए गए हमलों में सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मृत्यु के बाद स्थिति अत्यंत विस्फोटक हो गई है। पिछले 10 दिनों में प्रधानमंत्री मोदी ने ओमान, कुवैत, सऊदी अरब, यूएई, इज़राइल और कतर सहित कई देशों के नेताओं से चर्चा की है। इन वार्ताओं का मुख्य केंद्र पश्चिम एशिया में रहने वाले लगभग एक करोड़ भारतीयों की सुरक्षा है। अकेले ईरान में 10,000 और इज़राइल में 40,000 से अधिक भारतीय नागरिक निवास कर रहे हैं।

### डॉ. यादव ने प्रदेश की 1.25 करोड़ बहनों के खातों में अंतरित किए 1836 करोड़

## डबल इंजन की सरकार में बहनों को मिल रही हैं डबल खुशियां : मुख्यमंत्री



**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की बहनें आत्मनिर्भरता एवं स्वावलम्बन के मामले में पूरे देश के लिए उदाहरण बन रही हैं। प्रदेश के 5 लाख से अधिक स्व-सहायता समूहों से जुड़कर करीब 65 लाख बहनें आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं। आज प्रदेश में 12 लाख से अधिक लखपति दीदियां कार्यरत हैं। हम महिला उद्यमियों को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं। हमारी बहनें अब फैक्ट्रियों और उद्योगों का नेतृत्व कर रही हैं। प्रदेश के 47 प्रतिशत नए स्टार्ट-अप का नेतृत्व अब हमारी बहनों के हाथों में है। हम सभी बहनों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए मिशन मोड में कार्य करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है, इसलिए यहां की बहनों को लाड़ली लक्ष्मी और लाड़ली बहना योजना के रूप में डबल खुशियां मिल रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को ग्वालियर जिले के शबरी माता मंदिर परिसर, घाटीगांव में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में लाड़ली बहनों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत प्रत्येक कठिन परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा है। इसमें प्रदेश की बहन-बेटियां भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नवरात्रि से पहले आज बहनों को 1500 रुपए की सौगात मिल रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लाड़ली बहना योजना में बहनों को योजना की 34वीं किश्त प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 27 हजार से अधिक बहनों के खाते में 1 हजार 836 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की। इनमें ग्वालियर जिले की 3 लाख 16 हजार से अधिक लाड़ली बहनें भी शामिल हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब प्रदेश की हर लाड़ली बहनों के खाते में हर महीने 1500 रुपये भेजे जा रहे हैं। लाड़ली बहन योजना में अब तक 52 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि बहनों को दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी लाड़ली बहनों से अपील करते हुए कहा कि वे हर महीने मिलने वाली इस राशि से अपनी बेहतरी के लिए कोई भी रुचिकर काम-धंधा शुरु करें और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण में योगदान दें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर जिले को 121 करोड़ 95 लाख रुपये की लागत वाले 54 विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने सिंगल क्लिक से लगभग 60 करोड़ रुपये की लागत के 35 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लगभग 62 करोड़ रुपये की लागत वाले 19 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें 39 करोड़ 86 लाख रुपये की लागत से कुलैथ घाटीगांव में शासकीय सांदीपनि विद्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 2 महीने बाद लाड़ली बहना योजना के 3 साल पूरे हो जाएंगे। इन 3 सालों में प्रदेश की बहनों की जिन्दगी जिस तरह से बदली है, वह भूतो न भविष्यति है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि जनवरी 2024 से फरवरी 2026 तक 42 हजार 308 करोड़ रुपये प्रोत्साहन राशि बहनों के खाते में भेजी गई है।

### मध्यप्रदेश का गौरव है ग्वालियर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर मध्यप्रदेश का गौरव है। ये धरती शक्ति के आशीर्वाद से सिंचित है और शक्ति की उपासना से ही हमारा संसार सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि ग्वालियर-चंबल क्षेत्र मध्यप्रदेश के साथ देश की इकॉनामी डेवलपमेंट में भी बड़ी भूमिका निभा रहा है। कभी बीहड़ों के लिए मशहूर रहा यह क्षेत्र हमारी सरकार के प्रयासों से आज औद्योगिक गतिविधियों का नया केन्द्र और प्रगति का नया उदाहरण बन रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित एवं कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उपस्थित मातृ शक्ति पर पुष्प-वर्षा कर उन्हें आदरपूर्वक नमन किया। स्थानीय प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का ग़जमाला से सम्मान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र, स्व-सहायता समूह के चेक एवं मुद्रा योजना के चेक भी सौंपे।

### प्रमुख घोषणाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भितरवार विधानसभा क्षेत्र में आरोन-पटई उद्वहन सिंचाई परियोजना को मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि 120 करोड़ रुपए की यह परियोजना क्षेत्र के किसानों का जीवन खुशहाल कर देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनप्रतिनिधियों की मांग पर घाटीगांव सहित चिनौर और करैया में भी सांदीपनि विद्यालय खोले जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भितरवार पीएचसी का उन्नयन कर सिविल अस्पताल बनाया जायेगा। घाटीगांव के उप स्वास्थ्य केंद्र का भी उन्नयन कराएंगे। भितरवार और घाटीगांव में युवाओं के कौशल विकास के लिए आईटीआई केंद्र की स्थापना करेंगे। घाटीगांव में शबरी माता के भव्य मंदिर और शबरी धाम निर्माण के लिए भूमि का सर्वे कराया जाएगा। भगवान देवनारायण का भी धाम बनाया जायेगा। संस्कृति विभाग के माध्यम से देवनारायण मंदिर में हर साल सांस्कृतिक आयोजन कराये जायेंगे। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भितरवार को माता शबरी का विशेष आशीर्वाद प्राप्त है। प्रदेश में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। लाडली बहनों को आज योजना की 34वीं किश्त की राशि सीधे बैंक खाते में मिल रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विकसित भारत @2047 का संकल्प लिया है। भारत अब आजादी के अमृतलाल से आगे शताब्दी काल की ओर बढ़ रहा है। बहनों के आर्थिक सशक्तिकरण के बगैर विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त नहीं हो सकता है।

## अफगान में पाक ने की एयरस्ट्राइक

**काबुल।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा पर जारी तनाव अब एक बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। हालिया घटनाक्रम में पाकिस्तानी वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने कंधार हवाई अड्डे के पास स्थित निजी एयरलाइन काम एयर के फ्यूल डिपो और रिहाइशी इलाकों को निशाना बनाया है। यह डिपो न केवल नागरिक उड़ानों के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि संयुक्त राष्ट्र के विमानों को भी ईंधन की आपूर्ति करता है।



फ्यूल डिपो और रिहाइशी इलाकों में मची तबाही

विशेषज्ञों का मानना है कि यह हमला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल संकट के बीच अफगानिस्तान की रसद व्यवस्था को चोट पहुँचाने की कोशिश है। अफगान अधिकारियों द्वारा जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, पाकिस्तानी विमानों ने न केवल रणनीतिक ठिकानों बल्कि रिहाइशी इलाकों को भी अपना निशाना बनाया है। इस बमबारी में कई नागरिक आवास पूरी तरह ध्वस्त हो गए हैं। स्थानीय प्रशासन का दावा है कि इन हमलों में महिलाओं और बच्चों सहित कई बेगुनाह लोगों की जान गई है। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में बमबारी खाली रेगिस्तानी और निर्जन इलाकों में भी की गई है।

## तुर्की में आया 5.5 तीव्रता का भूकंप

**निक्सार।** मध्य तुर्की में शुक्रवार तड़के भूकंप के तेज झटकों ने एक बार फिर लोगों को खौफजदा कर दिया है। तुर्की की डिजास्टर एंड इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी के अनुसार, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.5 मापी गई। भूकंप उस समय आया जब लोग गहरी नींद में थे, जिससे निक्सार और आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी मच गई। दहशत के कारण बड़ी संख्या में लोग अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। प्रशासनिक आंकड़ों के मुताबिक, भूकंप सुबह ठीक 3:35 बजे महसूस किया गया।



इसका केंद्र टोकाट प्रांत का निक्सार कस्बा था। भूकंप की सबसे चिंताजनक बात इसकी गहराई रही, जो जमीन से मात्र 6.4 किलोमीटर नीचे दर्ज की गई। विशेषज्ञों का कहना है कि केंद्र की गहराई कम होने के कारण ही झटके इतने शक्तिशाली और व्यापक महसूस किए गए। कंपन इतना तेज था कि टोकाट के अलावा आसपास के कई अन्य प्रांतों में भी इसे स्पष्ट रूप से महसूस किया गया। राहत की बात यह है कि प्राथमिक जांच और आपदा प्रबंधन टीमों की शुरुआती रिपोर्टों में अभी तक किसी भी जान-माल के नुकसान या बड़ी इमारतों के गिरने की सूचना नहीं मिली है।

### मुद्दा

### लोकसभा में भी हुआ हंगामा, निलंबित आठ सांसदों को बहाल करने की उठाई मांग

## एलपीजी संकट पर संसद के बाहर विपक्ष ने किया प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** एलपीजी संकट और बढ़ती कीमतों को लेकर शुक्रवार को संसद परिसर से लेकर लोकसभा तक विपक्ष का जोरदार विरोध देखने को मिला। लोकसभा में जैसे ही प्रश्नकाल शुरू हुआ विपक्षी सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया और निलंबित सांसदों की बहाली की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की। हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही बाधित हुई और अंततः लोकसभा को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित करना पड़ गया। लोकसभा में प्रश्नकाल शुरु होते हुए विपक्षी सांसदों ने एलपीजी संकट और निलंबित सांसदों की बहाली के मुद्दे को लेकर हंगामा किया।

विपक्षी सांसदों ने एलपीजी संकट पर चर्चा की मांग की और साथ ही निलंबित आठ सांसदों को बहाल करने की मांग उठाई। इस दौरान कई सांसद अपनी सीट से उठकर नारेबाजी करने लगे, जिससे सदन का माहौल काफी गर्म हो गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हंगामा कर रहे सांसदों से कहा, कि संसद की गरिमा बनाए रखना सभी सदस्यों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यदि कोई सदस्य सदन की मेजों पर चढ़कर विरोध करता है तो उस पर कार्रवाई होना स्वाभाविक है। इसके बावजूद जब हंगामा शांत नहीं हुआ तो उन्होंने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

वहीं लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी समेत कई सांसदों ने निलंबित सदस्यों की वापसी की मांग दोहराई। विपक्ष का कहना है कि सांसदों का निलंबन लोकतांत्रिक प्रक्रिया के खिलाफ है और सरकार विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। संसद परिसर में शुक्रवार सुबह विपक्षी दलों के सांसदों ने एलपीजी संकट और बढ़ती कीमतों के मुद्दे पर प्रदर्शन किया। सांसद हाथों में प्लेकार्ड लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते नजर आए। विपक्ष का आरोप है कि देश में रसोई गैस की कीमतों में लगातार वृद्धि से आम लोगों की परेशानी बढ़ रही है और सरकार इस मुद्दे पर स्पष्ट जवाब देने से बच रही है।

## 13 साल से कम उम्र के यूजर्स के लिए नए पेरेंट मैनेज्ड अकाउंट ला रहा व्हाट्सएप

**नई दिल्ली।** व्हाट्सएप ने बड़ा ऐलान किया है कि 13 साल से कम उम्र के यूजर्स के लिए नए पेरेंट मैनेज्ड अकाउंट नाम की शुरुआत कर रहा है। यह सिर्फ कॉलिंग और मैसेजिंग तक सिमट कर रह जाएंगे। पेरेंट मैनेज्ड अकाउंट की मदद से माता-पिता अपने बच्चों की कम्युनिकेशन गतिविधियों को कंट्रोल कर सकते है। कंपनी ने बताया है कि आने वाले दिनों में इस रोलआउट करेगी। हालांकि किसी टाइम लाइन का जिक्र नहीं किया है। नए पेरेंट कंट्रोल के तहत माता-पिता ये तय कर सकते हैं कि उनका बच्चा किन लोगों से बातचीत कर सकता है और किन लोगों से नहीं। व्हाट्सएप के पेरेंट्स मैनेज्ड अकाउंट के तहत छोटे बच्चों को मेटा एआई, जैसे फीचर्स का एक्सेस नहीं मिलेगा। साथ ही कंपनी इन अकाउंट्स से मिलने वाले डेटा का यूज विज्ञापन के लिए नहीं करेगी। पेरेंट मैनेज्ड अकाउंट को सक्रिय करने के लिए माता-पिता को अपने और अपने बच्चे का डिवाइस एक साथ रखना होगा। इसके बाद क्विक रिस्पोंस कोड के जरिए दोनों हैंडसेट को लिंक करना होगा। पेरेंट मैनेज्ड अकाउंट के तहत यूजर्स को सख्त डिफॉल्ट सेटिंग्स, पेरेंट कंट्रोल को और बेहतर किया गया है।



## संपादकीय

# भारतीय संस्कृति में लोक देवताओं का है विशेष महत्व

भारत देश संस्कृति प्रधान है। भारतीय संस्कृति में धर्म- अध्यात्म और देवी देवताओं का विशेष महत्व है। ऐसी ही महान लोकदेवी हैं भक्त शिरोमणि माँ कर्मा। कर्मा बाई की जयंती चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को समूचे देश में मनाई जाती है। कर्मा जैसी भक्ति कर, खिचड़ी खायें मुरार, छप्पन भोग को त्याग कर, आये भक्त के द्वार। मां कर्मा रोज सुबह उठकर सबसे पहले भगवान मुरार अर्थात् जगन्नाथ प्रभु के लिए खिचड़ी बनाती थी। वे इतनी भोली और भावुक भक्त थीं कि उन्हें विधि-विधान या मंत्रों का ज्ञान नहीं था। वे बस भगवान को पुकारतीं और कहतीं– प्रभु, आओ और भोग लगाओ। उनकी भक्ति इतनी भावप्रबल थी कि स्वयं भगवान जगन्नाथ (श्रीकृष्ण) बालक का रूप धरकर उनके घर आते और बड़े चाव से वह खिचड़ी खाते थे। एक बार किसी विद्वान संत ने देखा कि कर्मा बाई बिना स्नान किए, बिना शुद्धता के नियमों का पालन किए ही खिचड़ी बनाकर भगवान को खिला रही हैं। उन्होंने कर्मा बाई को डांटा और कहा, अरी पगली ! भगवान को ऐसे भोग नहीं लगता। पहले स्नान करो, पवित्र हो, मंत्र पढ़ो, तब भोग लगाओ। अगले दिन कर्मा बाई ने डर के मारे स्नान किया, विधि-विधान में समय लगाया और खिचड़ी बनाने में देर हो गई। उधर पुरी के मंदिर में जब भगवान के भोग का समय हुआ, तो पुजारियों ने देखा कि भगवान की मूर्ति के मुख पर खिचड़ी के कण लगे हुए हैं और भगवान के होंठों पर एक संतोष वाली मुस्कान है। इसके बाद भगवान ने मंदिर के पुजारी को सपने में दर्शन दिए और कहा, मुझे कर्मा के प्रेम की खिचड़ी भाती है, तुम्हारे सूखे नियमों की नहीं। वह देर से आई तो मैं खुद उसके पास भोजन करने चला गया। आज भी पूरी में होने वाली दिव्य जगन्नाथ रथ यात्रा में भगवान का रथ माँ कर्मा के मंदिर के सामने रुकता है व उनकी खिचड़ी खाकर ही आगे बढ़ता है। इस घटना ने यह सिद्ध कर दिया कि ईश्वर को आडंबर, वैभव नहीं, बल्कि सच्चा प्रेम और भक्ति प्रिय होते हैं। माँ कर्मा का जीवन हमें यह भी सिखाता है कि श्रम और स्वाभिमान मनुष्य के सबसे बड़े आभूषण हैं। मां कर्मा के जीवन में भी यही भाव दिखाई देता है। उन्होंने समाज को सिखाया कि कर्म ही पूजा है और श्रम ही सबसे बड़ा धर्म है। उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि यदि व्यक्ति अपने कार्य को ईमानदारी और समर्पण से करता है, तो वही उसका सबसे बड़ा साधना-पथ बन जाता है। मां कर्मा जयंती के अवसर पर सभी को सत्य, श्रम, भक्ति और समरसता की प्रेरणा लेनी चाहिये।

# संतुलन की मांग करता संसदीय प्रतिनिधित्व

राजीव शुक्ला

यह साल भारतीय राजनीति के लिए निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है। इस वर्ष लोकसभा सीटों के पुनर्निर्धारण (डिलिमिटेशन) पर लगी संवैधानिक रोक समाप्त होने वाली है। यह देखने या सुनने में एक साधारण प्रक्रिया लग सकती है, लेकिन इसका गहरा असर देश की राजनीति, राज्यों की ताकत और संघीय ढांचे पर पड़ सकता है। असल सवाल यह है कि क्या संसद में प्रतिनिधित्व केवल जनसंख्या के आधार पर तय होना चाहिए? और अगर ऐसा हुआ तो क्या इससे कुछ राज्यों को नुकसान होगा? संसद में जब भी संघीय ढांचे पर बहस के बिंदु आते हैं तो डा. आंबेडकर का भाषण अक्सर याद आता है, जिसमें उन्होंने राज्यों के अधिकारों को सर्वोपरि रखा था। लोकसभा सीटों का वर्तमान बंटवारा 1971 की जनगणना पर आधारित है और उसके बाद जनसंख्या के अनुसार सीटों को बदला नहीं गया। ऐसा इसलिए किया गया था, ताकि जो राज्य जनसंख्या नियंत्रण में सफल रहें, उन्हें राजनीतिक नुकसान न हो। उस समय यह सहमति बनी थी कि जनसंख्या नियंत्रण राष्ट्रीय लक्ष्य है, इसलिए जो राज्य इसे गंभीरता से लागू करेंगे, उन्हें दंडित नहीं किया जाएगा, लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। हिंदी पट्टी के कई राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश और बिहार आदि की जनसंख्या तेजी से बढ़ी जबकि तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र और तेलंगाना जैसे दक्षिणी राज्यों ने परिवार नियोजन, महिला शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में निवेश कर जनसंख्या वृद्धि को काफी हद तक नियंत्रित किया। परिणामस्वरूप आज दक्षिण के कई राज्यों की जनसंख्या वृद्धि दर कम है, जबकि उत्तर के कुछ राज्यों में जनसंख्या बढ़ी है। यदि 2026 के बाद सीटों का बंटवारा केवल जनसंख्या के आधार पर किया जाता है तो उत्तरी राज्यों की लोकसभा में सीटें बढ़ सकती हैं और दक्षिणी राज्यों का अनुपात घट सकता है। यही कारण है कि दक्षिण के कई नेता इसे लेकर चिंता जता रहे हैं। यह चिंता केवल राजनीतिक नहीं है, बल्कि भावनात्मक भी है। दक्षिण भारत के राज्यों का तर्क है कि उन्होंने राष्ट्रीय नीति के अनुरूप जनसंख्या नियंत्रण को अपनाया, शिक्षा और स्वास्थ्य पर काम किया और अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया। वे देश की जीडीपी में बड़ा योगदान देते हैं। वे पिछले दो-तीन वर्षों में कई बार आर्थिक न्याय की मांग रखते हुए आ रहे हैं। अब यदि उन्हें कम सीटें मिलती हैं, तो यह एक तरह से उनकी सफलता की सजा होगी। दूसरी ओर, उत्तर भारतीय नागरिक भी यह महसूस करते हैं कि उनके प्रतिनिधि बहुत बड़ी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। एक सांसद को लाखों से अधिक लोगों की समस्याओं से जूझना पड़ता है, जबकि कुछ अन्य राज्यों में एक सांसद कम आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसे में 'एक व्यक्ति, एक वोट' के आधार पर सीटों का नया बंटवारा न्यायसंगत प्रतीत होता है। यही इस पूरे विवाद का केंद्र है, जनसंख्या के आधार पर समान प्रतिनिधित्व बनाम राज्यों के संतुलित अधिकार। यदि केवल संख्या के आधार पर निर्णय लिया गया, तो संसद में शक्ति का संतुलन एक खास भौगोलिक क्षेत्र की ओर झुक सकता है। इससे राजनीतिक दलों की रणनीति भी बदल सकती है। संभव है कि कोई दल केवल कुछ बड़े जनसंख्या वाले राज्यों में अच्छा प्रदर्शन कर केंद्र में बहुमत हासिल कर ले। तब उसे देश के अन्य हिस्सों में व्यापक समर्थन जुटाने की उतनी आवश्यकता न रहे और इसका सबसे बड़ा असर संघीय ढांचे पर भी पड़ सकता है। भारत एक संघीय व्यवस्था है, जहां केंद्र और राज्य दोनों की भूमिकाएं महत्वपूर्ण हैं। यदि राजनीतिक ताकत एक ही क्षेत्र में केंद्रित हो जाती है, तो वित्तीय फैसलों पर भी उसका असर दिख सकता है। पहले से ही वित्त आयोग राज्यों के बीच संसाधनों के बंटवारे को लेकर संतुलन बनाने की मुश्किल कोशिश करता है और फिर भी असमान वितरण जैसी समस्याएं सामने आती हैं। यदि राजनीतिक प्रतिनिधित्व में असंतुलन बढ़ा, तो संसाधनों के बंटवारे को लेकर भी असंतोष पैदा हो सकता है। इसलिए जरूरी है कि इस मुद्दे को 'उत्तर बनाम दक्षिण' के टकराव में न बदला जाए। समाधान ऐसा होना चाहिए, जिसमें किसी राज्य को नुकसान न हो। एक रास्ता यह हो सकता है कि लोकसभा की कुल सीटों की संख्या बढ़ा दी जाए। इससे अधिक जनसंख्या वाले राज्यों को अतिरिक्त सीटें मिल सकती हैं, लेकिन किसी राज्य की मौजूदा सीटें कम न हों। इस तरह संतुलन बनाए रखने की कोशिश की जा सकती है। इसके अलावा राज्यसभा की भूमिका को भी मजबूत करके इस असमानता को दूर किया जा सकता है। राज्यसभा को राज्यों की आवाज माना जाता है, पर वित्त विधेयक जैसे मामलों में यह केवल लोकसभा की सेकेंडरी बाडी जैसी दिखती है। यदि राज्यसभा को अधिक प्रभावी बनाया जाए जैसे कि राज्यों के मुद्दों पर लोकसभा से अधिक अधिकार या राज्यों के मामलों में पूर्ण वीटो का अधिकार तो राज्यसभा राज्यों के अधिकार के लिए लोकसभा में अधिक सीट होने के बाद भी अपने पक्ष से बचाव के लिए खड़ी होगी और छोटे या कम जनसंख्या वाले राज्यों को भी अपनी बात रखने का अवसर मिल सकता है। लोकसभा अगर भारत की जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करती है तो राज्यसभा भारत की विविधता का कवच बनकर उसे सुरक्षित रखेगी और भारत का संघीय ढांचा सुरक्षित रहेगा। हम प्रतिनिधित्व को केवल जनसंख्या तक सीमित न रखें।

# इच्छा मृत्यु की अनुमति सर्वोच्च न्यायालय का ऐतिहासिक फैसला

## नजरिया

**निष्क्रिय इच्छा-मृत्यु को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने अपने ऐतिहासिक फैसले में 12 साल से कोमा में रहते हुए कृत्रिम जीवन रक्षा उपायों से जीवित 32 वर्ष के हरीश राणा को मौत की अनुमति दे दी। देश के इतिहास में इच्छा मृत्यु की यह पहली कानूनी इजाजत है।अब हरीश के जीवन रक्षक उपकरण हटा लिए जाएंगे और उसकी जीवन-लीला प्राकृतिक रूप से मौत को प्राप्त हो जाएगी। न्यायालय की न्यायमूर्ति जेबी पारडीवाला और केवी विश्वनाथन की पीठ ने परोक्ष इच्छा-मृत्यु की इजाजत मांगने वाली याचिका की स्वीकार करते हुए एम्स दिल्ली को निर्देश दिया है कि वह तय करे कि जीवन रक्षक उपकरण और प्रणाली एक सुनियोजित ढंग से हटाई जाए, ताकि व्यक्ति की गरिमा बनी रहे तथा उसे कोई पीड़ा झेलनी न पड़े। वैसे भी उनके ठीक होने की कोई उम्मीद नहीं है, यह स्थिति सिर्फ दुख दे रही है।**

प्रमोद भार्गव

हरीश पंजाब विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग के छात्र रहने के दौरान 2013 में पेइंग गेस्ट आवास की चौथी मंजिल से गिर गए थे। तब से वे कोमा में हैं। उनके पिता अशोक राणा ने उक्त याचिका अदालत में दाखिल की थी। 2018 में कॉमन काज की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट के पांच न्यायमूर्तियों की पीठ ने परोक्ष इच्छा-मृत्यु (पैसिव इथुनीशिया)को मान्यता से जुड़ा फैसला दिया था। न्यायालय ने कहा था कि जो लोग गंभीर रूप से बीमार हैं और लिविंग विल (इच्छा-पत्र) बना चुके हैं, उनको सम्मान के साथ मरने का अधिकार है। उन्हें कानूनी पेंच में नहीं फंसाना चाहिए और चिकित्सा विशेषज्ञ को भी ऐसे मामले संज्ञान में लेना चाहिए। अतएव न्यायालय का निष्कर्ष था कि अगर कोई व्यक्ति अपना उपचार बंद कराना चाहता है तो उसे अनुमति देने का भी नियम होना चाहिए। न्यायमूर्ति केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस निर्णय में मृत्यु के अधिकार को भी मौलिक अधिकार माना है। लिविंग विल के मायने जीवित होने का दस्तावेज या वसीयत है। इसके जरिए मरणासन्न व्यक्ति या उसके परिजन अपनी इच्छा के जरिए इच्छा-मृत्यु की मांग कर सकते हैं। चिकित्सा विशेषज्ञों की समिति की राय पर इच्छा मृत्यु की पहल की जा सकती है।इस निर्णय के परिपेक्ष्य में ही यह पहली अनुमति अदालत ने दी है। सर्वोच्च न्यायालय ने 2018 में दिए परिप्रेक्ष्य फैसले में इस तथ्य को मान्यता दी है कि असाध्य रोग से ग्रस्त रोगी इच्छा-पत्र (वसियत) लिख सकता है। न्यायालय का यह फैसला चिकित्सकों को लाइलाज मरीजों के जीवन रक्षक उपकरण हटाने की अनुमति देता है। अदालत ने कहा है कि जीने की इच्छा नहीं रखने वाले व्यक्ति को निष्क्रिय या मूर्छित अवस्था में शारीरिक पीड़ा सहने नहीं देना चाहिए। अग्रिम इच्छा-पत्र लिखने की यह अनुमति कुछ शर्तों के साथ दी गई है। इसमें उल्लेख है कि जब तक संसद से इस सिलसिले में कानून नहीं बन जाता तब तक फैसले में दिए दिशा-निर्देश प्रभावी रहेंगे। कौन किस तरह से इच्छा-पत्र लिख सकता है और किस आधार पर मेडिकल बोर्ड इच्छा-मृत्यु के लिए सहमति दे सकता है, इनके आधार बिंदू फैसले में दिए गए हैं। इस फैसले के बाद रोगी के रिश्तेदार और मित्रों को वसियत के निष्पादन का अधिकार मिल गया था। इस वसियत के लिखे जाने के बाद मेडिकल





बोर्ड रोगी को प्राणवायु देने वाले उपकरणों को हटाने पर विचार कर सकता है। इच्छामृत्यु की हमें पहली जानकारी भीष्म पितामह द्वारा अपनी इच्छा के अनुसार मौत का वरण करने की मिलती है। जैन धर्म में ऋषि-मुनी संथरा के जरिए स्वेच्छा से मृत्यु का वरण करते हैं। जब कोई व्यक्ति गंभीर बीमारी या दुर्घटना के चलते ऐसी नीम-बेहोशी की हालत में आ जाए कि उसकी स्मृति का लोप होने के साथ खाने-पीने व दिनचर्याओं से निवृति की शक्ति का क्षरण हो जाए और वह अपने अस्तित्व का बोध भी न कर पाए तो ऐसे दुर्लभ कष्ट से मुक्ति के लिए मौत जरूरी लगने लगती है। ऐसी हालात में रोगी को जीवन रक्षक प्रणाली पर टिकाए रखना उसे यातना देने की तरह है। उसके इस कष्टदायी जीवन से परिजन और शुभचिंतक भी अप्रत्यक्ष रूप से यातना ही भोगते है। परिजनों को आर्थिक बोझ भी उठाना पड़ता है। हरीश के पिता अशोक की पुत्र की इस लाइलाज बीमारी से दिल्ली का घर बिक गया। पिता जीवन-यापन के लिए क्रिकेट मैदानों में सैंडविच बेचकर गुजारा करने को मजबूर थे। भारत में यह मुद्दा तब देशभर में विचार व बहस का विषय बना था, जब मुंबई की नर्स अरुणा शानबाग की दया मृत्यु के लिए शीर्ष न्यायालय में गुहार लगाई गई थी। बलात्कार और हत्या की निर्मम दुष्टता के चलते कोमा में पहुंची अरुणा ने 42 साल तक जीवन रक्षक प्रणाली पर टिके रहने की यातना भोगी। अरुणा को सामान्य अवस्था में लाने की जब सभी चिकित्सा कोशिशें व्यर्थ हो गई, तब अदालत में उन्हें इच्छा मृत्यु देने की याचिका लगाई गई थी। किंतु अदालत ने इसे उचित नहीं ठहराया था। 2011 में सर्वोच्च न्यायालय में इस आशय की अर्जी भी लगाई थी की अरुणा का इलाज संभव नहीं है, लिहाजा उसे जीवन रक्षक प्रणाली से मुक्त करने की इजाजत दी जाए। जिससे उसे, अंतहीन कष्टों से छुटकारा मिले। लेकिन इच्छा-मृत्यु वैध है या अवैध इसके अंतिम निष्कर्ष पर अदालत नहीं पहुंच पाई थी। लिहाजा उसने निष्क्रिय अवस्था में पड़े व्यक्ति की जीवन रक्षा प्रणाली हटाकर उसे मौत का वरण करने की प्रक्रिया को कानूनी मान्यता देने का सवाल उठाते हुए सभी राज्य व केंद्र शासित प्रांतों को नोटिस जारी करके सलाह मांगी। तब के प्रधान न्यायमूर्ती आरएस लोढ़ा की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय खंडपीठ ने इच्छा-मृत्यु पर विचार आमंत्रित करने के पक्ष में तर्क दिया था कि यह मसला संविधान ही नहीं बल्कि नैतिकता, धर्म और चिकित्सा विज्ञान से भी जुड़ा है, इसिलए इसे विचारना जरूरी है। इसके उलट केंद्र की मनमोहन सिंह सरकार कहती रही कि यह एक तरह की अत्महत्या है, जिसकी अनुमति भारत में नहीं दी जा सकती, क्योंकि इच्छामृत्यु को कानूनी मान्यता दे दी गई तो इसका दुरुपयोग हो सकता है ? इसके जवाब में संविधान पीठ का तर्क था कि इसका दुरुपयोग रोकने के लिए सुरक्षा के उपाय होने चाहिए। लिहाजा अदालत ने याचिकाकर्ता पिंकी से जानना चाहा था कि 'जीवन का अंत करने के लिए सबसे कम पीड़ादायी तरीका कौन सा हो सकता है? क्योंकि दुनिया भर में इस पर बहस हो रही है, किंतु इस परिप्रेक्ष्य में किसी अंतिम निष्कर्ष पर आम राय नहीं बन सकी है। अदालत ने कहा था कि 'कानून का दुरुपयोग इच्छा मृत्यु को कानूनी दर्जा नहीं देने का आधार नहीं हो सकता है। विधि आयोग ने भी अपनी रिपोर्ट में इच्छामृत्यु को कानूनी मान्यता के विचार का विरोध किया था। अरुणा से जुड़ी याचिका पर ही सुनवाई करते हुए तबके न्यायाधीश मार्कण्डेय काटजू की अध्यक्षता वाली पीठ ने इच्छा-मृत्यु को गैरकानूनी करार देते हुए निरस्त कर दिया था। अदालत ने अपने फैसले में दलील दी थी कि असामान्य परिस्थतियों में निष्क्रिय व्यक्ति को इच्छा-मृत्यु की अनुमति दी जा सकती है, लेकिन जब तक संसद इस बारे में कोई कानून नहीं बनाती, तब तक निष्क्रिय और सक्रिय दोनों प्रकार की इच्छा-मृत्यु को अवैधानिक ही माना जाएगा। धर्म, संस्कृति, परंपरा, दर्शन और नैतिकता से जुड़ा यह मुद्दा निसंदेह जटिल था, इसलिए इस पर एक राय बनना कठिन थी। संविधान का अनुच्छेद-21 जीवन को गरिमापूर्ण जीने का अधिकार तो देता है, लेकिन उसमें गरिमापूर्ण मृत्यु के वरण का अधिकार शामिल नहीं है। इच्छा-मृत्यु के विवाद को अंतिम निराकरण तक पहुंचाना इसलिए भी जरूरी था, क्योंकि आधुनिक चिकित्सा प्रणाली में जीवन रक्षा की ऐसी प्रणालियां विकसित हो चुकी हैं, जो जीवन और मृत्यु की कड़ी को अर्से तक उलझाए रखती हैं। चिकित्सा में निजीकरण ऐसे उपायों को और बढ़ावा दे रहा है। देश में यातायात से जुड़ी दुर्घटनाओं में ऐसे घयालों की संख्या लगातार बढ़ रही है,जो दशकों से कोमा में हैं। केवल जीवन रक्षा प्रणाली के जरिए एक हद तक उनमें प्राणवायु का संचार बना रहता है। मूर्छित अवस्था वाले ऐसे रोगियों के उपचार से परिजन या तो कंगाल हो रहे हैं या फिर मरीजों को अस्पताल में ही छोड़ देने की बेरहमी दिखाने को विवश हो रहे हैं, क्योंकि उपचार की ऐसी दीर्घ अवधि में उन्हें आजीविका के संसाधनों को नियमित बनाए रखने में भी अनेक कठिनईयों का सामना करना पड़ता है। फिलहाल दुनिया में अब तक स्विट्जरलैंड एकमात्र ऐसा देश है, जहां कुछ शर्तें पूरी कर लेने के बाद इच्छा-मृत्यु की अनुमति दे दी जाती है। अब भारत भी इस कड़ी में का हिस्सा बन गया है।

# नीतीश कुमार की विदाई के मायने

अवधेश कुमार

नीतीश कुमार का मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा जाना ऐसी घटना है जिस पर लंबे समय तक चर्चा होगी। राजनीति के छात्र भविष्य में इस पर शोध भी करेंगे । भारतीय राजनीति में लंबे समय तक सत्ता शीर्ष पर बने रहने के बाद जब भी कोई स्वयं निवृत होने का फैसला करेगा या नहीं करेगा तब - तब इसे उदाहरण के रूप में पेश किया जाएगा। हमारी राजनीति, मीडिया और बौद्धिक जगत में संदेह का मनोविज्ञान इतना हावी है कि ऐसे किसी कदम को सहज स्वाभाविक स्वीकार नहीं किया जा सकता। विरोधी इसमें षड्यंत्र देख रहे हैं तो इसका उत्तर राजनीति और समाज के चरित्र में है। अपने व्यक्तित्व या अभी तक की घटनाओं के संदर्भ में देखते हैं तो यही निष्कर्ष आएगा। चूंकि भारतीय राजनीति में इस तरह के उदाहरण नहीं है, इसलिए यह असामान्य घटना लगती है। लगभग दो दशक प्रदेश का प्रत्यक्ष नेतृत्व करने के बाद इस निर्णय को सहज स्वीकार करना आसान नहीं होता। उनके कार्यकर्ताओं और समर्थकों के एक वर्ग में भावनात्मक उबाल भी है। कुछ समय बाद धीरे-धीरे यह समाप्त हो जाएगा। राजनीति और सार्वजनिक जीवन में इतना पाखंड है कि कल तक जो लोग नीतीश कुमार को मानसिक रूप से असंतुलित होने की बात कर वीडियो वायरल करा रहे थे , बयान दे रहे थे वे भी इसमें भाजपा का षड्यंत्र देख रहे हैं। याद करिए जब एक मुस्लिम लड़की को नियुक्ति पत्र सौंपते समय उन्होंने अभिभावकीय भाव में हिजाब पड़कर यह कहते हुए कि क्या लगाई हो हटाओ खींचने की कोशिश की तो कितना बड़ा मुद्दा बनाया गया? वे भी नीतीश के नाम पर छाती पीट रहे। क्या हम राजनीति में ऐसी ही प्रवृत्ति चाहते हैं जहां कोई कभी अपने तरीके से सत्ता शीर्ष से निवृत होने का कदम उठाये ही नहीं? या उन्हें इसके लिए सम्मानपूर्वक तैयार करने की कोशिश नहीं हो? आप चाहते हैं कि ऐसा हो तो इसे सकारात्मक दृष्टि से देखिए। ऐसी घटना के पीछे निश्चित रूप से कुछ कारण और बड़े प्रयास भी होंगे। अंततः परिणति ही मुख्य अर्थ रखती है। यह कहना कि भाजपा अपना मुख्यमंत्री बनना चाहती थी इसलिए उन्हें हटा दिया गया नीतीश कुमार के व्यक्तित्व को देखते हुए स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसी टिप्पणी करने वाले नीतीश कुमार को दुर्बल या खोखला व्यक्तित्व साबित कर रहे हैं। भाजपा नेतृत्व में अपनी पार्टी के मुख्यमंत्री बनाने की इच्छा हो सकती है किंतु इसके लिए नीतीश को जबरन हटाकर गठबंधन में विपरीत संकेत देंगे यह मानने का कोई कारण नहीं है। लोकसभा में भाजपा को बहुमत नहीं होने के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार जदयू और तेलुगू देशम की बदौलत चल रही है।भाजपा नेतृत्व क्या किसी



नेता, उनके सहयोगियों या पार्टी से दुर्व्यवहार करने का जोखिम उठायेगी? आम दुष्प्रचार के विपरीत भाजपा अपने गठबंधन के साथियों को सम्मान देती है। महाराष्ट्र में भाजपा ने शिवसेना उद्धव ठाकरे को नहीं छोड़ा बल्कि उन्होंने भाजपा को छोड़ा। नीतीश कुमार को कभी भाजपा ने नहीं छोड़ा उन्होंने ही पाला बदल किया लेकिन जब वापस आए तो सरकार चलाने एवं निर्णय लेने की पूरी स्वतंत्रता रही। 2020 में भाजपा को जद यू से ज्यादा सीटें थीं फिर भी मुख्यमंत्री उन्हें ही बनाया। नीतीश पर दबाव डालकर ऐसा कराया जा सकता है यह उनके चरित्र के साथ मेल नहीं खाता। नीतीश कुमार ने जब चाहा भाजपा को छोड़ा और फिर अपनी इच्छा से राजद छोड़ भाजपा के साथ आये। तो फिर उन्होंने एक्स पर लिखा है कि संसदीय जीवन शुरू करने के समय से ही मेरे मन में एक इच्छा थी कि मैं बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों के साथ संसद के भी दोनों सदनों का सदस्य बनूँ। इसी क्रम में इस बार हो रहे चुनाव में राज्यसभा का सदस्य बनना चाह रहा हूँ। कहां जा रहा है कि कारण कुछ और है, यह स्क्रिप्ट औरों ने लिखकर उनकी विदाई का झूठा आधार प्रस्तुत किया है। ऐसा क्या कारण हो सकता है जिसके लिए नीतीश को झूठ बोलना पड़े? प्रत्यक्ष कोई कारण नजर नहीं आता। क्या यह संभव है कि भाजपा नीतीश को दबाव में लाकर मुख्यमंत्री पद से हटने के लिए मजबूर करे और वे इसे सहन कर जाएं? किसी को मुख्यमंत्री पद पर बने रहने की इच्छा हो और उसे जबरन हटाने की कोशिश होगी तो वह सरकार गिरा देगा। जिस सरकार का मुखिया नहीं हो उसे बनाए रखने में क्या रुचि हो सकती है। तो यह तर्क गले नहीं उतरता। मान लीजिए उन्होंने राज्यसभा को विदाई का बहाना बनाया तो इससे साबित नहीं होता कि किसी दबाव में थे। पिछली बार जब वह राजद के साथ गए थे तो तेजस्वी यादव के सामने घोषणा किया था कि अब अब हम आगे बहुत दिन नहीं रहेंगे और यही लोग आगे बढ़ाएंगे। अपने साथियों से बोलते थे कि अब हम मुख्यमंत्री पद से अलग होना चाहते हैं।

यह बात सही है कि पिछले कुछ समय से नीतीश कुमार के व्यवहार, वचन और भाव में अस्वाभाविकता, असहजता और असंतुलन प्रदर्शित होता था। इन कारणों सेसमस्याएं आतीं थीं और दोनों पार्टी के नेताओं को हैंडल करना पड़ता था। इसलिए संभव है उन्हें मानसिक रूप से तैयार करने की कोशिश हुई होगी। मुख्य बात निर्णय और उसके समय का है। सही समय पर लिए गए या कराए गए निर्णय का भी महत्व होता है और यह कई बार इतिहास के लिए उदाहरण भी बन जाता है। नीतीश कुमार के लिए इससे उपयुक्त अवसर सत्ता शीर्ष से अलग होकर तत्काल सक्रिय रहने का क्या हो सकता है? उनके नेतृत्व में गठबंधन भारी बहुमत के साथ सत्ता मे है, राजनीतिक स्थिरता है, उनके विरुद्ध असंतोष का भाव नहीं है, विकास की गाड़ी पटरी पर है और सक्रिय रहने के लिए राज्यसभाकी सदस्यता है। शायद वे सीधे निवृत्ति की घोषणा करते तो विरोध ज्यादा उग्र और हिंसक हो सकता था। तो समर्थकों को समझाने के लिए उनके पास राज्यसभा में जाने की इच्छा का एक आधार है। सच कह तो यह अवसर नीतीश कुमार के संपूर्ण राजनीतिक जीवन, उनके योगदान आदि का निष्पक्ष मूल्यांकन का है। बिहार का नेतृत्व भाजपा के समर्थन से उन्होंने तब संभाल जब प्रदेश गहरे निराशा, हताशा और अवसाद से ग्रस्त था। बिहार में कुछ हो सकता है इसकी कल्पना ही नहीं थी। भारत और उसके बाहर बिहार कुशासन, अविकास, सामाजिक जातीय तनाव, नेताओं के भ्रष्टाचार का शर्मनाक उदाहरण बन गया था। बिहार शब्द गाली हो गई थी और स्वयं को बिहारी कहने में लोग शर्म महसूस करते थे। नीतीश के नेतृत्व में जनता दल यू और भाजपा ने बिहार में न केवल आशा, उम्मीद और उत्साह पैदा किया बल्कि कानून और व्यवस्था पुनर्स्थापित कर प्रदेश को विकास के रास्ते सरपट दौड़ा दिया।

# संसद में हंगामा और वास्तविक मुद्दों से भटकती राजनीति

कांतिलाल मांडोत

लोकतंत्र में संसद केवल बहस का मंच नहीं होती बल्कि वह देश की सामूहिक बुद्धि और जिम्मेदारी का प्रतीक भी होती है। यहा लिए गए निर्णय देश की दिशा तय करते हैं और यहां होने वाली चर्चाएं करोड़ों लोगों की उम्मीदों से जुड़ी होती हैं। इसलिए जब संसद में गंभीर विषयों पर विचार के बजाय लगातार हंगामा और टकराव देखने को मिलता है तो स्वाभाविक रूप से जनता के मन में निराशा पैदा होती है। हाल के दिनों में संसद के दोनों सदनों में जो स्थिति देखने को मिली उसने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या राजनीतिक दल वास्तव में राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा करना चाहते हैं या फिर संसद को केवल राजनीतिक रणनीति का मंच बना दिया गया है। सोमवार को संसद के सत्र में अमेरिका इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध को लेकर विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। विपक्ष की मांग थी कि इस अंतरराष्ट्रीय संघर्ष के असर पर संसद में विस्तृत चर्चा कराई जाए। यह मांग अपने आप में गलत नहीं कही जा सकती क्योंकि मध्य पूर्व की घटनाओं का असर भारत सहित दुनिया के कई देशों पर पड़ सकता है। भारत के लाखों नागरिक खाड़ी देशों में काम करते हैं और तेल की कीमतों में उतार चढ़ाव का सीधा असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। ऐसे में इस विषय पर चर्चा की मांग को पूरी तरह असंगत नहीं कहा जा सकता। लेकिन जिस तरीके से विपक्ष ने इसे लेकर संसद की कार्यवाही बाधित की उसने इस मांग की गंभीरता पर ही सवाल खड़े कर दिए। लोकसभा में कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी और हंगामा शुरू कर दिया। स्थिति ऐसी बन गई कि महज कुछ ही मिनटों में सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। बाद में जब विदेश मंत्री स्सुभरमन्यम जयशंकर ने इस मुद्दे पर सरकार का पक्ष रखने के लिए बयान देना शुरू किया तो भी विपक्ष ने विरोध जारी रखा। विपक्ष का कहना था कि मंत्री के बयान से पहले इस मुद्दे पर चर्चा कराई जानी चाहिए ताकि वे सरकार से सवाल पूछ सकें। दूसरी ओर सरकार का कहना था कि पहले मंत्री का वक्तव्य सुना जाए और उसके बाद चर्चा हो सकती है। इस टकराव के बीच सदन की कार्यवाही कई बार बाधित हुई और अंततः पूरे दिन कोई सार्थक चर्चा नहीं हो सकी। इस पूरे घटनाक्रम में एक और दिलचस्प पहलू सामने आया। विपक्ष ने पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया था। संसदीय परंपरा के अनुसार जब ऐसा प्रस्ताव आता है तो उसे सदन में प्रस्तुत किया जाना चाहिए ताकि उस पर चर्चा हो सके। लेकिन जब सभापति जगदम्बिका पाल ने विपक्ष से प्रस्ताव पेश करने के लिए कहा तो विपक्ष ने ऐसा करने से परहेज किया और हंगामा जारी रखा। इससे यह संदेश गया कि विपक्ष स्वयं अपने प्रस्ताव को लेकर स्पष्ट नहीं है और उसकी प्राथमिकता वास्तविक बहस से अधिक राजनीतिक दबाव बनाना है।

संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजीजू ने भी इसी बात को उठाते हुए कहा कि विपक्ष खुद ही कंफ्यूज है कि वह करना क्या चाहता है। उनका तर्क था कि पहले स्पीकर के खिलाफ नोटिस दिया गया और फिर दूसरा मुद्दा उठाकर हंगामा किया जा रहा है। दूसरी ओर राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि मध्य पूर्व में तेजी से बदल रहे हालात का भारत पर असर पड़ रहा है इसलिए इस पर चर्चा जरूरी है। उनके अनुसार तेल की कीमतों में वृद्धि और खाड़ी देशों में काम कर रहे भारतीयों की सुरक्षा जैसे मुद्दे गंभीर हैं और सरकार को इस पर स्पष्ट जानकारी देनी चाहिए। दरअसल यह सच है कि अंतरराष्ट्रीय संघर्षों का प्रभाव भारत पर पड़ सकता है। तेल की कीमतें बढ़ने से महंगाई पर असर पड़ता है और विदेशों में काम कर रहे भारतीयों की सुरक्षा भी महत्वपूर्ण चिंता होती है। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि अमेरिका और ईरान जैसे शक्तिशाली देशों के बीच चल रहे युद्ध को भारत अपने स्तर पर रोक नहीं सकता। भारत एक जिम्मेदार कूटनीतिक भूमिका जरूर निभा सकता है और शांति की अपील कर सकता है लेकिन किसी अंतरराष्ट्रीय युद्ध को रोक देना उसके हाथ में नहीं होता।

# जबलपुर से नरसिंगपुर तक फैला शराब माफियाओं का नेटवर्क






## शराब तस्करी रोकने पुलिस की सक्रियता की है दरकार

**समय जगत, जबलपुर।** नरसिंहपुर जिले में इन दिनों पुष्पा फिल्म की तर्ज पर शराब तस्करी के नए तरीके अपनाए जा रहे है। विगत दिनों नरसिंहपुर जिले के विभिन्न नगरों में शराब का परिवहन शराब माफिया द्वारा किया जा रहा है। जिसका जिक्र कुछ दिन पहले नरसिंहपुर के सूखाखेरी में आए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा मंच से किया गया था कि जिले में कुछ लोगों द्वारा शराब का अबैध कारोबार किया जा रहा हैं।। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीणा के नेतृत्व में पुलिस द्वारा एसडीओपी गोटेगांव के नेतृत्व में एक बड़ी शराब की खेप को पकड़ा है, पत्रकारों से चर्चा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जबलपुर से यह खेप निकली थी जो लगभग 203 पेटी है, शराब माफिया इस शराब को मिनी ट्रक में ले जा रहे थे। जिनकी कीमत बाजार में लगभग 16 से 17 लाख रुपए बताई गई है। प्रारंभिक पूछताछ में ड्राइवर द्वारा शराब के बारे में अहम जानकारी दी गई है। अब यह सवाल उठता है, कि यह शराब तस्करी किसके संरक्षण में हो रही है।नगर में चर्चा हैं की सत्तारूढ़ दल से जुड़ाव होने के कारण कार्यवाही नहीं हो पा रही है।

लोगों ने नाम ना छापने के की शर्त पर बताया कि भाजपा नेता द्वारा यह अवैध शराब का कारोबार किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर पालिका में भ्रष्टाचार की बहार, जब से आये अब्दुल गफ्फार : भाजपा पार्षद अजय यादव




**समय जगत, टीकमगढ़।** नगर पालिका में शुक्रवार को बजट बैठक के दौरान जमकर हंगामा हुआ। स्थिति तब बिगड़ गई जब भाजपा पार्षद और कांग्रेस पार्षद के बीच बहस हुई और गुस्से में आकर भाजपा पार्षद ने कुर्सी फेंक दी। इस शोर-शराबे और विवाद के बीच ही नगर पालिका का वार्षिक बजट पारित कर दिया गया। नगर पालिका ने वित्तीय वर्ष के लिए 2 अरब 50 करोड़ रुपए से अधिक का बजट पेश किया। बैठक में वार्ड नंबर 18 के भाजपा पार्षद अजय यादव ने अपने वार्ड की नाली और सड़क निर्माण के टेंडर बजट में शामिल न होने पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए नाराजगी जाहिर की। इसी दौरान उनकी कांग्रेस पार्षद अरविंद रजक से तीखी बहस हो गई, जिससे उत्तेजित होकर यादव ने कुर्सी उठाकर फेंक दी। अन्य पार्षदों ने हस्तक्षेप कर मामले को शांत कराया।बही पार्षद अजय यादव द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाए पार्षद अजय यादव द्वारा बताया गया के अध्यक्ष को सिर्फ कमीशन चाहिए और अपने क्रेशर की गिट्टी बजरी लगवाओ नहीं तो कोई काम नहीं होगेबही भाजपा नेता प्रतिपक्ष रानू खरे ने बताया विवाद का मूल कारण अध्यच अब्दुल ग़फ़्फ़ार के द्वारा वार्ड पार्षदों के काम रोके जाना हे जब पार्षद अजय गाड़े के द्वारा कई बार पूछने पर भी जबाब नहीं मिला तो भड़का इसी अवसर की तलास में नगर पालिका अध्यक्ष बैठक में चर्चा बिना किए ही समाप्त कर भागे।

### श्रृंगार कर महिलाओं ने श्रद्धा के साथ मनाया दशा माता पर्व



**समय जगत, धार।** शहर में दशा माता पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने व्रत रखकर सोलह श्रृंगार के साथ दशा माता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। सुबह से ही घरों और मंदिरों में पूजा की तैयारियां शुरू हो गई थीं। महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार दीप प्रज्वलित कर माता की पूजा की और कथा श्रवण किया। पूजा के दौरान भक्ति गीतों और मंगलगान से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सोलह श्रृंगार कर माता की आराधना की और परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और मंगल के लिए प्रार्थना की। कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से एकत्र होकर पूजा-अर्चना कर पर्व की खुशियां मनाई।

### बीएसएफ के उप निरीक्षक सुरेश कुमार यादव को सैन्य सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई



**समय जगत, दतिया।** सीमा सुरक्षा बल बॉर्डर सिक्युरिटी फोर्स (बीएसएफ) में तैनात उप निरीक्षक सुरेश कुमार यादव का पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटा हुआ दिल्ली से उनके पैतृक ग्राम सीतापुर लाया गया। जैसे ही उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और माहौल गमगीन हो गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण, रिश्तेदार और आसपास के क्षेत्रों से लोग अपने वीर सपूत के अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। इस दौरान बीएसएफ टेकनपुर से आई जवानों की टुकड़ी ने पूरे सैन्य सम्मान के साथ उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। जवानों ने शस्त्र झुकाकर अपने साथी को अंतिम सलामी दी और राष्ट्र की सेवा में उनके योगदान को नमन किया। गांव से निकली अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। लोगों ने भारत माता की जय और सुरेश कुमार यादव अमर रहें के नारों के साथ अपने वीर सपूत को भावभीनी विदाई दी। पूरे गांव में शोक और गर्व का मिला-जुला माहौल देखने को मिला। मीडिया से चर्चा करते हुए उनके बचपन के साथी रामजी शर्मा ने बताया कि सुरेश कुमार यादव बचपन से ही देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत थे। वे हमेशा देश सेवा का सपना देखा करते थे और उसी संकल्प के साथ उन्होंने सीमा सुरक्षा बल में भर्ती होकर राष्ट्रसेवा को अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा। अंत में पूरे राजकीय एवं सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी, जिला प्रशासन के अधिकारी, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, थाना प्रभारी रमेश शाक्य सहित परिजन, रिश्तेदार और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके योगदान को नमन किया।

### कलेक्टर द्वारा 1 के खिलाफ की गई कार्यवाही

**दतिया।** कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े ने कलेक्ट्रेट के धर्मार्थ शाखा में पदस्थ सहायक वर्ग-3 श्रीनाथ पटेरिया को अनधिकृत अनुपस्थिति के कारण निलंबित कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार पटेरिया 20 सितम्बर 2025 से बिना अनुमति लगातार ड्यूटी से अनुपस्थित चल रहे थे। उन्हें कारण बताओ नोटिस भी भेजा गया लेकिन वे कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए। जांच के दौरान उनके निवास पर भी ताला लगा मिला। लंबे समय तक अनुपस्थित रहने और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना को शासकीय कर्तव्य के प्रति लापरवाही मानते हुए कलेक्टर ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय दतिया निर्धारित किया गया है।

# गैरतगंज में अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश, 1 आरोपी हुआ गिरफ्तार

## मुख्य आरोपी महिलाएं हैं फरार



**गैरतगंज।** जिले के गैरतगंज नगर में सोने-चांदी की दुकान में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। हालांकि मुख्य आरोपी महिलाएं अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं और चोरी हुए पूरे जेवरात बरामद नहीं हो सके हैं।

जानकारी के अनुसार 28 फरवरी को फ़रियादी गौरव सोनी (32 वर्ष) निवासी किसानी मोहल्ला, गैरतगंज ने थाना गैरतगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रामजानकी मार्केट स्थित उसकी सोने-चांदी की दुकान से पांच अज्ञात महिलाएं सोने के आभूषणों से भरा एक बॉक्स चोरी कर ले गई। मामले में पुलिस ने अपराध क्रमांक 73/26 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस अधीक्षक रायसेन आशुतोष गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे और एसडीओपी बेगमगंज सोनाली गुप्ता के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गैरतगंज डी.पी. लोहिया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण कर आसपास के क़रीब 60 सीसीटीवी कैमरों की फ़ुटेज खंगाले।

जांच में सामने आया कि आरोपी महिलाएं सफ़ेद रंग की होंडा अमेज कार से गैरतगंज आई थीं और घटना के तुरंत बाद उसी कार से वापस चली गईं। तकनीकी साक्ष्य और मुख़बिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम को राजस्थान भेजा गया।

पुलिस ने 12 मार्च 2026 को राजस्थान के बारां जिले से घटना में प्रयुक्त होंडा अमेज कार के साथ वाहन चालक भरत बागरी (32 वर्ष) निवासी ग्राम बमुलियाचकला, थाना अंता जिला बारां (राजस्थान) को गिरफ़्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार आरोपी से करीब 120 ग्राम सोने के आभूषण (लगभग 20 लाख रुपये) तथा घटना में प्रयुक्त कार (करीब 5-6 लाख रुपये) जब्त की गई है। कुल मिलाकर लगभग 25 लाख रुपये की संपत्ति बरामद की गई है।

हालांकि पुलिस का कहना है कि चोरी हुए पूरे जेवरात अभी बरामद नहीं हुए हैं और मुख्य आरोपी पांचों महिलाएं अभी फ़रार हैं, जिनकी पहचान कर ली गई है और उनकी तलाश लगातार जारी है।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी डी.पी. लोहिया, उपनिरीक्षक सुनंदा खरे, उपनिरीक्षक संदीप पवार, सहायक उपनिरीक्षक कफ़ील शेख़, सहायक उपनिरीक्षक सुरेंद्र धाकड़, प्रधान आरक्षक रणविजय राय, आरक्षक भरत दांगी, अजय सिंह राणा तथा शुभम चढ़ार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में आधुनिक जीनोमिक्स पर आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**समय जगत, दतिया।** रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के मात्स्यिकी महाविद्यालय, दतिया में आज आधुनिक जीनोमिक्स और मल्टी-ओमिक्स विश्लेषण में कार्यप्रवाह विषय पर आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ। आईसीएआर राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो द्वारा वित्त पोषित इस उच्च स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को आधुनिक विज्ञान की बारीकियों से रूबरू कराना था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसमें भारत के विभिन्न राज्यों और अलग-अलग विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पांच दिनों तक चले इस सत्र में प्रतिभागियों को जीनोमिक्स के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम शोधों और डेटा विश्लेषण की जटिल प्रक्रियाओं को समझने का अवसर मिला। मात्स्यिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. प्रमोद कुमार पाण्डेय ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा आज का युग डेटा और सटीक विज्ञान का है। जीनोमिक्स और मल्टी-ओमिक्स जैसी तकनीकें न केवल मत्स्य पालन बल्कि कृषि के क्षेत्र में भी क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आपको उन कौशलों से लैस करना है जो आने वाले समय में वैश्विक स्तर पर शोध की दिशा तय करेंगे। मुझे खुशी है कि देश भर के छात्रों ने यहाँ से जो ज्ञान अर्जित किया है वे उसे अपने संबंधित संस्थानों में नवाचार के लिए उपयोग करेंगे। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।विभिन्न राज्यों से आए छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे इस कार्यशाला ने उन्हें अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर और विश्लेषण टूल को समझने में मदद की।

कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में प्रशिक्षण समन्वयक पार्थ सारथी त्रिपाठी तथा सह-समन्वयक डॉ. अनुज त्यागी और डॉ. नीलेश कुमार की भूमिका सराहनीय रही।

कार्यक्रम का संचालन गणेश कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक, वैज्ञानिक और कर्मचारी उपस्थित रहे। कायक्रम के सफल आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया है कि दतिया स्थित यह महा विद्यालय मत्स्य विज्ञान और आधुनिक शोध के क्षेत्र में एक नए केंद्र के रूप में उभर रहा है।

**पीताम्बरा पीठ के बाहर लगता भिखारियों का जमावड़ा : दतिया।** पीतांबरा पीठ मंदिर के उत्तर द्वार के पास सड़क किनारे बैठे भिखारी प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं। मंदिर के पास दिन भर श्रद्धालुओं और वाहनों की भारी आवाजाही रहती है, इसके बावजूद कई भिखारी बीच सड़क पर बैठकर भीख मांगते नजर आ रहे हैं।

## रघुवंश परमार्थ सेवा ट्रस्ट का होली मिलन समारोह 15 मार्च को

**गंजबासौदा।*** श्री रघुवंश परमार्थ सेवा ट्रस्ट द्वारा रंगपंचमी और होली उत्सव के उपलक्ष्य में होली मिलन समारोह का आयोजन 15 मार्च रविवार दोपहर 3 बजे किया गया है। यह कार्यक्रम बरेठ रोड स्थित रघुवंशी धर्मशाला में आयोजित होगा।

ट्रस्ट के अध्यक्ष रामकृष्ण रघुवंशी (राजखेड़ा ठेकेदार) ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर समाज के सभी स्वजातीय बंधु एकत्रित होकर होली और रंगपंचमी का पर्व पारंपरिक उत्साह के साथ मनाएंगे। समारोह में आपसी प्रेम और भाईचारे के प्रतीक के रूप में सभी को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी जाएंगी। वही समाज के उत्थान, विकास एकता को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की जाएगी। उन्होंने समाज के सभी स्वजातीय बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है, ताकि इस पावन पर्व के माध्यम से समाज में एकता, प्रेम और सौहार्द का संदेश और मजबूत हो सके।

**न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ चीचली वृत्त कोलार भोपाल म.प्र.**

प्रकरण क्रं.

**इश्तहार**

आवेदक सूर्य प्रकाश त्रिपाठी व जूही त्रिपाठी आ./पत्नि धिरेन्द्रनाथ त्रिपाठी निवासी ग्राम सलैया द्वारा ग्राम सलैया स्थित खसरा नंबर 1.193, 194 व अन्य क्षेत्रफल 134.96 वर्गमीटर का विक्रयपत्र/फौती/वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 26/03/2026 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील कोलार जिला भोपाल**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै आशिक उईके पिता श्री बंशीलाल उईके, निवासी - देवपिपरिया, पोस्ट - रतेडाकला तहसील - आमला, जिला - बैतूल म.प्र., मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम आशीष उईके त्रुटिवंश दर्ज हो गया है, जो कि गलत है, मेरे जन्म प्रमाण पत्र, 10 वी अंकसूची व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम आशिक उईके पिताश्री बंशीलाल उईके दर्ज है, जो कि सही व सत्य है, अत: प्रकाशन उपरांत मेरे आधार कार्ड व शासकीय / अशासकीय दस्तावेजों मे मेरा नाम आशिक उईके पिता श्री बंशीलाल उईके (Aashik Uikey S/o Banshilal Uikey) के नाम से जाना-पहचाना व लिखा-पढ़ा, दर्ज किया जावे।

**पुराना नाम**
**आशीष उईके पिता श्री बंशीलाल उईके**
**Ashish Uikey S/o Banshilal Uikey**
**नया नाम**
**आशिक उईके पिता श्री बंसीलाल उईके**
**Aashik Uikey S/o Banshilal Uikey**

**आम सूचना नाम परिवर्तन**

मैं, आयुष चौरसिया आ. श्री राजकुमार चौरसिया आयु वयस्क, निवासी-सत्यनारायण की घाटी के उपर, नरयावली, नाका वार्ड, सागर, म.प्र. है। परन्तु मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश आयुष चौरसिया आ. श्री राजकुमार चौरसिया (AYUSH CHOURASIA S/O RAJKUMAR CHOURASIA) अंकित हो गया है जो कि गलत है। मेरा वास्तविक सही नाम आयुष चौरसिया आ. श्री राजकुमार चौरसिया (AYUSH CHOURASIYA S/O RAJKUMAR CHOURASIYA) है जो कि मेरे बी.ए. की अंकसूची, पेन कार्ड एवं शैक्षणिक दस्तावेजो में दर्ज होने से प्रमाणित है, जो कि मैं अपने आधार कार्ड में दर्ज करवाना चाहता हूँ।

प्रकाशन उपरांत मेरा नाम आयुष चौरसिया आ. श्री राजकुमार चौरसिया (AYUSH CHOURASIYA S/O RAJKUMAR CHOURASIYA) के नाम से जाना पहचाना व पढ़ा जावे।

**पुराना नाम-आयुष चौरसिया आ. श्री राजकुमार चौरसिया**
**(AYUSH CHOURASIYA S/O RAJKUMAR CHOURASIYA)**

**नया नाम-आयुष चौरसिया आ. श्री राजकुमार चौरसिया**
**(AYUSH CHOURASIA S/O RAJKUMAR CHOURASIA)**

**भवदीय**
**आयुष चौरसिया आ. श्री राजकुमार चौरसिया**
**निवासी-सत्यनारायण की घाटी के उपर, नरयावली, नाका वार्ड, सागर, म.प्र.**

**न्यायालय तहसीलदार वृत्त-3 तहसील-हुजूर जिला भोपाल**

**प्रकरण क्रमांक-0364/अ-6-अ/25-26**
**मौजा-भौरी तहसील हुजूर, भोपाल**

**:: उद्घोषणा पत्र ::**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पीताम्बर केसवानी आत्मज स्व. श्री जानी केसवानी निवासी न्यू बी 31/333, बैरागढ़ भोपाल मप्र द्वारा धारा 115 म.प्र.भू.रा. संहिता की 1959 के तहत ग्राम भौरी स्थित भूमि खसरा क्रमांक 640/1 एंव खसरा 640/2 के अभिलेख में सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। खसरे में दर्ज रकबे के मान से संशोधित करने हेतु एंव वर्तमान खसरे में खसरा क्र. 640/1/1, 640/1/2, एवं 640/1/2/2 के बटान प्रथक से दर्ज होने से अभिलेख अघतन रखने हेतु उपरोक्त प्रकरण में राजस्व निरीक्षक/हल्का पटवारी द्वारा तुलनात्मक पत्रक एंव अक्श प्रस्तावित किया गया है।

2-उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 16.03.2026 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 27.02.2026 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील-हुजूर भोपाल**

**कार्यालय नगरपालिक निगम कटनी (म.प्र.)**

क्रमांक/480 /रा.वि./ना.श./26 — कटनी दिनांक 11/03/2026

**नामांतरण सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि म0प्र0 नगरपालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत निम्नलिखित भवनों पर नाम परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुये है भवन के नाम परिवर्तन पर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अदर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। आपत्ति प्राप्त न होन की दशा मे मात्र कर वसूली हेतु करपजी मे नाम परिवर्तन की कार्याही की जावेगी।

| क्रं. | नाम हस्तांतरक | नाम हस्तांतरिती | नामांतरण का आधार | भवन क्रमांक एवं वार्ड का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मो.महताव, मो.परवेज/मो.वहीद एवं श्री इक्तेशाम अंजुम/मो.महताव | श्री इक्तेशाम अंजुम/मो.महताव | रजि. हकत्यागपत्र | 565 का अंश के संपूर्ण भाग चन्द्रशोखर आजाद वार्ड |
| 2 | श्री रामविशाल जायसवाल, श्री रामप्रताप जायसवाल, श्री रामप्रकाश जायसवाल पिता स्व.मेवालाल जायसवाल एवं श्रीमति गिरजा देवी जायसवाल/स्व.मेवा लाल जायसवाल | श्री रामप्रताप जायसवाल, पिता स्व.मेवा लाल जायसवाल एवं श्रीमति गिरजादेवी जायसवाल/स्व.शिवलाल जायसवाल | रजि. दानपत्र | 95 चन्द्रशोखर आजाद वार्ड |
| 3 | श्री वाजिद अहमद/श्री गुलाम मुर्तजा | मो.सैफ खान/श्री उस्मान खान | रजिस्ट्री | 89 चन्द्रशोखर आजाद वार्ड |
| | धारक श्री गनेश चौधरी/श्री भदैया चौधरी | धारक श्री राकेश चौधरी/स्व.गनेश चौधरी | मृत्युप्रमाणपत्र शपथपत्र | 720 आचार्य विनोवा भावे वार्ड |
| 5 | श्री प्रवीण कुमार बजाज/स्व.सत्यनारायण बजाज एवं श्रीमति संगीता/श्री प्रवीण कुमार बजाज एवं श्री राहुल बजाज/श्री प्रवीण कुमार बजाज एवं श्रीमति मेघा बजाज/श्री राहुल बजाज | श्री मनीष कुमार जैन/श्री कमल कुमार जैन् एंव श्रीमति पूजा जैन/श्री मनीष कुमार जैन | रजिस्ट्री | 23 का अंश भाग आचार्य विनोवा भावे वार्ड |
| 6 | श्री वीरेन्द्र कुमार राजर्षि/स्व.विलन्दमल, श्री बृजकिशोर अग्रवाल/श्री द्वारका प्रसाद ,श्रीमति सरिता अग्रवाल/श्री सुबोध कुमार | श्री दिलीप कुमार साहू/श्री राधेलाल साहू | रजिस्ट्री | 1271 का अंश भाग आचार्य विनोवा भावे वार्ड |
| 7 | श्री पवन कुमार चौधरी/श्री गया प्रसाद चौधरी | श्री मनोज कुमार यादव/श्री राधेश्याम यादव | रजिस्ट्री | 216 आचार्य विनोवा भावे वार्ड |
| 8 | श्री पुरूषोत्तम लाल दुबे/श्री रामकुमार दुबे | श्री मति जवित्री सिंह रौठार/श्री बालकरन सिंह | रजिस्ट्री | 360 रफी अहमद किदवई वार्ड |
| 9 | श्री जय प्रकाश सिंह/श्री योगेन्द्र सिंह बघेल | श्रीमति मनीषा गेलानी/श्री अनिल कुमार गेलानी | रजिस्ट्री | 916 का अंश भाग पं.दीनदयाल उपाध्याय वार्ड |
| 10 | श्री वीरेन्द्र कुमार शर्मा/श्री छोटेलाल शर्मा | श्रीमति संध्या शर्मा/स्व.वीरेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री अक्षत शर्मा पुत्री रिषिका शर्मा पिता श्री वीरेन्द्र कुमार शर्मा | रजिस्ट्री | 454 पं.दीनदयाल उपाध्याय वार्ड |

राजस्व अधिकारी
नगरपालिक निगम कटनी

**कार्यालय नगर परिषद बेटमा जिला इन्दौर (म.प्र.)**

cmobetma@mpurban.gov.in फोन नम्बर (07322) 299045

क्रमांक. 316/E-Tender/BET/2025-26 — बेटमा दिनांक 10.03.2026

**(ई-निविदा आमंत्रण)**

एतद् द्वारा समस्त समक्ष श्रेणी पंजीकृत ठेकेदार/फर्म/सप्लायरों को सूचित किया जाता है कि, निम्नलिखित कार्य/सामग्री की निविदा ऑनलाईन ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधी एवं अनुमानित लागत | निविदा प्रारूप का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_489130_1 | Providing, Supplying, Fixing, Testing and Commissioning 5 Star Rating 1.5 ton Capacity AC (2 Nos) with Complete Installation work at nagar Parishad Betma Office (as per BOQ) | 120000/- 15 Days | 2000/- 1200/- | 23.03.2025 05:30 PM |

नोटः- उपरोक्त निविदा के Amendments केवल वेबसाईट पर ही Corrigendum/addendum details अंतर्गत प्रकाशित किये जावेंगे। अन्य विवरण उपरोक्त पोर्टल पर अथवा कार्यालय में कार्यालयीन समय पर देखे जा सकते है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बेटमा
जिला इन्दौर

# पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने सरकार है प्रतिबद्ध : मंत्री निर्मला भूरिया



**समय जगत, झाबुआ।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) के अंतर्गत नवाचार के रूप में पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करने तथा ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन राजगढ़ नाका स्थित मैदान में महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया की उपस्थिति में किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में खेल भावना को बढ़ावा देना, युवाओं को खेलों के माध्यम से सशक्त बनाना तथा पारंपरिक खेल कबड्डी को पुनः लोकप्रिय बनाना है। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। फाइनल मैच से पूर्व मंत्री सुश्री भूरिया ने मैदान में पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि यह मैदान आज खेलकूद प्रतियोगिताओं का महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है, जहां खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है और इसी क्रम में आज जिले में कबड्डी प्रतियोगिता का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि ये खिलाड़ियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त और सक्षम बनाते हैं। इन्हीं खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा निरंतर प्रयास और निर्णय लिए जा रहे हैं। मंत्री सुश्री भूरिया ने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आव्हान करते हुए कहा कि आपके उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखकर अन्य युवा भी खेलों के प्रति प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। हमें उम्मीद है कि जिले की प्रतिभाएं आगे निकलकर आएंगी और राज्य, राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार और प्रशासन सदैव तत्पर हैं।

### रमजान के चौथे जुमा की हुई नमाज

# शाही जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग हुए शामिल



**सारंगपुर ।** शहर में स्थित शाही जामा मस्जिद में शुक्रवार को रमजान के चौथे जुमा की नमाज अदा की गई। शाही जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग रमजान के जुमे पर पहुंचे। लोगों ने बताया कि रमजान के पवित्र महीने का यह आखिरी अशरा है। आज रमजान का आखिरी जुमा भी हो सकता है, जिसे अलविदा जुम्मा के नाम से जाना जाता है। यह सिर्फ महीने का आखिरी हिस्सा नहीं, बल्कि आत्म-मंथन, इबादत और इंसानियत के प्रति अपने कर्तव्यों को याद करने का दिन है। मस्जिदों में उमडी भीड ने अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी, आखिरत की मगफिरत और दुनिया में सुख-चैन के लिए दुआएं मांगीं। रमजान का आखिरी हिस्सा इस बात का भी संकेत देता है कि एक महीने की इबादत के बाद ईद की खुशियां अब करीब हैं। यह रमजान का चौथा जुमा था, जिस पर नमाज पढी गई। जुमा खुशी का अवसर है, जब अल्लाह की इबादत की जाती है। इस महीने की इबादत का दर्जा अल्लाह 10 गुना देता है। इस्लामिक कैलेंडर में इस दिन की अहमियत बहुत खास है, क्योंकि यह इबादत की उस कडी का आखिरी हिस्सा है जो पूरे महीने चलती है। इस दिन जकात और जरूरतमंदों की मदद पर विशेष जोर दिया जाता है, जो इंसानियत के सबसे बड़े धर्म को दर्शाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएचसी बीनागंज में एचपीवी टीकाकरण



**समय जगत बीनागंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीनागंज में एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण किया गया। अनुविभागीय अधिकारी चाचौड़ा रवि मालवीय के द्वारा एचपीवी टीकाकरण के प्रमाण पत्र वितरण किए। श्री मालवीय द्वारा बीएमओ की उपस्थिति में टीकाकरण हेतु उपस्थित बालिकाओं से HPV संबंधी चर्चा कर उन्हें जागरूक किया। टीकाकरण पश्चात् बीएमओ ,बीईओ, बीआरसी की उपस्थिति में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बीनागंज में अनुभाग के समस्त जनशिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। सभी उपस्थित शिक्षकों को HPV टीकाकरण हेतु पात्र बालिकाओं की सहभागिता बढ़ाने हेतु पालक-शिक्षक संघ की बैठक आहुत कर ,उनके माता-पिता को समझाइश देकर एचपीवी के बारे में जागरूक करने हेतु निर्देशित किया।

### पांढुरना में 19 अप्रैल को होगा मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह

**पांढुरना।** जिला पांढुरना में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह / निकाह का आयोजन 19 अप्रैल रविवार को प्रात: 9 बजे कृषि उपज मंडी समिति शेड परिसर पांढुरना में किया जाएगा। यह आयोजन जनपद पंचायत पांढुरना तथा नगर पालिका परिषद पांढुरना के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा।

**पात्रता एवं आवश्यक शर्तें :** योजना में शामिल होने के लिए वधु एवं उसके अभिभावक गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले होना चाहिए तथा उनका बीपीएल पोर्टल पर सत्यापन अनिवार्य है। वधु और उसके अभिभावक मध्यप्रदेश के मूल निवासी होना आवश्यक है। वधु की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा वर की न्यूनतम आयु 21 वर्ष निर्धारित की गई है।

इसके अलावा कानूनी रूप से तलाकशुदा परित्यक्ता महिलाएं भी इस योजना के अंतर्गत पात्र होंगी। साथ ही मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत श्रमिकों की पुत्रियाँ भी इस सामूहिक विवाह ध् निकाह कार्यक्रम में शामिल हो सकती हैं।

**प्रत्येक पात्र वधु को मिलेंगे 49 हजार रुपये :** योजना के अंतर्गत विवाह कार्यक्रम में शामिल होकर विवाह सम्पन्न कराने वाली प्रत्येक पात्र कन्या, विधवा (कल्याणी) या परित्यक्ता वधु को शासन द्वारा 49,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

**2 अप्रैल तक कराना होगा पंजीयन :** 19 अप्रैल को आयोजित होने वाले इस सामूहिक विवाह ध् निकाह कार्यक्रम में शामिल होने के इच्छुक ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र के परिवार जनपद पंचायत पांढुरना में 2 अप्रैल सायं 5.30 बजे तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत कर विवाह पंजीयन करा सकते हैं। योजना से संबंधित अधिक जानकारी संबंधित ग्राम पंचायत सचिव से प्राप्त की जा सकती है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### जिले की मदिरा दुकानों के समूहों का तृतीय चरण में ई-टेंडर जारी

**समय जगत, झाबुआ।** आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये शासन द्वारा घोषित आबकारी नीति के अनुसार झाबुआ जिले में प्रथम चरण (बैंच 1, बैंच 2, एवं बैंच 3) एवं द्वितीय चरण में शेष रहे 08 समूहों में शामिल 29 मदिरा दुकान का निष्पादन नहीं होने से तृतीय चरण हेतु पुर्नगठन कर 06 समूह कमश: मदरानी समूह झाबुआ-2, झाबुआ समूह झाबुआ-3, कल्याणपुरा समूह झाबुआ-4, मेघनगर समूह झाबुआ-5, थांदला समूह झाबुआ-6, पेटलावद समूह झाबुआ-7, को वर्ष 2025-26 के वार्षिक मूल्य में 20 प्रतिशत वृद्धि कर वर्ष 2026-27 के लिए आरक्षित मूल्य पर ऑन लाईन ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से निष्पादन किया जाना है। ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) तृतीय चरण में ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) हेतु ऑनलाइन टेण्डर प्रपत्र डाउन लोड एवं ऑफ्र सबमिट करने की तिथि 12 मार्च 2026 को प्रात: 1 बजे से 14 मार्च 2026 को दोपहर 4 बजे तक निर्धारित है। आवेदकों को ई-आबकारी पोर्टल पर वर्ष 2026-27 हेतु कॉन्ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन मॉडयूल के अंतर्गत पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।

# सांप काटने जैसे जटिल मामलों में ऑल इज़ वेल के डॉक्टरों को मिली बड़ी सफलता



**समय जगत, बुरहानपुर।** बुरहानपुर ग्रामीण क्षेत्रों में सांड के हमले और सांप काटने जैसे जटिल मामलों में ऑल इज़ वेल के डॉक्टरों को बड़ी सफलता मिली है। इस सफलता को रिसर्च अंतरराष्ट्रीय जर्नल में दर्ज किया गया है। यह हादसे कई बार गर्भवती महिलाओं के लिए अत्यंत खतरनाक साबित होते हैं। ऐसे ही दो गंभीर मामलों में शहर के मध्य भारत के सबसे बड़े मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ऑल इज़ वेल के डॉक्टरों ने समय रहते इलाज कर दो गर्भवती महिलाओं की जान बचाने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। इस महत्वपूर्ण चिकित्सा कार्य को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना मिली है और इस केस स्टडी को अंतर्राष्ट्रीय रिसर्च जर्नल की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया है। हॉस्पिटल के चिकित्सकों के अनुसार पहला मामला 24 वर्षीय गर्भवती महिला का था, जिस पर एक सांड ने हमला कर दिया था। हमले के कारण उसके पेट और गर्भाशय में गंभीर चोट आई और अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। हॉस्पिटल पहुंचने पर महिला की स्थिति अत्यंत गंभीर थी और वह हेमोरेजिक शॉक की अवस्था में पहुंच गई थी। ऐसे में डॉक्टरों की टीम ने तुरंत आपातकालीन उपचार शुरू किया, रक्त चढ़ाया गया और सर्जरी के माध्यम से रक्तस्राव को नियंत्रित किया गया। समय पर किए गए उपचार से महिला की जान बचाने के साथ-साथ गर्भाशय को भी सुरक्षित रखा गया। दूसरा मामला 22 वर्षीय गर्भवती महिला का था, जो गर्भावस्था के लगभग 12वें सप्ताह में थी। उसे जहरीले सांप कॉमन क्रेट ने काट लिया था, जिसके कारण उसके शरीर में तेजी से जहर फैल गया और उसे सांस लेने में गंभीर परेशानी होने लगी। डॉक्टरों ने तुरंत उसे वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा और एंटी-स्नेक वेनम सहित आवश्यक उपचार शुरू किया। लगातार निगरानी और गहन चिकित्सा देखभाल के बाद महिला की स्थिति में सुधार हुआ और उसकी जान बचाई जा सकी। इस उपचार प्रक्रिया में डॉ. मोनिश गुप्ता (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ) और डॉ. दिव्यांश लाड़ (इंटरनल मेडिसिन विशेषज्ञ) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। हॉस्पिटल की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती देवांशी चौकसे ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे हादसे अचानक सामने आते हैं, इसलिए समय पर हॉस्पिटल पहुंचना और विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा मिलना बेहद आवश्यक होता है।

# कोरबारा पंचायत में बिजली के झूलते तारों से ग्रामीणों को मिली राहत




**समय जगत, उचेहरा।** कोरबारा पंचायत के ग्रामीण बीते दिन विद्युत समस्या से परेशान हो कर कनिष्ठ यंत्री अनुराग पांडेय को ज्ञापन सौंपते कहा था कि गांव में लगभग तीन माह से ट्रांसफार्मर जला पड़ा है, जिसके कारण नियमित रूप से बिजली की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इसके बावजूद उपभोक्ताओं को बिजली के बिल लगातार प्राप्त हो रहे हैं, ग्रामीणों ने यह भी ज्ञापन के माध्यम से बताया था कि कोरबारा के झुरखुलू क्षेत्र में लाइट काफी डिम रहती है और कई स्थानों पर विद्युत तार झूलते हुए दिखाई दे रहे हैं। झूलते तारों के कारण आए दिन दुर्घटना होने की आशंका को दोहराया था। खबर को तत्काल संज्ञान में ले कनिष्ट यंत्री ने अपने अधीनस्थ स्टाफ को मौके पर भेज यथा सम्भव झूलते तारों को ठीक कराते जल्द ही बकाया बिल जमा करने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। जिससे महीनों से ट्रान्सफार्मर न बदले जाने से लाइट की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को राहत मिल सके।

# नरसिंहगढ़ में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन, सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने का लिया संकल्प



**समय जगत, दमोह ।** नरसिंहगढ़ स्थित औद्योगिक इकाई में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह-2026 का समापन समारोह अत्यंत उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन यूनिट हेड श्री सुरेश दुबे और इकाई की वरिष्ठ नेतृत्व टीम की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

**सुरक्षा एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन जीने का तरीका: यूनिट हेड :** समारोह को संबोधित करते हुए यूनिट हेड सुरेश दुबे ने कर्मचारियों और अनुबंध श्रमिकों को इस वर्ष के विषय सुरक्षा संस्कृति को बढ़ाने के लिए लोगों को शामिल करें, शिक्षित करें और सशक्त बनाएं को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, सुरक्षा सप्ताह केवल सात दिनों का आयोजन नहीं है, बल्कि यह एक निरंतर चलने वाली प्रतिबद्धता है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सुरक्षा के प्रति हमारा समर्पण हमारे दैनिक व्यवहार और कार्यशैली में पूरे वर्ष स्पष्ट रूप से दिखाई दे। सुरक्षा प्रमुख चिराग गजेरा के नेतृत्व में सप्ताह भर सुरक्षा जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त करना था। हॉट वर्क सेफ्टी, अग्निशमन प्रदर्शन और आपातकालीन बचाव हेतु मॉक ड्रिल जैसे प्रशिक्षण इसमें शामिल रहे। बिहेवियर बेस्ड सेफ्टी पर फिल्म प्रदर्शन हुआ। ऑनलाइन/ऑफलाइन क्विज़, पोस्टर मेकिंग (बच्चों के लिए), और पीपीई पहनने की प्रतियोगिता। आयोजित की गई। ज़ोन-वार हाउसकीपिंग अभियान और स्पॉट द हजार्ड (खतरा पहचानो) प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। बच्चों के लिए आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी कला के माध्यम से सुरक्षा का संदेश दिया। समारोह का समापन एक विशाल सुरक्षा रैली के साथ हुआ, जिसमें प्रबंधन, कर्मचारियों और अनुबंध कर्मियों ने एकजुट होकर सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ ली। यह रैली सामूहिक प्रतिबद्धता और एक मजबूत व सुरक्षित कार्य वातावरण के निर्माण के संकल्प के साथ संपन्न हुई।

# पांढुरना में अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई गिट्टी से भरे वाहन को किया गया जब्त



**(देवेन्द्र खुरसंगे) पांढुरना ।** कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को खनिज विभाग की टीम ने पांढुरना तहसील क्षेत्र में आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पांढुरना-बनगांव मार्ग पर रेलवे फाटक के पास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली द्वारा गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए पाया गया। जांच में वाहन बिना नंबर का सोनालिका डीआई ट्रैक्टर-ट्रॉली पाया गया, जिस पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए वाहन को जप्त कर लिया गया। जप्त किए गए ट्रैक्टर-ट्रॉली को खनिज सहित पुलिस थाना पांढुरना परिसर में शासकीय अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है। वाहन द्वारा खनिज नियमों का उल्लंघन करते हुए अवैध परिवहन किए जाने पर संबंधित प्रकरण दर्ज किया गया है। साथ ही नियमानुसार जुर्माना अधिरोपित करने के लिए प्रकरण कलेक्टर न्यायालय पांढुरना के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इस कार्रवाई में सहायक खनि अधिकारी महेश नागपुरे सहित खनिज विभाग का संयुक्त अमला मौजूद रहा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफइसी प्रकार सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### विश्व किडनी दिवस के अवसर पर जागरुकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**बुरहानपुर।** निमाड़ क्षेत्र के सबसे बड़े मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ऑल इज़ वेल द्वारा विश्व किडनी दिवस के अवसर पर शुक्रवार, 13 मार्च को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को किडनी से संबंधित बीमारियों और उनकी रोकथाम के बारे में जागरूक करना था। इस अवसर पर हॉस्पिटल के सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. मधुर मनियार ने किडनी की सुरक्षा विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि किडनी के मरीजों में यदि नियमित रूप से सप्ताह में तीन बार डायलिसिस कराया जाए, तो कई जटिलताओं को टाला या देर से होने दिया जा सकता है। साथ ही उन्होंने किडनी ट्रांसप्लांट को भी एक प्रभावी उपचार विकल्प बताया और इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. मनियार ने विशेष रूप से डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को सावधानी बरतने की सलाह दी, क्योंकि ये दोनों बीमारियां किडनी पर सीधा असर डालती हैं। उन्होंने संतुलित आहार, नियमित जांच और समय पर उपचार को किडनी की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किडनी रोगी और उनके परिजन उपस्थित रहे।

# कुशवाह समाज नवयुवक मंडल द्वारा निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन किया गयाआयोजित



**सुनील मेघाया समय जगत,बेटमा।** कुशवाह समाज नवयुवक मंडल निःशुल्क सामूहिक विवाह समिति मालवप्रान्त द्वारा 19 वें सामूहिक विवाह सम्मेलन में 9 जोड़ों का विवाह बेटमा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में नगर में कलश यात्रा निकाली गई यात्रा कुशवाह मोहल्ला से राजवाड़ा, पूरा बाजार होते हुए कचहरी प्रांगण पहुंची तत्पश्चात पांडाल में 9 जोड़ों का पाणिग्रहण और विवाह संस्कार पं. सुशील उपाध्याय के द्वारा करवाया गया। कार्यक्रम की मुख्य पूजा यजमान संदीप चौहान और समिति के अध्यक्ष कुलदीप कुशवाह के द्वारा की गई। नवयुगलों को समिति की तरफ से बर्तन, मंगलसूत्र, बिछुड़ी भेंट किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शशि जायसवाल, नगर परिषद सीएमओ रंजना गोयल, भाजपा मंडल अध्यक्ष सोहनसिंह पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष मलखान सिंह पंवार, सांसद प्रतिनिधि नीलेश उपाध्याय, सुनैना तरुण बियानी, जितेंद्र जोशी, नीलेश चौहान बर्फ, सूर्यपाल धामंदीया, पुरुषोत्तम सिसौदिया, दुलीचंद सिसोदिया, राम श्याम सुलाखिया और अन्य अतिथियों ने भी उपहार भेंट किए। समाज की प्रतिभाओं और वरिष्ठजनों का सम्मान भी सामूहिक विवाह समिति के द्वारा किया गया जिसमें बोर्ड कक्षाओं एवं डिग्री डिप्लोमाधारी तथा खेल या अन्य विद्या में समाज का नाम रोशन करने वाले बच्चों और समाजजनों को साथ ही मालवा कप क्रिकेट के विजेता एवं उपविजेता टीमों को भी पुरस्कृत किया गया अतिथियों और उपस्थित समाजजनों ने नवदम्पत्तियों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन सतीश चौहान, विजय मंडलोई ने किया और आभार समिति अध्यक्ष कुलदीप कुशवाह ने व्यक्त किया।

# सात दिवस में डॉक्टर की नियुक्ति नहीं हुई तो होगा उग्र आंदोलन



**समय जगत, माचलपुर ।** नगर में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में फैली अव्यवस्थाओं और स्थाई डॉक्टर की नियुक्ति सहित विभिन्न दस सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन शुक्रवार को जन कल्याण समिति के माध्यम से टप्पा कार्यालय जाकर गिरदावर राजेंद्र बरदानिया को सौंपा गया । नगर में कई माह से जनप्रतिनिधियों की उदासीनता स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ थे। दो डॉक्टरों में से एक का ट्रांसफर हो गया। वहीं दूसरी महिला डॉ पायल पाटीदार ने सत्ता के नेताओं को ठेंगा दिखाकर संभाग के करवा अटेचमेंट करवा लिया । तभी से स्वास्थ्य केंद्र अस्थाई डॉक्टरों के भरोसे चल रहा है। इस व्यवस्था से नगर में आक्रोश व्याप्त था और व्यवस्था को सुधारने के लिए जन कल्याण समिति ने बैठक कर लोगों की आवाज उठाते हुए क्रमबद्ध तरीके से आंदोलन शुक्रवार से शुरू किया। जिसके तहत सभी लोग पुरानी बस स्टैंड स्थित बालाजी मंदिर मे एकत्रित होकर ढोल के साथ स्वास्थ्य विभाग मुर्दाबाद अभी तो अंगड़ाई है आगे और लड़ाई है आदि नारे लगते हुए नगर के विभिन्न मार्गो से होकर तहसील कार्यालय पहुंचे। जहां कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें चौबीसों घंटे डॉ की नियुक्ति हो साथ महिला डॉ की व्यवस्था की जाये, स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय से रिक्त प्रशिक्षित ड्रेसर के पद पूर्ति,स्वास्थ्य केंद्र दिन रात प्रकाशित स्टॉप नर्सो की व्यवस्था सुनिश्चित की जावे । बच्चों के लिये स्टीम मशीन की व्यवस्था, स्वास्थ्य केंद्र में स्थित सौर ऊर्जा प्लांट जो दो वर्ष से बंद पड़ा उसे चालू करवाया जावे,केजुअल्टी के लिये स्वास्थ्य केंद्र में कंपाउंडर हो वही स्वास्थ्य केंद्र में कुलर पंखे व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हो साथ स्वास्थ्य केंद्र की सुरक्षा को देखते हुये 24 घंटे दो सुरक्षा गार्ड की तैनाती सहित रोगी कल्याण समिति की बैठक कर समस्त आय व्यय का विवरण सार्वजनिक किया जावे। उक्त मागें सात दिवस में पूरी नहीं होने, व्यवस्थाओं में सुधार नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

# जिला, पुलिस और निगम प्रशासन की संयुक्त कार्यवाही

- मॉं नर्मदा के पावन तटों पर श्रद्धालुओं को आने-जाने में न हो कोई असुविधा, छोटी लाइन से गौरीघाट तक का मार्ग हुआ अतिक्रमण मुक्त
- नगर निगम के अतिक्रमण विभाग के द्वारा सुबह से लेकर शाम तक की गई कार्यवाही, क्षेत्रीय व्यापारियों और नागरिकों ने निगम की कार्यवाही को सराहना
- शहर के अन्य मार्गों, चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर भी अतिक्रमण मुक्त करने व्यवस्थित रूप से चलाया जायेगा अभियान, निगमायुक्त ने अतिक्रमण विभाग के दल प्रभारियों को समक्ष में बुलाकर दिये निर्देश
- क्षेत्रीय जनों और लघु व्यापारी वर्ग के लोगों से भी कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और निगमायुक्त ने सड़कों के किनारे अतिक्रमण न करने और न ही दुकान लगाने की अपील की है



**समय जगत, जबलपुर।** मां नर्मदा के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने छोटी लाइन फाटक से गौरीघाट तक के मार्ग को दिन-रात कार्यवाही कर अतिक्रमण मुक्त कर दिया है। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में गौरीघाट रोड़ के अलावा शहर के अन्य क्षेत्रों में भी ताबड़तोड़ कार्रवाई हुई । इस संबंध में अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से ने बताया कि सड़क किनारे बेतरतीब फैले अतिक्रमण के कारण श्रद्धालुओं को घंटों जाम से जूझना पड़ता था। विशेषकर पर्वों और महत्वपूर्ण तिथियों पर पैदल यात्रियों और वाहनों की आवाजाही कठिन हो जाती थी। नगर निगम के अतिक्रमण विभाग ने सुबह से शाम तक मुस्तैदी दिखाते हुए फुटपाथों और सड़कों को साफ कराया, जिससे अब यह मार्ग काफी चौड़ा और व्यवस्थित नजर आ रहा है।

अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से ने बताया कि इसी प्रकार मदन महल पहाड़ी, आई.टी.आई. चौक, माढ़ोताल, खेरमाई मंदिर, सुपताल से त्रिपुरी चौक तक, अहिंसा चौक से दीनदयाल चौक तक अवैध ठेले टपरे जब्त किये गए और अस्थाई टीन शेड अलग किए गए।

क्षेत्रीय व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने निगम की इस कार्रवाई की खुले दिल से सराहना की है। नागरिकों का मानना है कि मार्ग साफ होने से न केवल पर्यटन बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय व्यापार में भी सुगमता आएगी। निगमायुक्त ने अतिक्रमण विभाग के दल प्रभारियों की बैठक लेकर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यह अभियान केवल एक मार्ग तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि शहर के सभी व्यस्ततम चौराहों को व्यवस्थित कराने की मुहीम चलाई जाये। इसके साथ-साथ प्रतिदिन अलग अलग दल प्रभारियों को अलग अलग मार्गो पर भेजकर शहर के सभी मार्गो, लेफ्ट टर्न और अन्य सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। पार्कों और मैदानों के आसपास से अवैध कब्जे हटाए जाएंगे। हटाए गए स्थानों पर दोबारा अतिक्रमण न हो, इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। कलेक्टर , पुलिस अधीक्षक और निगमायुक्त ने शहर के सभी लद्यु व्यापारियों एवं क्षेत्रीयजनां से अपील की है कि सड़कों के किनारे और लेफ्ट टर्न में दुकान न लगाऍं और निगम प्रशासन के अभियान को सहयोग प्रदान करें और यातायात व्यवस्था में सहयोग प्रदान करें।

## जॉय एजुकेशन सोसाइटी को वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत करने नगर निगम ने जारी किया नोटिस




**समय जगत, जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार शहर की विकास प्रक्रिया और सरकारी संपत्तियों के सुव्यवस्थित प्रबंधन के तहत, नगर निगम ने जॉय एजुकेशन सोसाइटी को लीज पर दी गई भूमि के संबंध में दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की है। नगर निगम प्रशासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आवंटित भूमि का उपयोग तय की गई शैक्षणिक शर्तों के अनुसार ही हो रहा है। सोसाइटी को अपना पक्ष रखने और सभी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने का उचित अवसर दिया गया है। नगर निगम के संपदा विभाग के अनुसार, यह एक नियमित प्रक्रिया का हिस्सा है जहां समय-समय पर लीज शर्तों की समीक्षा की जाती है। सोसाइटी के पदाधिकारियों को 13 मार्च 2026 को आयुक्त कार्यालय में आमंत्रित किया गया है, ताकि वे अपने कार्यों और दस्तावेजी प्रमाणों के माध्यम से स्थिति स्पष्ट कर सकें। 13 मार्च तक यदि वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये जाते हैं तो नगर निगम द्वारा एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉक्टर कठेरिया द्वारा बुजुर्ग महिला का किया गया सफल ऑपरेशन,परिजनों ने डॉ.सहित पूरी टीम को दिया धन्यवाद



**समय जगत, राजगढ़।** जिला अस्पताल में आए दिन जहां लापरवाही और अव्यवस्थाओं को लेकर एवं रेफर के मामलों की हमेशा बात की जाती है वहीं कुछ मामले ऐसे भी देखने को मिलते हैं, जिससे आमजन में एक आस जगती है कि गंभीर स्थिति के बीच यहां भी अच्छा उपचार मुमकिन है । ऐसा ही एक गंभीर मामला जिला अस्पताल में सामने आया है, जिसमें खिलचीपुर के सोमवारिया में रहने वाली 75 वर्षीय महिला पाचू बाई पति रघुनाथ जो की गंभीर अवस्था में 9 मार्च को खिलचीपुर से राजगढ़ रेफर किया गया था। बुजुर्ग महिला को गाय ने सीने में सींग मारकर गंभीर घायल कर दिया था। जिसे परिजन तुरंत उपचार के लिए खिलचीपुर अस्पताल लेकर गए थे। जहां महिला की गंभीर हालत को देखते हुए तुरंत जिला अस्पताल राजगढ़ के लिए रेफर कर दिया गया जहां राजगढ़ जिला अस्पताल में पदस्थ सर्जन डॉक्टर राजेंद्र कठेरिया द्वारा जांच उपरांत तुरंत ऑपरेशन का निर्णय लेते हुए अपनी टीम तैयार की गई और करीब दो घंटे चली जटिल सर्जरी के बाद महिला की जान बचाने में सफलता हासिल की। इस सफल आपरेशन में महिला की हालत में सुधार है और वह खतरे से बाहरहैं। वहीं सफल ऑपरेशन के बाद महिला के साथ आए परिजनों द्वारा डॉक्टर राजेंद्र कठेरिया व उनकी पूरी टीम की प्रशंसा की गई ब पूरी टीम का धन्यवाद दिया गया।

### पूर्व प्रभारी मंत्री जयवर्धन सिंह का आज सारंगपुर दौरा कार्यकर्ता करेंगे स्वागत



**सारंगपुर।** प्रदेश के पूर्व कैबिनेट एवं जिले के पूर्व प्रभारी मंत्री जयवर्धन सिंह लंबे समय के बाद सारंगपुर विस क्षेत्र में आज आएंगे। जिनका सारंगपुर आगमन पर कांग्रेसियों के द्वारा स्वागत किया जाएगा। जानकारी देते हुए डॉ. राघवेंद्र पंवार ने बताया कि पूर्व मंत्री श्रीसिंह भोपाल से रवाना होकर तलेन होते हुए सारंगपुर विस के ग्राम टिकोद, करोंदी पहुंचेंगे। जहां कांग्रेसियों के द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। इसके बाद वह पिपलोदा, मंगलाज, बूडलाय, सलसलाई, सारंगपुर पहुंचेंगे। उसके बाद शादीपुरा स्थित कराडा फैक्ट्री में उनका आगमन होगा। उनके स्वागत की अपील कांग्रेस नेता प्रदीप जैन, ब्लाक अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, रामचंद्र नागर, बनवारीलाल मालवीय, मोहम्मद अली, नंदलाल नागर, प्रदीप सादानी, अभयसिंह सिसोदिया, घनश्याम मालवीय, मोहन पाल, रमेश कलमोदिया, जसवंत राजपूत ने की है।

### विधायक दिनेश राय मुनमुन ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के निवास पहुंचकर दी श्रद्धांजलि



**समय जगत, सिवनी।** सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने शुक्रवार 13 मार्च को हेमंत खंडेलवाल के निवास, बैतूल पहुंचकर उनकी सुपुत्री के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। इस दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन ने शोक संतप्त परिवार से भेंट कर अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति दें। विधायक मुनमुन ने कहा कि किसी भी परिवार के लिए संतान का असमय निधन अत्यंत पीड़ादायक होता है। उन्होंने भगवान से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार को इस कठिन समय में संबल दें।

### ग्राम खेरासी में 15 मार्च को होगा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन

**समय जगत, राजगढ़।** जिले के ग्राम खेरासी (पोस्ट करेडी) में आगामी 15 मार्च रविवार को भव्य संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम के तहत सुबह 9 बजे श्री राम मंदिर से कथा स्थल तक कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का वाचन होगा। कथा के व्यास प्रेमनारायण (गेहूंखेड़ी वाले) अपने मुखारविंद से श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा का रसपान कराएंगे। आयोजन ग्राम खेरासी, पोस्ट करेडी, तहसील व जिला राजगढ़ (मध्यप्रदेश) में किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर गांव में तैयारियां तेज हो गई हैं और आयोजन स्थल को सजाया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन के आयोजक मांगीलाल तोमर (सरपंच) एवं कुंवर हरिप्रकाश (राजू) सरपंच प्रतिनिधि हैं। साथ ही ग्राम पंचायत खेरासी और क्षेत्रवासियों का सहयोग भी इसमें मिल रहा है। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे परिवार सहित कथा में पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति और ज्ञान का लाभ लें तथा आयोजन को सफल बनाएं।

### इटारसी शहर में गर्मी से पहले ही जल संकट की आहट, वार्ड 12 में 6 ट्यूबवेल बंद — जल्द चालू करने की मांग

**समय जगत, इटारसी।** शहर में गर्मी शुरू होने से पहले ही जल संकट की स्थिति बनती दिखाई दे रही है। वार्ड क्रमांक 12 में पिछले 6 से 7 महीनों से 6 ट्यूबवेल बंद पड़े हैं, जिससे क्षेत्र के नागरिकों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने पूर्व पार्षद रजनीकांत सोनकर के साथ वार्ड 12 में बंद पड़े ट्यूबवेलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिन स्थानों पर ट्यूबवेल बंद पाए गए, उनमें रेलवे लाइन पुलिया, सोनी के मकान के पास, गुरुद्वारा चौराहा, पत्थर वाली गली, काबेरी स्टेट के सामने और काबेरी स्टेट तिराहा शामिल हैं।

## वर्षा की हर बूंद बचाने लगाएं पेड़ : पद्मश्री दाहिया



**समय जगत, उचेहरा।** कभी रोटी कपड़ा और मकान हमारी जरूरत थी पर आज इन तीनों से अधिक जरूरी पानी और हवा की है। यदि आप चाहते हैं कि हमारी आने वाली पीढ़ी को जल संकट से न जूझना पड़े और उन्हें साफ हवा मिले तो इसके लिये आपको ही आगे आना होगा। यदि आप पेड़ लगाते हैं तो इन दोनों समस्याओं का निराकरण हो जाएगा। यह बात जैविक खेती और पर्यावरण संरक्षण के लिये लंबे समय से संघर्ष कर रहे पद्मश्री बाबूलाल दाहिया ने जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत भवन अटरा में आयोजित प्रस्फुटन समितियों के एक दिनी क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा। कार्यक्रम में पांचों प्रस्फुटन समितियों अमदरी, लालपुर, पथरौधा, अटरा और पिथौराबाद के पदाधिकारी, नवांकुर सखियां तथा गांव के जागरूक ग्रामीण उपस्थित रहे। नवांकुर संस्था अध्यक्ष सुरेश दाहिया ने प्रतिभागियों को मप्र जन अभियान परिषद, नवांकुर संस्था और प्रस्फुटन समितियों के गठन के उद्देश्य, उनके काम और समाज से प्रभावी तरीके से जुड़कर गांव समाज के विकास को लेकर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन पद्मश्री बाबूलाल दाहिया द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन मेंटर ओमप्रकाश त्रिपाठी व आभार प्रदर्शन नवांकुर संस्था कोषाध्यक्ष बलीराम सिंह ने किया। इस मौके पर जनअभियान, नवांकुर संस्था के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नि:शुल्क पेंटिंग कर साक्षी ने संवार दी स्कूल की दीवारें बच्चों के लिए बना आकर्षक शैक्षणिक माहौल



**समय जगत, सिवनी।** जनपद पंचायत केवलारी अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला खरपड़िया में शिक्षा के प्रति समर्पण और सामाजिक सहयोग की एक प्रेरणादायक मिसाल सामने आई है। यहां स्कूल की दीवारों को आकर्षक और शिक्षाप्रद बनाने का सराहनीय कार्य साक्षी द्वारा पूरी तरह नि:शुल्क किया गया है। साक्षी ने अपनी रचनात्मकता और मेहनत से स्कूल की दीवारों को सुंदर शैक्षणिक चित्रों से सजा दिया, जबकि इस कार्य में लगने वाला आर्थिक खर्च स्कूल प्रबंधन द्वारा वहन किया गया।

स्कूल की दीवारों पर ग्रहों, मौसम, प्रकृति, फूल, बादल और अन्य शैक्षणिक विषयों से जुड़े रंग-बिरंगे चित्र बनाए गए हैं। इन चित्रों से विद्यालय का वातावरण पहले की तुलना में अधिक आकर्षक, जीवंत और प्रेरणादायक बन गया है। अब छोटे बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ चित्रों के माध्यम से विषयों को समझने में भी आसानी होगी।

ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों में अक्सर संसाधनों की कमी देखने को मिलती है। ऐसे में साक्षी की यह पहल न केवल सराहनीय है बल्कि समाज के लिए प्रेरणादायक भी है। दीवारों पर बनी पेंटिंग्स से बच्चों में रचनात्मकता बढ़ेगी और वे उत्साह के साथ विद्यालय आने के लिए प्रेरित होंगे। साक्षी का कहना है कि प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों का समय उनके मस्तिष्क के विकास का सबसे महत्वपूर्ण चरण होता है। इस उम्र में उन्हें ऐसा वातावरण मिलना चाहिए जो रंगों, रचनात्मकता और उत्साह से भरा हो। रंगीन और सृजनात्मक कक्षा बच्चों की कल्पनाशक्ति और सोचने की क्षमता को विकसित करती है।

ग्रामीणों ने साक्षी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यदि समाज के लोग इसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करें तो सरकारी स्कूलों का माहौल और भी बेहतर बनाया जा सकता है। साक्षी की इस पहल ने यह साबित कर दिया है कि अब स्कूल की दीवारें भी बच्चों को शिक्षा का पाठ पढ़ा रही हैं।

## भाजपा के प्रशिक्षण अभियान की हुई शुरुआत




**इटारसी।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल इटारसी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत नगर मंडल के प्रशिक्षण अभियान की शुरुआत वृंदावन गार्डन में हुई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री सुश्री राजो मालवीय जी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला , संभागीय प्रभारी (प्रशिक्षण वर्ग) भारत सिंह राजपूत ,जयकिशोर चौधरी,नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे ,जिला महामंत्री मुकेश मैना,शैलेंद्र दुबे, गोपाल शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सूरजगंज चौराहे का खतरनाक गड्ढा जल्द भरें , हादसे की है आशंका : राकेश जाधव



**इटारसी।** शहर के व्यस्ततम सूरजगंज चौराहे पर सड़क में बड़ा गड्ढा राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बन गया है। नगर पालिका सभापति राकेश जाधव ने बताया कि इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ऋतु मेहरा को 25 फरवरी को ही अवगत करा दिया गया था, लेकिन आज तक गड्ढे की मरम्मत नहीं कराई गई है। सभापति जाधव ने कहा कि सूरजगंज चौराहा शहर का अत्यंत व्यस्त मार्ग है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में दोपहिया, चारपहिया वाहन और आम नागरिकों का आवागमन होता है। सड़क पर बना यह बड़ा गड्ढा किसी भी समय गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता है। उन्होंने नगर पालिका सीएमओ पर नाराजगी व्यक्त करते हुए लापरवाही का आरोप लगाया जाधव ने कहा जनहानि या किसी बड़ी दुर्घटना से पहले ही उक्त गड्ढे को तत्काल भरकर सड़क की मरम्मत कराई जाए। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो किसी भी अप्रिय घटना की जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी।



## इंदौर प्रेस क्लब में हुआ नारी शक्ति का सम्मान

**समय जगत, इंदौर।** इंदौर प्रेस क्लब में नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने कहा कि महिलाओं ने पत्रकारिता में अंचल से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक एक विशिष्ट मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि बदलाव और बराबरी के इस दौर में महिलाओं को दृढ़ता के साथ चुनौतियों को स्वीकार करना चाहिए, क्योंकि एक नारी ही परिवार, समाज और देश को मजबूत बनाने का काम कर सकती है। पूर्व मंत्री उषा ठाकुर ने कहा कि इस देश में अनादिकाल से नारी के रूप में शक्ति की आराधना की जाती है। पोस्ट मास्टर जनरल प्रीति अग्रवाल ने कहा कि इंदौर प्रेस क्लब में इतनी तादाद में महिला पत्रकारों का सम्मान दर्शाता है कि इंदौर की बेटियां किसी भी चुनौतीपूर्ण कार्य को करने में पीछे नहीं रहती। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक यांगचंग भूटिया ने कहा कि एक महिला को आगे बढ़ाने में उसकी अपनी योग्यता तो होती है, पर परिवार और जीवनसाथी भी इसका आधार होते हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम ने दिया। कार्यक्रम की प्रस्तावना उपाध्यक्ष प्रियंका पांडेय ने रखी। अतिथियों का स्वागत प्रेस क्लब महासचिव प्रदीप जोशी, उपाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, सचिव अभिषेक चेंडके, कार्यकारिणी सदस्य पूनम शर्मा, अभय तिवारी, प्रमोद दीक्षित, मनीष मक्खर, अंशुल मुकाती, श्याम कामले, विजय भट्ट ने किया। कार्यक्रम में प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अरविंद तिवारी, अभ्यास मंडल की सचिव माला सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार ललित उपमन्यु, शैलेश पाठक, डॉ. अर्पण जैन, लक्ष्मीकांत पंडित, डॉ. कमल हेतावल, जयसिंह रघुवंशी, राजू घोलप, राजू उपाध्याय, महेंद्र सोनगरा के साथ बड़ी संख्या में मीडिया के साथी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अनुभूति निगम ने किया।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नगर पालिका बड़वाह में महिलाओं का किया सम्मान

### नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुआ कार्यक्रम, स्वच्छता और महिला सशक्तिकरण पर हुई संगोष्ठी



**समय जगत बड़वाह ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद बड़वाह द्वारा 8 मार्च से 14 मार्च तक निकाय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने की। उनके मार्गदर्शन में शहरी स्वच्छता एवं अपने-अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट और परिवर्तनकारी भूमिका निभाने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर आयोजित कर नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। साथ ही स्वच्छता और महिला सशक्तिकरण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं की प्रेरणादायक कहानियां साझा की गई। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी कुलदीप किंशुक सहित नगर पालिका का स्टाफ एवं सफाई मित्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अनुभागीय अधिकारी पुलिस अर्चना रावत पार्षद एवं स्वच्छता एंबेसडर श्रीमति रजनी भंडारी गौ रक्षा प्रमुख सोनाली पंवार नगर पालिका सब इंजीनियर श्वेता सुमन तथा निकाय की महिला सफाई मित्र माला बाई, रुक्मिणी बाई, प्रमिला बाई, सरिता बाई और रानी बाई को सम्मान एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त स्थापना शाखा प्रमुख सरोज शर्मा, श्रद्धा पाठक आदिवासी छात्रावास संचालक प्रतिमा गंगराडे सामुदायिक संगठिका पूर्णिमा राठौर मूक-बधिर स्कूल संचालक प्रेमलता तिवारी साई हॉस्पिटल की डॉ. रोशनी जायसवाल तथा स्वच्छता सहयोगी खुशी ठाकुर को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक एवं स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर सतविंदर भाटिया ने किया जबकि आभार नगर पालिका पार्षद प्रतिनिधि एवं स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर अनिल कानूनगो ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में विंध्याचल वेस्ट मैनेजमेंट और साई हॉस्पिटल का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि महिलाओं का समाज और स्वच्छता अभियान में महत्वपूर्ण योगदान है। नगर पालिका बड़वाह महिलाओं के सम्मान और स्वच्छता के प्रति जागरुकता के लिए आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी।

# आरोपी को सुनाई गई 10 साल की सजा



**समय जगत, श्योपुर ।** श्योपुर जिला न्यायालय के तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश एवं अनन्य विशेष न्यायाधीश बबीता होरा शर्मा ने अनुसूचित जाति की नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। न्यायालय ने पीड़िता को 7 लाख रुपये प्रतिकर देने का आदेश भी पारित किया है। शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक प्रतिभा उमरैया द्वारा की गई। मामले के अनुसार पीड़िता ने थाना आवदा रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 5 मई 2025 को वह अपने रिश्तेदार की बारात में ग्राम सलमानिया, थाना आवदा गई हुई थी। रात करीब 11 बजे वह डीजे के साथ बारात में चल रही थी, लेकिन चलते-चलते वह बारात से थोड़ा पीछे रह गई। इसी दौरान गांव का निवासी आरोपी विनोद बैरवा पुत्र सियाराम बैरवा उसे जबरन पकड़कर पावर हाउस के पास खेत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी ने उसे धमकी दी कि यदि उसने किसी को यह बात बताई तो उसे और उसके परिवार को जान से मार देगा। डर के कारण पीड़िता ने यह बात किसी को नहीं बताई, लेकिन उसके उदास रहने पर काका के बार-बार पूछने पर उसने पूरी घटना बता दी। इसके बाद पीड़िता अपने काका और पिता के साथ थाना आवदा पहुंची और रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की और जांच पूरी होने के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 12 साक्षियों के बयान न्यायालय में कराए गए।

# जसवंत के खिलाफ जिलाबदर कार्रवाई के विरोध में युवाओं का प्रदर्शन

## राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन, बड़ी संख्या में एकजुट होकर पहुंचे लोग

**समय जगत, श्योपुर ।** जसवंत मीणा के खिलाफ की जा रही जिलाबदर की कार्रवाई के विरोध में बड़ौदा क्षेत्र के युवाओं ने शुक्रवार को तहसील कार्यालय बड़ौदा पर प्रदर्शन किया और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जय मीनेष सेवा संगठन के बैनर तले दिया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि जसवंत सिंह मीणा के खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत प्रस्तावित/प्रचलित जिलाबदर की कार्रवाई से मीणा समाज, किसान वर्ग एवं क्षेत्र के नागरिकों में गंभीर चिंता और असंतोष व्याप्त है। संगठन का कहना है कि जिलाबदर



जैसी कठोर कार्रवाई केवल उन्हीं परिस्थितियों में की जानी चाहिए, जब किसी व्यक्ति की गतिविधियों से लोक शांति, सार्वजनिक व्यवस्था एवं जनसुरक्षा को प्रत्यक्ष और गंभीर खतरा हो। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि बिना पर्याप्त साक्ष्य, निष्पक्ष जांच और विधिसम्मत प्रक्रिया के किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई करना न्यायसंगत नहीं है। युवाओं ने मांग की कि इस प्रकरण की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराते हुए प्रस्तावित जिलाबदर की कार्रवाई पर पुनर्विचार कर इसे निरस्त या स्थगित किया जाए। युवाओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जसवंत मीणा के खिलाफ की जा रही जिलाबदर की कार्रवाई को नहीं रोका गया तो क्षेत्र के युवा मजबूरन उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# ग्राम चौतलाय में 10 एकड़ की गेहूं की खड़ी फसल में लगी आग

## प्रशासन व ग्रामीणों की दिखी तत्परता, किसानों से की गई सावधानी की अपील



**समय जगत, सिवनी मालवा।** क्षेत्र के ग्राम चौतलाय में गेहूं की खड़ी फसल में अचानक आग लग गई। आग लगने की जानकारी लगने पर क्षेत्रीय विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने जिला कलेक्टर और एसडीएम से दूरभाष पर चर्चा कर उन्हें स्थिति से अवगत कराया। इसके बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर दमकल को भेजा। जिससे आग पर शीघ्र नियंत्रण पाने में सहायता मिली। गेंहू फसल में आगजनी की जानकारी पर विधायक प्रेमशंकर वर्मा स्वयं भी ग्राम चौतलाय पहुंच, घटना स्थल का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान ग्राम के जागरूक ग्रामीणों ने भी तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने में प्रशासन का सहयोग किया।

वहीं ग्राम सरपंच रामजीवन साध ने बताया कि आग से लगभग 10 एकड़ क्षेत्र में गेहूं की फसल जल चुकी हैं। जिनमें संतोष कुमार साध की लगभग 2.3 एकड़, रामकृष्ण साध की लगभग 3 एकड़ तथा रामभरोस लौवंशी की करीब 4 एकड़ फसल को नुकसान पहुंचा हैं। ग्रामीणों ने स्प्रे पंप, गांव के पानी के टैंकर तथा नगर पालिका कि दमकल की सहायता से आग बुझाने का प्रयास किया। सैकड़ों ग्रामीणों की सक्रियता और प्रशासन की तत्परता से आग पर शीघ्र काबू पा लिया। जिससे अधिक क्षति होने से बचाव हो सका। मौके पर उपस्थित पटवारी को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने, फसल नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए गए ताकि प्रभावित किसानों को शासन की ओर से नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराई जा सके। साथ ही किसानों से अपील की गई है कि फसल के मौसम में विशेष सावधानी बरतें, ताकि इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

# मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में राज्य स्तरीय मैत्री कार्यकर्ता/गौ सेवक सम्मेलन होगा कल



**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में समृद्ध किसान, समृद्ध प्रदेश की थीम पर वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाने के साथ पशुपालन एवं डेयरी उद्यमिता को लाभकारी, टिकाऊ और तकनीक आधारित रोजगार सृजन मॉडल के रूप में विकसित करना है। प्रदेश में डेयरी को उद्यमिता से जोड़ते हुए कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों के विकास और रोजगार सृजन पर विशेष फोकस रहेगा। इसी कड़ी में 15 मार्च को दशहरा मैदान, इंदौर में राज्य स्तरीय मैत्री कार्यकर्ता/गौ सेवक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में नव प्रशिक्षित मैत्री कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राही अपने अनुभव साझा कर किसानों और पशुपालकों को प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में इंदौर, उज्जैन और भोपाल संभाग के कुल 20 जिलों से लगभग 6 हजार प्रतिभागी शामिल होंगे। यह जानकारी देते हुए पशुपालन एवं डेयरी विभाग के संयुक्त संचालक ने बताया कि भारत सरकार की परियोजना राष्ट्रीय गोकुल मिशन अन्तर्गत पशु पालकों को कृत्रिम गर्भाधान की द्वार पहुंच सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मैत्री कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण नस्ल सुधार के साथ-साथ ग्रामीण युवक एवं युवतियों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# कुसुम महाविद्यालय में विद्यार्थियों में तनाव प्रबंधन विषय आधारित मनोबल सत्र का किया आयोजन



**समय जगत, सिवनी मालवा।** शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा में अध्यनरत विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, कल्याण तथा आत्महत्या के बढ़ते मामलों की रोकथाम के संबंध में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें परीक्षा समय पर तनाव प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर आधारित मनोबल ऑनलाइन प्रथम सत्र वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.के.यादव के मार्गदर्शन में संपन्न किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ.जया कैथवास ने बताया कि परीक्षा के समय तनाव प्रबंधन के विभिन्न पहलू पर आधारित मनोबल सत्र जिसका आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम 17 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। जिससे विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से जानकारी प्राप्त होगी। इस अवसर पर प्रथम सत्र के व्याख्याता डॉ.तन्मय जोशी सहायक प्राध्यापक एआईआईएमएस भोपाल ने शैक्षणिक तनाव से निपटने की मनोवैज्ञानिक रणनीतियों के संबंध में विद्यार्थियों के साथ महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। शैक्षणिक तनाव को कम करने के लिए समय प्रबंधन, यथार्थवादी लक्ष्य, शारीरिक व्यायाम और सकारात्मक आत्म-संवाद जैसी मनोवैज्ञानिक रणनीतिया अत्यंत प्रभावी हैं।

तनाव से निपटने के लिए पोमोडोरो तकनीक अपनाएं। जिसमें छोटे ब्रेक के साथ पढ़ाई करें और पर्याप्त (7-8 घंटे) नींद को प्राथमिकता दें। ध्यान का अभ्यास करने से आपको वर्तमान क्षण में जो हो रहा हैं उस पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती हैं। टहलना, दौड़ना या जिम जाना दिमाग को शांत करने और ध्यान केंद्रित करने का एक शानदार तरीका हैं। अपने पसंदीदा टीवी शो देखना या सिनेमा जाना भी पढ़ाई से ब्रेक लेने के अच्छे तरीके हैं। कार्यक्रम में डॉ.प्रीति गुप्ता, डॉ.निधि छिपा का विशेष सहयोग रहा।

## सार-समाचार

### वन विभाग ने अवैध सागौन लकड़ी और मशीन की जब्त

**समय जगत, सिवनी मालवा।** वनमण्डल नर्मदापुरम् (सामान्य) अंतर्गत वन परिक्षेत्र सिवनी मालवा के दल ने राजस्व ग्राम दांडीवाडा में अवैध वनोपज के संबंध में कार्यवाही की। मामले के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी वन अनिल विश्वकर्मा ने बताया कि प्राप्त सूचना के आधार पर वन विभाग के दल ने दांडीवाडा में 1 घर की जांच की। जिसमें मौके पर सागौन प्रजाति की लगभग 0.5 घनमीटर अवैध वनोपज पाई गई। मौके पर उपलब्ध सागौन काष्ठ को विभागीय दल ने विधिवत जब्त किया। जिसका अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 35,000 रुपए आंका गया हैं। इसके अतिरिक्त मौके से फर्नीचर निर्माण में प्रयुक्त मशीनरी भी जब्त की गई हैं। उक्त प्रकरण में सूरज धनगर के विरुद्ध नियमानुसार वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं।

### बिजली बिल के बंटवारे को लेकर विवाद, कुल्हाड़ी तलवार से हमला, तीन पर मामला दर्ज

**श्योपुर, ब्यूरो।** विजयपुर थाना क्षेत्र के बाराकलां गांव में बिजली बिल के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी 24 अनिल पुत्र सियाराम धाकड़ निवासी ग्राम बाराकलां ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 12 मार्च की रात करीब 8 से 8.15 बजे उसके घर के सामने बिजली बिल के बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। इसी बात को लेकर गांव के ही नरेश पुत्र रामहेत, सोनु पुत्र नरेश और महादेवी पत्नी नरेश ने गाली-गलौच करते हुए कुल्हाड़ी व तलवार से हमला कर दिया। साथ ही आरोपियों ने फरियादी को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना की शिकायत पर विजयपुर थाना पुलिस ने 12 मार्च की रात 10.55 बजे आरोपियों के खिलाफ मला कायम कर लिया है।

### पुरानी रंजिश पर दो पक्षों में कुल्हाड़ी से हमला, दो पक्षों पर मामला दर्ज

**समय जगत, श्योपुर ।** जिले के मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रामबड़ौदा में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों के लोगों को चोटें आई हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रामबड़ौदा निवासी महावीर पुत्र मधुरालाल प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 12 मार्च को शाम करीब 5.30 बजे वह माताजी मंदिर के पास था। इसी दौरान गांव के ही गिर्राज, महावीर, रामचरण और रामश्रीबाई ने पुरानी लड़ाई की बात को लेकर उसका रास्ता रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने कुल्हाड़ी से हमला कर उसे घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरे पक्ष से गिर्राज पुत्र गोबरीलाल प्रजापति ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई कि 12 मार्च को शाम करीब 5 बजे गांव के ही मुरारी, शंकर, गिर्राज, महावीर और राजकमल उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने मां-बहन की गालियां देते हुए डंडों और कुल्हाड़ी से मारपीट कर उसे घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### बीड़ी-सिगरेट के पैसों को लेकर दुकान पर विवाद पांच लोगों ने युवक से की मारपीट

**श्योपुर, ब्यूरो।** चिलवानी थाना क्षेत्र के सिमरई में बीड़ी-सिगरेट के पैसों को लेकर हुए विवाद में एक युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अतरसिंह पुत्र सीताराम यादव निवासी ग्राम सिमरई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 12 मार्च की रात करीब 8.30 से 8.40 बजे के बीच वह अपनी दुकान पर मौजूद था। इसी दौरान गांव के ही वीरू, शेषभान, अतरसिंह पुत्र राजाराम, संजय और मुलायम यादव उसकी दुकान पर पहुंचे। बीड़ी-सिगरेट के पैसों को लेकर कहासुनी हो गई।

# तालाब की मेढ़ को काटकर कराया जा रहा मकान का निर्माण, राजस्व विभाग दे ध्यान



**समय जगत, ब्योहारी।** जल की एक-एक बूंद को सहेजने के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। जल स्त्रोतों को संरक्षित रखने के लिए तालाब और पोखरों के निर्माण तथा संरक्षण के निर्देश दिए जाते हैं, लेकिन ब्योहारी में जिम्मेदारों और नगर परिषद की अनदेखी के चलते सैकड़ों वर्ष पुराना एक तालाब अपने अस्तित्व को खोने के कगार पर पहुंच गया है।

**तालाब के अस्तित्व पर मंडरा रहा खतरा:** ब्योहारी के सूखा तिराहा के पास स्थित फुल्हन तालाब के मेढ़ को जेसीबी मशीन से खुदवाकर उसके स्वरूप में परिवर्तन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार प्रकाश द्वारा तालाब के मेढ़ को काटकर वहां मकान का निर्माण कराया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक उक्त निर्माण कार्य के लिए नगर परिषद से किसी प्रकार की स्वीकृति भी नहीं ली गई है, इसके बावजूद नगर परिषद द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह तालाब सैकड़ों वर्ष पुराना है और क्षेत्र के जल संरक्षण का महत्वपूर्ण स्त्रोत रहा है। यदि इसी तरह तालाब की मेढ़ को काटकर निर्माण कार्य कराया गया तो आने वाले समय में इस ऐतिहासिक तालाब का अस्तित्व पूरी तरह समाप्त हो सकता है। लोगों ने राजस्व विभाग और नगर परिषद से संयुक्त रूप से कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि तालाब को बचाया जा सके।

### इनका कहना है

पटवारी को मौके पर भेजा गया था। काम बंद करने के लिए कहा गया है। निर्माण पर रोक लगाने के लिए आदेश जारी कर दिया गया है।
**राजकुमार रावत**, तहसीलदार ब्योहारी

# गौतम जयंती महोत्सव कल से, 19 को निकलेगी शोभायात्रा

## गौतम ब्राह्मण समाज ने भगवान गणपति को दिया प्रथम निमंत्रण

**समय जगत, श्योपुर ।** न्याय शास्त्र प्रणेता एवं गौतम (गुर्जर गौड़) ब्राह्मण समाज के आराध्य महर्षि गौतम जी का जयंती महोत्सव भव्यता के साथ मनाया जाएगा। जिसकी शुरूआत 15 मार्च को क्रिकेट मैच के आयोजन के साथ होगी। 19 मार्च को महर्षि गौतम जी का शोभायात्रा गाजेबाजे के साथ शहर में निकाली जाएगी। गौतम ब्राह्मण समाज श्योपुर द्वारा इस गौतम जयंती महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इसी क्रम में गौतम ब्राह्मण समाज श्योपुर ट्रस्ट कार्यकारिणी पदाधिकारियों ने गुरूवार को गौतम जयंती महोत्सव में परिवार समेत शामिल के लिए प्रथम निमंत्रण टोडी गणेश मंदिर पर पहुंचकर भगवान गणपति को दिया। गौतम जयंती महोत्सव के संयोजक जितेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि 15 मार्च को इस महोत्सव का शुभारंभ होगा। 15 मार्च को नव युवक मंडल की अगुवाई में स्टेडियम ग्राउंड में क्रिकेट मैच का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समाजीय युवा अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेगे। इसके बाद 17 मार्च को दोपहर एक बजे से बच्चों के लिए एक मिनट गैम चेयर रेस व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, दोपहर 2 बजे से महिला व युवतियों के लिए कार्यक्रम तथा शाम 7 बजे से कवि सम्मेलन का



आयोजन किला रोड स्थित गौतम धर्मशाला में किया जाएगा। 18 मार्च को सायं 5 बजे वृद्धजन एवं मैधावी छात्र सम्मान समारोह तथा शाम 7 बजे सुंदरकाण्ड का सामूहिक वाचन व प्रसाद वितरण कार्यक्रम गौतम धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान ट्रस्ट कार्यकारिणी अध्यक्ष शंभूदयाल शर्मा पंकज, गौतम जयंती संयोजक जितेन्द्र कुमार शर्मा, सह संयोजक लक्ष्मीनारायण शर्मा, नारायण शर्मा, जयप्रकाश गौतम, रामभरत गौतम, रणवीर गौतम, हरिनारायण गौतम, श्यामलाल श्रोतिय, जगदीश नारायण, व्यंकट गौतम, सत्यनारायण गौतम, मुकेश गौतम एड, सहित अन्य कई समाजीय लोग मौजूद थे।

**सुबह होगा पूजन, शाम को निकलेगी शोभायात्रा:** गौतम जयंती महोत्सव के तहत 19 मार्च को सुबह 9.30 बजे गौतम धर्मशाला में महर्षि गौतम जी का सामूहिक पूजन अर्चन व हवन किया जाएगा। वहीं अपरान्ह 3 बजे से महर्षि गौतम जी की शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो गौतम धर्मशाला से आरंभ होगी और गाजेबाजे के साथ शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस धर्मशाला में पहुंचकर सम्पन्न होगी। इसके बाद सह भोज का आयोजन भी किया जाएगा। गौतम ब्राह्मण समाज अध्यक्ष शंभूदयाल शर्मा पंकज, महिला मंडल अध्यक्ष स्मिता गौतम, नव युवक मंडल अध्यक्ष हरित गौतम, युवती मंडल अध्यक्ष मौनिका गौतम ने समाजीय लोगों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में परिवार सहित शामिल होने का आग्रह किया है।

## क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना में किया गया आयोजन

# विश्वविद्यालय विकास एवं उन्नयन समिति की बैठक संपन्न

**गुना।** क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना में विश्वविद्यालय विकास एवं उन्नयन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई । बैठक में गुना अशोकनगर तथा शिवपुरी जिलों से पधारे गणमान्य नागरिक सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता की। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर डॉ. किशन यादव ने की इसमें कुलसचिव एके मुद्गल, परीक्षा नियंत्रक डॉ प्रभात चौधरी एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलसचिव ए के मुद्गल ने अपने उद्बोधन से किया। उन्होंने विश्वविद्यालय की स्थापना से लेकर विगत दो वर्षों की प्रमुख उपलब्धियों पर विस्तृत प्रकाश डाला तथा आगामी एक वर्ष की रूपरेखा पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से सभी के समक्ष रखी। कुलसचिव ने कुलगुरु के कुशल नेतृत्व की सराहना करते हुए सीमित संसाधनों के बावजूद परीक्षाओं के सुचारु संचालन शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार योग्य अतिथि विद्वानों की चयन प्रक्रिया एवं अन्य उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने विगत दो वर्षों की प्रगति को अत्यंत उल्लेखनीय बताते हुए आगामी एक वर्ष का मिशन एवं विजन समिति सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया तथा सभी से सुझाव आमंत्रित किए। प्रस्तुत विजन में मुख्य रूप से डिजिटाइजेशन पर विशेष बल, एकेडमिक एवं रिसर्च क्षेत्र में उत्कृष्टता, स्थानीय आवश्यकताओं पर आधारित पाठ्यक्रम, उद्योग आधारित कार्यक्रम एवं अनुशासन मानव संसाधन विकास तथा समय प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण पहलू बिंदुओं पर विशेष जोर दिया गया बैठक में कुलसचिव ने कैंपस में एआई आधारित तकनीकों के उपयोग पर भी विचार व्यक्त किए जिससे विश्वविद्यालय की गतिविधियां अधिक पारदर्शी कुशल एवं गुणवत्तापूर्ण बन सकें। आगामी वर्ष की कार्ययोजना को तीन चरणों में विभाजित किया गया है। बैठक में समिति सदस्यों से प्राप्त फीडबैक अत्यंत मूल्यवान रहा सदस्यों ने विश्वविद्यालय के विकास के लिए विभिन्न सुधारों नए विषयों एवं अन्य मुद्दों पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए जिन पर आगे गहन विचार विमर्श किया जाएगा।




अंत में कुलगुरु प्रोफेसर डॉ. किशन यादव ने सभी सदस्यों से विश्वविद्यालय के निर्माण में सक्रिय एवं निरंतर सहभागिता सुनिश्चित करने का हार्दिक आह्वान किया। कार्यक्रम का मंच संचालन सुश्री अंतिमा सक्सेना ने कुशलतापूर्वक किया तथा आभार प्रस्ताव श्रीमति प्रियंका भदौरिया ने प्रस्तुत किया।

स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लॉट नं. 21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल 462011 से मुद्रित कर जी-1 गोयल निकेत अपार्टमेंट प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 एमपी नगर भोपाल म.प्र. से प्रकाशित। पिन नं. 462011, संपादक **अभिनव त्रिपाठी।**
RNI-MPHIN/2004/13180 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। **फोन :** 0755-4700402, ई-मेल: dainiksamayjagat@gmail.com

## संगीतमय सुंदरकांड पाठ का होगा आयोजन

# भोपाल में 33वीं बार सजेगा छींद वाले दादाजी का दरबार



**समय जगत, भोपाल।** शिवाजी नगर स्थित श्री परशुराम मंदिर शिवाजी नगर लिंक रोड नंबर 2 में सकल समाज की उपस्थिति में प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार को आयोजित होने वाली श्रृंखला एक शाम छींद वाले दादाजी के नाम के अंतर्गत संगीतमय 33वां सुंदरकांड पाठ का आयोजन आगामी द्वितीय शनिवार को किया जाएगा। कार्यक्रम का समय सायं 5 बजे से रात्रि 7 बजे तक निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के पश्चात रात्रि 7 बजे से 8 बजे तक फूलों की होली का भव्य आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें उपस्थित श्रद्धालु भगवान श्रीराम के भजनों के साथ भक्तिमय वातावरण में भाग लेंगे। आयोजकों ने बताया कि इस अवसर पर सनातन धर्म प्रेमियों के बीच आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण में सुंदरकांड पाठ किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की अपेक्षा है। साथ ही जिन श्रद्धालुओं के मार्च माह में जन्मदिन अथवा वैवाहिक वर्षगांठ हैं, वे इसकी सूचना आयोजकों को प्रदान कर सकते हैं। सुंदरकांड पाठ के उपरांत श्री सुंदरकांड पारिवारिक मंडल, भोपाल द्वारा ऐसे सभी परिवारों को पूर्व 2314 महानुभावों की भांति सम्मान भी किया जाएगा। आयोजकों ने समस्त सनातन धर्म प्रेमियों एवं समाजजनों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# अमृत 1.0 व 2.0 योजनाओं के कार्यों की समीक्षा, निगमायुक्त ने दिए सख्त निर्देश

## श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर नवरात्रि के पूर्व करें रेस्टोरेशन का कार्य



**कटनी।** नगर निगम की निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने गुरुवार को आयोजित समीक्षा बैठक में अमृत 1.0 एवं अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत सीवरेज एवं सेप्टेज प्रोजेक्ट कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों व निर्माण एजेंसियों को कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित समय-सीमा में सभी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

**नवरात्रि से पूर्व सड़क रेस्टोरेशन करें पूर्ण:** नगर निगम क्षेत्र में सीवर लाइन विस्तार कार्य के चलते खोदी गई सड़कों को लेकर निगमायुक्त ने निगमायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी नवरात्रि पर्व से पहले संबंधित क्षेत्रों की सड़कों का स्थायी रेस्टोरेशन कार्य भी पूर्ण कर लिया जाए, जिससे धार्मिक आयोजनों एवं नागरिकों के आवागमन के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन स्थानों पर सीवर लाइन बिछाने के लिए सड़कें खोदी गई हैं, वहां बारिश शुरू होने से पहले माटीबल ( अस्थायी भराई ) का कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए, ताकि आम नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**31 मार्च के पूर्व पूर्ण करें एसटीपी का शेष कार्य:** साथ ही निगमायुक्त ने समीक्षा बैठक के दौरान अमृत 1.0 एवं 2.0 योजनाओं के अंतर्गत प्रगतिरत एसटीपी निर्माण, पाइपलाइन विस्तार, मैनहोल निर्माण तथा हाउस सर्विस कनेक्शन के कार्यों की क्षेत्रवार प्रगति की जानकारी ली गई। अमृत 1.0 योजना अंतर्गत सीवरेज प्रोजेक्ट अंतर्गत जोनवार लंबित कार्यों, हाउस सर्विस कनेक्शन हेतु अतिरिक्त मैनपावर तथा मशीनरी लगाने की हिदायत देते हुए संविदाकार को पुनरीक्षित वर्क प्लान प्रस्तुत करने , माधवनगर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट-1 के शेष कार्यों को 31 मार्च के पूर्व पूर्ण करने तथा घरों को सीवर लाइन से जोड़कर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का ट्रायल रन प्रारंभ कराने के निर्देश भी दिए।

**सुरक्षा मानकों का रखें विशेष ध्यान:** अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए संविदाकार ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्रमांक 17 एवं रामजानकी हनुमान वार्ड क्रमांक 18 में लगभग 3.8 किलोमीटर सीवर लाइन विस्तार का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं शेष कार्य प्रगतिरत है। इस पर निगमायुक्त ने कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करने, नागरिकों के आवागमन में हो रही असुविधाओं से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण करने तथा सड़क रेस्टोरेशन कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### सेक्टर इमलानी में आयोजित किया गया ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण



**समय जगत, सिरोंज।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण का आयोजन विकासखंड सिरोंज के सेक्टर इमलानी में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सरपंच रामकिशन प्रभाकर वरिष्ठ समाजसेवी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक चरण सिंह दांगी एवं नवांकुर संस्था प्रभारी देवेन्द्र विश्वकर्मा एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सदस्य ग्राम देवी टोरी, ग्राम लिधौरा , ग्राम इमलानी, ग्राम तरवरिया ग्राम चौड़ाखेड़ी द्वारा सहभागिता की गई। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में परिचय के साथ जन अभियान की अवधारणा के विषय में विकासखंड समन्वयक चरण सिंह दांगी द्वारा जानकारी दी गई। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र दस्तावेजीकरण सत्र में नवांकुर संस्था प्रभारी देवेन्द्र विश्वकर्मा की भूमिका महत्वपूर्ण रही। तृतीय सत्र नर्सरी प्रशिक्षण में उद्यानिकी विभाग के अधिकारी द्वारा एवं नेतृत्व विकास सत्र में केसी पटेल द्वारा जानकारी दी गई। वहीं मध्यप्रदेश सरकार की योजनाएं संबधी सत्र में सचिव वीर सिंह प्रभाकर की प्रभावी सहभागिता रही। कार्यक्रम का आभार नवांकुर संस्था प्रभारी देवेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

### 75 में से 65 शिकायतों का मौके पर किया गया निराकरण, पुलिय अधीक्षक के निर्देश का असर



**समय जगत, विदिशा।** गत दिवस पुलिस लाइन स्थित सामुदायिक भवन में जिला स्तरीय सीएम हेल्पलाइन जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी की उपस्थिति में संपन्न हुआ, जिसमें फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुना गया। शिविर में फरवरी 2026 ग्रेडिंग माह एवं 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों की विशेष रूप से समीक्षा की गई। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए कुल 75 आवेदकों की शिकायतें विस्तार से सुनी गईं, जिनमें से 65 शिकायतों का मौके पर ही संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया गया। शेष प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने स्वयं उपस्थित होकर फरियादियों से सीधा संवाद किया तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव संवेदनशील है।

# मुआवजे की मांग को लेकर हजारों किसानों-आदिवासियों ने किया प्रदर्शन

## किसानों के साथ प्रशासन की हुई वार्ता





**समय जगत, पन्ना।** पन्ना केन-बेतवा लिंक परियोजना, मझगाय मध्यम सिंचाई परियोजना और रूंझ मध्यम सिंचाई परियोजना से प्रभावित किसानों और आदिवासी परिवारों द्वारा जय किसान संगठन के बैनर तले चलाया जा रहा न्याय सत्याग्रह आंदोलन दूसरे दिन कई उतार-चढ़ावों के बाद एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंचा। दिन भर चले तनावपूर्ण घटनाक्रम, ताला बंदी, गिरफ्तारी और हल्के लाठीचार्ज जैसे घटनाक्रमों के बीच अंततः प्रशासन को किसानों के साथ वार्ता करनी पड़ी और कुछ प्रमुख मांगों पर सहमति बनने के बाद आंदोलन को फिलहाल स्थगित कर दिया गया। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता अमित भटनागर ने कहा कि आंदोलन स्थगित किया गया है, समाप्त नहीं। उन्होंने स्पष्ट कहा यदि प्रशासन अपने वादे से मुकरा या तय समय में कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन पहले से ज्यादा व्यापक और तेज होगा। दूसरे दिन भी हजारों किसान और आदिवासी महिलाएं कलेक्ट्रेट परिसर में डटी रहीं। प्रशासन द्वारा पानी की सप्लाई रोक दिए जाने के बावजूद आंदोलनकारियों का उत्साह कम नहीं हुआ बल्कि लोगों की संख्या और बढ़ती गई। भीड़ बढ़ने और आंदोलन मजबूत होने से जिला प्रशासन पर दबाव बढ़ता गया। इसी बीच प्रशासन ने कलेक्ट्रेट के कुछ हिस्सों को बंद कर दिया और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। जब प्रशासन ने आंदोलनकारी नेता अमित भटनागर को चर्चा के लिए बुलाया तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि उनकी प्राथमिक मांग है कि परियोजना से संबंधित सभी दस्तावेज प्रभावित ग्रामीणों को उपलब्ध कराए जाएं, ताकि वे पूरी जानकारी के साथ आगे की प्रक्रिया तय कर सकें। बताया जाता है कि प्रशासन ने उन्हें दस्तावेज दिखाने के नाम पर अंदर बुलाया, लेकिन उसी दौरान परिसर में धारा 144 लागू करने की घोषणा कर दी गई और अमित भटनागर को उससे संबंधित नोटिस थमा दिया गया। इस कार्रवाई को आंदोलनकारियों ने प्रशासन की तानाशाही और अमानवीय रवैया बताते हुए विरोध किया। इसी दौरान एसडीएम और आंदोलनकारियों के बीच तीखी बहस भी हुई। स्थिति गंभीर हो गई जब अमित भटनागर ने अपनी गिरफ्तारी देने की घोषणा कर दी। उनकी घोषणा के बाद पन्ना एसडीएम ने उनको गिरफ्तार कर अंदर ले जाने लगे। उनके समर्थन में बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं और किसानों ने भी गिरफ्तारी देने का ऐलान कर दिया। इस दौरान पुलिस और आंदोलनकारियों के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बनी और हल्का लाठीचार्ज भी हुआ, इसी दौरान अमित भटनागर और एसडीएम पन्ना के बीच में तीखी नोकझोंक भी हुई। जय किसान संगठन के कार्यकर्ता मंगल यादव को भी इस दौरान चोट लगने की जानकारी सामने आई है। स्थिति बिगड़ते देख प्रशासन ने भारी पुलिस बल तैनात किया।

# अजय सिंह राहुल भैया 20 को आएंगे पन्ना



**समय जगत, पन्ना।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ( राहुल भैया ) विधायक ( चुरहट ) के द्वारा बुंदेलखंड यात्रा निकाली जा रही है जो 20 मार्च को पन्ना से गुजरेगी,जिसकी तैयारी हेतु ,जिला कांग्रेस कार्यालय पन्ना में महत्वपूर्ण बैठक रखी गई है , सर्वप्रथम महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। उसके पश्चात उपस्थित जनों ने कार्यक्रम के संबंध में अपने सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित जनों में अध्यक्ष अनीश खान , पूर्व प्रत्याशी भरत मिलन पांडे, पूर्व प्रत्याशी शिवजीत सिंह (भैया राजा) , पूर्व प्रत्याशी जीवानलाल सिद्धार्थ ,राजेश तिवारी , मुरारी लाल थापक ,राजबहादुर पटेल ,रेहान मोहम्मद ,वैभव थापक , डॉ कदीर खान , सुरेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, दीपक तिवारी आस्था तिवारी , वेदांत मिश्रा , बृजेन्द्र दुबे , नृपेंद सिंह , सुरेन्द्र सिंह , अभिषेक चौरसिया , इरफान खान , रियासत खान , सुमंत पांडे , अवधेश प्रताप सिंह, यूनिश खान , मशूद अहमद , रशद खान , वी एन जोशी , अक्षय तिवारी , राकेश शर्मा , मुन्नी लाल वंशकार , अंकित रिछारिया , विमला सिंगरौल , हिमांशु ठाकुर , प्रकाश साहू , अमित रैकवार , शिव प्रताप सिंह, मोहम्मद निशार शेख , नरेंद्र कुमार , फैज मोहम्मद , फैयाज मोहम्मद । बड़े राजा हिमांशु नरेंद्र वंशकार फैज मोहम्मद फैयाज मोहम्मद सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# फाग लोकोत्सव में कलाकारों ने दी आकर्षक प्रस्तुतियां, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध




**समय जगत, सिरोंज।** ग्राम वीरपुर पंचायत चौड़ाखेड़ी में आयोजित तीन दिवसीय फाग लोकोत्सव के अंतिम दिन क्षेत्रीय लोक कलाकारों द्वारा लोकगीत, बधाई, राई और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया गया। इसके पूर्व लोकोत्सव के पहले दिन प्रसिद्ध लोक कलाकार बब्लू रंगीला और नेहा दिशोरिया ने अपने लोकगीत एवं राई नृत्य की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण और क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे और देर रात तक लोक संगीत का आनंद लेते रहे। दूसरे दिन देशराज नरवरिया और उनकी टीम ने अपनी शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं लोकोत्सव के अंतिम दिन जित्तू खरे बादल और उनकी टीम ने अपनी प्रस्तुति दी। फाग लोकोत्सव के समापन के साथ ही प्रतिवर्ष की भांति चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम वीरपुर स्थित श्री महामाई माता मंदिर परिसर में श्री विद्या शतचंडी दुर्गा महायज्ञ एवं विशाल मेले का आयोजन प्रारंभ होगा, जो 14 मार्च से 28 मार्च तक चलेगा। आयोजन के पहले दिन देश की लोकप्रिय भजन गायिका संजो बघेल अपनी भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भावविभोर करेंगी। महायज्ञ के यज्ञाचार्य पंडित नलिनी कांत शर्मा रहेंगे, जिनके मार्गदर्शन में पूरे महायज्ञ एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जाएंगे। आयोजन समिति के अनुसार 14 मार्च को घट स्थापना, गणेश पूजन और मेले का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा तथा रात्रि में भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। आयोजन के दौरान 14 से 18 मार्च तक प्रतिदिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकनृत्य, लोकनाट्य और देवी-देवताओं से जुड़े धार्मिक आयोजन होंगे। एवं 19 मार्च वर्ष प्रतिपदा से यज्ञ प्रारम्भ होगा जो की प्रतिदिन रहेगा इसके अलावा 22 मार्च को विशाल भगवती जागरण आयोजित किया जाएगा।

# दमोह में खुला एएसआई का उपमंडल कार्यालय, अब जिले की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण को मिलेगी नई गति : विधायक मलैया




**समय जगत, दमोह।** जिले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण एएसआई का उपमंडल कार्यालय शुरू होने से जिले की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन को नई दिशा मिलेगी। अब तक पुरातत्व से संबंधित कार्यों और फाइलों के लिए अधिकारियों को जबलपुर जाना पड़ता था, जिससे काफी समय लगता था लेकिन अब कार्यालय जिले में ही उपलब्ध होने से प्रक्रियाएं अधिक तेज और सुविधाजनक हो जाएंगी। इस आशय के विचार संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण जबलपुर मण्डल के अंतर्गत उप मण्डल कार्यालय दमोह के उद्घाटन के दौरान व्यक्त किये।

राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि दमोह जिला विरासत और पुरातत्व की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिले में नोहटा का शिव मंदिर, कोडल का प्राचीन शिव मंदिर, बांदकपुर धाम और कुंडलपुर धाम जैसे अनेक ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल मौजूद हैं। ऐसे में एएसआई के उपमंडल कार्यालय के खुलने से इन धरोहरों के संरक्षण और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले के ऐतिहासिक स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित करने की योजना बनाई जा रही है। नोहटा क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए डिवाइडर और सौंदर्यीकरण जैसे कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ ही रानी दमयंती के किले का लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार कराया जाएगा जहां लाइट एंड साउंड शो की भी व्यवस्था प्रस्तावित है। विधायक जयंत मलैया ने कहा कि एएसआई के लिए पुराने गिरजाघर भवन का उपयोग किया जा रहा है जो एक अच्छा और उपयोगी निर्णय है। उन्होंने इसके लिए कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की सराहना करते हुए कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र पांचवीं से आठवीं शताब्दी की ऐतिहासिक धरोहरों से समृद्ध है। एएसआई कार्यालय के शुरू होने से इन धरोहरों के संरक्षण के साथ-साथ उन स्थानों का भी पता लगाया जा सकेगा जो अभी तक व्यापक रूप से सामने नहीं आ पाए हैं। उन्होंने कहा कि इससे न केवल ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण को बल मिलेगा बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

# सुनार नदी में करंट लगने से 48 वर्षीय युवक की मौत



**समय जगत, दमोह।** हटा नगर के शास्त्री वार्ड स्थित सुनार नदी में गत सुबह करंट लगने से 48 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम और हटा थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेंगी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान परसराम रैकवार 48 वर्ष पिता गब्बी रैकवार निवासी शास्त्री वार्ड हटा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुबह नदी किनारे आलू सकला की खेती करने वाले लोगों ने नानाघाट रेस्ट हाउस के पास इंटेक बेल क्षेत्र में नदी में एक शव उतराता देखा। पास ही बिजली का तार टूटा हुआ नजर आया। ग्रामीणों ने तुरंत विद्युत विभाग और डायल 112 को सूचना दी। डायल 112 के स्टाफ और स्थानीय लोगों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला गया, तब उसकी पहचान परसराम रैकवार के रूप में हुई। मौके पर एक टूटा हुआ बिजली का तार शव से लिपटा हुआ मिला, जिससे करंट लगने की आशंका जताई जा रही है। परिजनों ने आरोप लगाया कि रोसरा ग्राम की ओर नदी के ऊपर से खींचे गए बिजली के तारों और अवैध कनेक्शनों के कारण यह हादसा हुआ है। उनका कहना है कि यदि इन तारों की समय पर व्यवस्था की गई होती तो यह दुर्घटना टाली जा सकती थी। मृतक की पत्नी ने बताया कि परसराम बुधवार रात से घर नहीं लौटे थे। वे कभी-कभी खाना बनाने के ऑर्डर पर काम करते थे और मछली पकड़कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिवार में वही एकमात्र कमाने वाले थे जिससे घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेंगी ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है और पोस्टमार्टम के लिए शव को सिविल अस्पताल हटा भेजा गया है। मर्ग जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि करंट से मौत के मामलों में शासन की ओर से करीब चार लाख रुपये मुआवजा दिए जाने का प्रावधान है। वहीं विद्युत विभाग के प्रभारी सहायक यंत्री आरके सहाय ने बताया कि कुछ अस्थायी कनेक्शन जारी किए जाते हैं लेकिन नदी के ऊपर से तार फैलाने की जानकारी नहीं थी।

# राजेंद्र श्रीमाली का मनाया जन्मदिन

**समय जगत,मनावर।** प्रेस क्लब बाकानेर,परख साहित्य मंच,कौमी एकता कमेटी,अखिल निमाड़ लोक परिषद,प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के संयुक्त आयोजन में जनपद पंचायत उमरबन के युवा समाज सेवी नेता पत्रकार कलम कार हरदिल अजीज राजेन्द्र श्रीमाली के जन्म दिन पर प्रतीक चिन्ह, उपहार देकर वरिष्ठ समाज सेवी लाल सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य सम्मानित किया। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी । इस अवसर पर विश्वजीत सेन,सैयद रिजवान अली, सैयद अस्पाक बबलू, ,राधेश्याम मांलविया, तसव्वुर हुसैन दडवाल मौजूद रहे, श्री माली ने कहा नतमस्तक हूं। आपके स्नेह से अभिभूत जन्मदिन की शुभकामनाओ के लिए कोटि कोटि आभार। आपका स्नेह- आशीर्वाद हमेशा इसी तरह मिलता रहे। संचालन गुडविन बारचे ने किया।

# शहर में चर्म शोधन केन्द्र कहां है,यह प्रश्न पूछने पर बगले झांकने लगे नपा अफसर



**समय जगत, विदिशा।** गत दिवस राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग सदस्य प्रियंक कानूनगो विदिशा प्रवास पर आए। इस दौरान वे ग्रामीणों की शिकायत मिलने पर नगर पालिका द्वारा सौंठिया गांव के पास शहर का कचरा डंप करने वाले स्थान पर पहुंचे और शहर से कचरा भरकर पहुंचे सभी नपा वाहनों को वापस कराया गया। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों से पूछा कि शहर में चर्म शोधन केंद्र कहां है तो वहां मौजूद अधिकारी अगल-बगल देखते हुए बगले झांकने लगे और उनके प्रश्न का उत्तर कोई भी अधिकारी नहीं दे पाया। इस पर वह नाराजगी जाहिर करते हुए फटकार लगाई और नगर पालिका की सभी ट्रैक्टर ट्रालियों को वापस भेजने के निर्देश दिए। कुछ दिन पहले ग्राम सौंठिया के सरपंच अमन यादव और ग्रामीणों द्वारा राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंका कानूनगो को लिखित आवेदन देकर शिकायत की गई थी कि नगर पालिका द्वारा उनके गांव के पास बड़ी मात्रा में कचरा फेंका जा रहा है। जिसके कारण से गांव में गंदगी और बदबू से लोग परेशान हैं। आलम यह हो चुका है कि गांव में आए थे कोई ना कोई बीमार पड़ रहा है और गंभीर बीमारियों की चपेट में गांव आता जा रहा है। पिछले कुछ सालों में गांव के कई लोगों की मौत हो चुकी है और जानवर भी बड़ी संख्या में मर रहे हैं। जिसकी शिकायत वह नगर पालिका से कई बार कर चुके हैं लेकिन नगर पालिका उनकी समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है।

# अवैध भंडारण पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, बड़ी संख में गैस सिलेंडर जब्त

## बाड़ी में विजय कैटरर्स के गोदाम व होटल पर छापेमारी, घरेलू सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग का मामला सामने आया



**विजय शर्मा, धौलपुर।** जिले में एलपीजी गैस की सुचारू आपूर्ति बनाए रखने तथा अवैध भंडारण और कालाबाजारी पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए बाड़ी कस्बे में छापेमारी कर कुल 81 गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। यह कार्रवाई जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देश पर गठित विशेष प्रवर्तन जांच दल द्वारा की गई। जिला रसद अधिकारी मणि खींची ने बताया की जांच दल ने बाड़ी कस्बे में बसेड़ी रोड स्थित विजय कैटरर्स के गोदाम पर छापा मारकर 79 गैस सिलेंडर बरामद किए। इनमें 24 सिलेंडर 14.2 किलोग्राम घरेलू श्रेणी के, 28 सिलेंडर 5 किलोग्राम घरेलू श्रेणी के तथा 27 सिलेंडर 19 किलोग्राम व्यावसायिक श्रेणी के पाए गए। इस दौरान बताया गया है कि यह गोदाम विजय सिंघल का है, जो विवाह एवं अन्य आयोजनों में भोजन बनाने का ठेका लेता है तथा गैस सिलेंडरों की व्यवस्था भी स्वयं करता है। कार्यवाही के दौरान बसेड़ी रोड स्थित स्काईजिन रेस्टोरेंट एवं होटल में भी जांच की गई, जहां घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग कर भोजन तैयार किया जा रहा था। यहां से 2 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। इस प्रकार दोनों स्थानों से कुल 81 गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं। संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जा रही है।

कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल में गजेन्द्र बाबू शर्मा, जगदीश प्रसाद शर्मा, जितेन्द्र गोठवाल सहित पुलिस दल भी मौजूद रहा।

डीएसओ खिंची ने बताया कि धौलपुर जिले में आम उपभोक्ताओं को बुकिंग के आधार पर गैस सिलेंडरों की आपूर्ति नियमित रूप से की जा रही है। 12 मार्च 2026 को 4340 सिलेंडरों का वितरण किया गया, जबकि 13 मार्च 2026 को भी 4000 से अधिक सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है। गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और समय पर अपनी गैस बुकिंग कराएं। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार होम डिलीवरी के माध्यम से ही गैस सिलेंडर प्राप्त करें। साथ ही प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अवैध भंडारण, घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग अथवा कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# तंत्रमंत्र की शिकार सब्जी विक्रेता महिला हुई अचेत

**महोबा।** शहर के पुराने रामलीला मैदान पान मण्डी के पास लगने वाली सब्जी मंडी में सुबह तब हड़कंप मच गया। जो भीख मांग रहे दो कथित बाबाओं ने सब्जी बेंच रही एक महिला के पास पहुंच कर परिवार में अनर्थ होने की बात कहते हुए भीख में रुपए मांगे। आरोप है कि महिला के मना करने पर एक बाबा ने दो फूल रखकर अगरबत्ती और लोभान जलाकर महिला के सिर पर उतारा जैसा किया और दूसरे बाबा ने सिर पर डंडी मार दी। जिससे महिला गिरकर बेहोश हो गई यह नजारा देख आस पास के दुकानदारों और ग्राहकों ने मौके पर पहुंचे। जिससे बाबा भागने लगे। भीड़ ने एक बाबा को पकड़ कर जमकर खबर लेते हुए पुलिस के हवाले कर दिया जबकि दूसरा बाबा भीड़ का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर महिला को बेचौनी, घबराहट और विक्षिप्त जैसी स्थिति बनी हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की जाँच में जुट गई है। प्रथम दृष्ट्या बाबाओं द्वारा डरा कर भीख के रूप में ठगी जैसी घटना को अंजाम दिया जाना प्रतीत हो रहा है। इस घटना ने भीख मांगने वाले कथित बाबाओं की क्रियाकलापों सन्देह के घेरे में आ गए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह पानमंडी सब्जी मंडी में रमा कुशवाहा पत्नी कल्लू कुशवाहा पुत्री वासुदेव कुशवाहा उम्र करीब 30 साल निवासी ग्राम नरेडी कोतवाली चरखारी महोबा परिवार के भरण पोषण के लिए सब्जी बेचने का धंधा करती है जबकि उसका पति मजदूरी करता है। वह सुबह करीब दस बजे सब्जी बेंच रही थी। आरोप है कि तभी दो कथित बाबा उसके पास पहुंचे और महिला के मन में डर और भय पैदा करने के उद्देश्य से परिवार में अनर्थ होने की बात कहते हुए भीख के रूप में रुपए मांगे। आरोप है कि महिला ने रुपए देने से मना किया तो एक बाबा ने दो गुलाब के फूल थैले से निकाले और अगरबत्ती जलाकर एवं लोभान की धौनी देकर जादू टोना करना शुरू कर दिया। इसी बीच दूसरे बाबा ने हाथ में लिए हरे रंग की छड़ी से सिर और हाथ पर प्रहार कर दिया जिससे महिला बेहोश होकर गिर गई। बाबाओं के जादू टोना करने से महिला के बेहोश होते देख अन्य दुकानदारों, ग्राहकों में हड़कम्प मच गया। अनजाने अनर्थ की आशंका के चलते भीड़ मौके पर जुटती देख दोनों बाबाओं ने मौके से भागने का प्रयास किया। लेकिन भीड़ ने एक बाबा को पकड़ कर जमकर खबर लेते हुए सुभाष पुलिस चौकी के सुपुर्द कर दिया। जबकि दूसरा बाबा भीड़ का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर महिला का पति कल्लू पत्नी रमा कुशवाहा को अचेत अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल महोबा लिवा ले गया।

जहां डाक्टर अमित कुमार राजपूत ने भर्ती कर उपचारित किया। डाक्टर ने बताया कि एक महिला को अर्द्ध अचेत अवस्था में इलाज के लिए जिला अस्पताल इमरजेंसी इलाज के लिए लाया गया था। जिसे घबराहट, बेचौनी और हैडिक जैसी समस्या होना पाया गया था। परिजनों के अनुसार किसी बाबा द्वारा झाड़फूंक और तन्त्रमंत्र कर जादू टोना करना बताया जा रहा है। प्राथमिक उपचार के बाद परिजन महिला को किसी तांत्रिक के पास झाड़फूंक के लिए लिवा ले गए। पकड़े गए बाबा ने अपना नाम बाबू उम्र 45 साल निवासी तिन्दवारी बांदा बताया गया है। लोगों द्वारा कुछ बाबाओं के कीरत सागर के पास डेरा जमाने की बात बताए जाने पर लोगों ने पहुंच कर दूसरे बाबा की खोजबीन की।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस अधीक्षक द्वारा सुनी गयी फरियादियों की समस्याएं



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गयी। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णत: समर्पित है।

### शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई अलविदा की नमाज



**समय जगत, महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में अलविदा नमाज के दृष्टिगत जनपद महोबा में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई। अलविदा नमाज को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु जनपदीय पुलिस के उच्चाधिकारीगण निरन्तर भ्रमणशील रहे तथा संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ लगातार भ्रमणशील रहे तथा मस्जिदों एवं नमाज स्थलों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करायी गयी। पुलिस अधिकारियों द्वारा स्थानीय नागरिकों एवं धर्मगुरुओं से संवाद स्थापित करते हुए शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील भी की गयी। अलविदा नमाज के अवसर पर जनपद के प्रमुख नमाज स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु आवश्यक प्रबंध किए गए। पुलिस बल द्वारा सतर्कता बरतते हुए नमाज कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया गया। जनपद महोबा में अलविदा नमाज पूर्णत: शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न हुई तथा कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई। पुलिस प्रशासन द्वारा आगे भी जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरंतर सतर्कता बरती जा रही है।

### एलपीजी गैस आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित, अफवाहों पर न दिया जाये ध्यान: डीएम

**महोबा।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार आम जनमानस में व्याप्त भ्रम की स्थिति, असुविधा के दृष्टिगत पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू गैस सिलेण्डर की आपूर्ति में आ रही असुविधा के निराकरण हेतु हेल्पलाइन नम्बर-8960200981 जारी किया जा रहा है। आम जनमानस में असुविधा की स्थिति उत्पन्न होने पर पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे के मध्य उपलब्ध दूरभाष के माध्यम से सम्पर्क स्थापित कर सकते है। समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है कि जिला प्रशासन द्वारा ऑयल मार्केटिंग कम्पनियों से निरन्तर समन्वय स्थापित कर सुचारू रूप से पेट्रोल, डीजल एवं घेरलू गैस सिलेण्डर की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जा रही है। वर्तमान परिस्थिति में जनपद में समस्त पेट्रोल पम्पों, गैस एजेन्सियों पर पर्याप्त मात्रा में डीजल, पेट्रोल एवं घरेलू गैस सिलेण्डर की मांग एवं आपूर्ति में कोई व्यवधान, रूकावट नहीं है। शहरी क्षेत्र में गैस सिलेण्डर की आपूर्ति के 25 दिन एवं ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिन के उपरांत ही नई बुकिंग ली जायेगी। इस समय बुकिंग के सम्बन्ध में अस्थाई रूप से समस्या आ रही है। आम जनमानस अन्य माध्यमों से यथा व्हाट्सऐप, सम्बन्धित कम्पनियों के मोबाइल एप, फोन पे, पेटीएम आदि द्वारा बुकिंग करा सकते है। कामर्शियल सिलेण्डर की आपूर्ति पर अस्थायी रूप से अभी रोक है। अफ्वाहों पर ध्यान न दिया जाये।

### 'पोषण भी, पढ़ाई भी' के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**समय जगत, हमीरपुर।** बाल विकास परियोजना सुमेरपुर के खण्ड विकास सभागार में कार्यरत आंगनवाडी कार्यकत्रियों का पोषण भी पढाई भी के अर्न्तगत 03 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में बाल विकास परियोजना अधिकारी नम्रता गुप्ता मुख्य सेविका कामिनी पाल, वन्दना देवी एवं आरती सिंह और ब्लाक समन्वयक मो0 आमिर आदि मौजूद रहे। प्रशिक्षण में आधारशिला पुस्तक सकिय खेल आधारित सीखने गतिविधि आयोजित करने बच्चों की आयु के उपयुक्त सीखने एवं पिछली सीखों को सुदृढ करने के बारे में जानकारी दी गयी।

# मयूरी विशेष विद्यालय में 10वां नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर शुरू



**समय जगत, धौलपुर।** सूर्य नगर ओडेला रोड स्थित मयूरी विशेष विद्यालय में शुक्रवार को 10वें नि:शुल्क विशाल विशेष योग्यजन सहायक उपकरण वितरण शिविर का भव्य शुभारंभ हुआ। यह आयोजन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग धौलपुर, महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर, सेठ निनुआराम चैरिटेबल पब्लिक वेलफेयर सोसायटी और मयूरी सर्जिकल हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक देवेन्द्र सिंह जांगल रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव सहित मदन मोहन शर्मा, विशम्बर दयाल शर्मा, शिवशंकर गर्ग, मुन्ना लाल मंगल, समाजसेवी एवं व्यवसायि मुरारी लाल सिंघल, जिला अध्यक्ष अग्रवाल सेवा समिति धौलपुर ऋषि मित्तल, वीरेन्द्र त्यागी, मनोज अग्रवाल और मुन्ना लाल गोयल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुई। संस्था सचिव डॉ. आर.एस. गर्ग और सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। ललित शर्मा ने अपने संबोधन से अतिथियों का अभिनंदन किया, वही जिला अध्यक्ष ऋषि मित्तल ने संस्था की गतिविधियों और विशेष योग्यजनों के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला।

संस्था अध्यक्ष शिवशंकर अग्रवाल ने उत्कृष्ट कार्य करने के लिए %यूथ फॉर जॉब फाउंडेशन% के सचिव रवि त्यागी और %स्टेट लेविन लॉग जम्प% में बेहतर प्रदर्शन करने वाले निशांत को सम्मानित किया। इस दौरान विशम्बर दयाल शर्मा, अनुराग शर्मा, रणबीर डण्डोतिया और विजय श्रीवास्तव ने भी अपने विचार साझा किए। शिविर के पहले दिन विशेष योग्यजनों को उनकी आवश्यकतानुसार निम्नलिखित उपकरण वितरित किए गए- व्हीलचेयर ,बैसाखी , कैलीपर्स ,कृत्रिम पैर (जयपुर फुट) ,श्रवण यंत्र (कान की मशीन) आदि। संस्था सचिव डॉ. आर.एस. गर्ग ने बताया कि यह शिविर तीन दिनों तक चलेगा, जिसका उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक नि:शक्तजनों को लाभ पहुंचाना है। मंच का कुशल संचालन भूपेन्द्र पाराशर द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला प्रचारक रौनक सिंह, रागनी अग्रवाल, रेनू भार्गव, इन्द्रा जिंदल, आरती गर्ग, रामकुमार गर्ग, धर्मेन्द्र सिकरवार सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### बाल विवाह के खिलाफ उठी आवाज

**बांदा।** जिले में बचपन को बंधनों से मुक्त करने का संदेश लेकर निकला बाल विवाह मुक्ति रथ पिछले एक महीने तक गांव-गांव और कस्बों में जागरूकता की मशाल जलाता रहा भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के 100 दिवसीय गहन अभियान के तहत शुरू हुई इस पहल को ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान और जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोग से व्यापक जन समर्थन मिला बांदा- चित्रकूट की सांसद द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किए गये इस रथ ने 30 दिनों में जिले के 150 गांव तक पहुंच कर हजारों लोगों को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया अभियान के दौरान छात्रों, धर्मगुरुओं, पंचायत प्रतिनिधियों और विवाह समारोह में सेवाएं देने वाले कैटरर्स, बैंड व घोड़ी संचालकों को भी जोड़ा गया और उनसे अपील की गई कि वे बाल विवाह में किसी भी प्रकार की भागीदारी से इंकार करें लोगों को शपथ दिलाते हुए समझाया गया कि बाल विवाह केवल सामाजिक कुप्रथा नहीं, बल्कि बच्चों के अधिकारों पर हमला और कानून की नजर में दंडनीय अपराध है ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान के सचिव श्रवण कुमार ने कहा कि यह यात्रा केवल प्रतीक नहीं बल्कि पहियों पर चलती सामाजिक चेतना थी जिसे लोगों को यह समझाया कि बाल विवाह है बच्चों के भविष्य शिक्षा और स्वास्थ्य पर गहरा आघात करता है্ञ।

# कस्बे की दो दर्जन से अधिक मस्जिदों में अदा की जाएगी ईद की नमाज़

**समय जगत हमीरपुर।** कस्बा सहित क्षेत्र में शुक्रवार को शांति पूर्वक माहौल में अलविदा जुमा की नमाज सकुशल संपन्न हुई। अलविदा जुमा को लेकर पुलिस प्रशासन चौकन्ना दिखाई दिया साथ ही आलाधिकारी नगर का भ्रमण कर जायजा लेते रहें। शुक्रवार को पवित्र माह रमज़ान का अंतिम (अलविदा) जुमा पढ़ा गया, जिसको लेकर सुबह से ही नगरपालिका की टीम साफ-सफाई में जुटी रही। वहीं दिन में 1 बजे नगर सहित क्षेत्र की आधा सैकड़ा मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज़ सकुशल माहौल में संपन्न हुई। अलविदा जुमा की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन नगर सहित क्षेत्र में पूरी तरह से मुस्तैद रहा। कस्बे की जामा मस्जिद में शहर पेश इमाम कारी करामात उल्ला, मस्जिद रहमानियां में कारी सनाउल्लाह, मस्जिद क़ायम कुआं में पेश इमाम मेराजुद्दीन, मस्जिद चौधराना में मौलाना अता उर्रहमान सहित अन्य मस्जिदों में पेश इमामों के द्वारा अलविदा जुमा की नमाज अदा करवाई गई। नमाज के उपरांत मस्जिद में मुसलमानों पर ईदुल फितर पर फर्ज चीजों सहित ईद की नमाज को लेकर की पेश इमामों ने जानकारी दी और आपसी एकता सौहार्द भाईचारा के साथ ईद का पर्व मनाने की आवाम से अपील की। नमाज के बाद देश में अमन चैन के लिए दुआएं मांगी गई। सुरक्षा को लेकर मस्जिदों के आस पास पुलिस तैनात रही जबकि उपजिलाधिकारी कर्णवीर सिंह, क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय लगातार नगर का भ्रमण करते नज़र आए। साथ ही शहर इमाम ने बताया की ईदगाह में ईद-उल-फितर की नमाज 7-45 बजे अदा की जाएगी।

# पीस कमेटी की बैठक में छाया रहा बिजली और आवारा पशुओं का मुद्दा



**समय जगत हमीरपुर।** रमजान के आखिरी शुक्रवार यानि अलविदा जुम्मा, ईद और हिन्दू नववर्ष पर मनाई जाने वाली चैत्र नवरात्री को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई जिसमे साफ सफाई, बिजली और आवारा पशुओं का मुद्दा छाया रहा।

रमजान के आखिरी शुक्रवार, ईद और हिन्दू नववर्ष,नवरात्रि को लेकर कस्बे की कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता संयुक्त रूप से उपजिलाधिकारी कर्णवीर सिंह, क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय ने की। पीस कमेटी की बैठक में हर बार की तरह वही घिसा पिटा आवारा पशुओं, पानी और साफ सफाई का मुद्दा छाया रहा जबकि बिजली की कटौती के समय को लेकर लोगों ने नाराजगी जताई जिसपर उपजिलाधिकारी ने उपखण्ड अधिकारी को तत्काल प्रभाव से फोन कर रोस्टर बदलने की बात कही। इतना ही नहीं कस्बे सहित क्षेत्र में गैस एजेंसीज द्वारा बंद की गई होम डिलीवरी के कारण मची अफरा तफरी को लेकर पूर्ति अधिकारी को फोन कर सभी एजेंसी संचालकों को बुलाने के लिए सूचना भेजनें के लिए कहा है। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी सीमा तोमर, जेई जल संस्थान,शहर इमाम करामत उल्लाह, कारी अता उर्रहमान, कारी सना उल्लाह, चौधरी नसीम आलम, जावेद अख्तर, हाफिज अब्दुल रफीक, आशीष सिंह अल्लू, कौशलेन्द्र सिंह, अनूप सिंह, मीलू निषाद, शरीफ उददीन सहित आधा सैकडा से अधिक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# महुआ बीनने के दौरान जंगल में न लगाएं आग, वन विभाग की विशेष जन-अपील

**समय जगत चित्रकूट।** रानीपुर टाइगर रिजर्व के अंतर्गत बरगढ़ रेंज में महुआ बीनने का मौसम शुरू होते ही वन विभाग ने ग्रामीणों से जंगलों को आग से बचाने के लिए विशेष जन-अपील जारी की है। विभाग ने कहा है कि थोड़ी सी लापरवाही से जंगलों में भीषण आग लग सकती है, जिससे अमूल्य वन संपदा के साथ-साथ वन्यजीवों का भी भारी नुकसान होता है वन विभाग के अनुसार इस समय महुआ (स्ध्रुस्त्रद्धह्रष्ड्ढ द्यश्वठ्ठद्दद्बद्धश्-द्यद्बड्ड) के फूल गिरने का मौसम है। कई स्थानों पर लोग महुआ बीनने के लिए पेड़ों के नीचे पत्तों और घास को साफ करने के लिए आग लगा देते हैं, जो कई बार अनियंत्रित होकर बड़े जंगल को अपनी चपेट में ले लेती है। इसे रोकने के लिए विभाग ने ग्रामीणों से आग का प्रयोग न करने की अपील की है।

**आग लगाने से बढ़ता है बड़ा खतरा*** वन विभाग ने बताया कि जंगल में आग लगने से बाघ, तेंदुआ समेत कई वन्यजीव अपने सुरक्षित ठिकानों से बाहर निकलकर रिहायशी क्षेत्रों की ओर भागते हैं। इससे मानव-वन्यजीव संघर्ष का खतरा भी बढ़ जाता है और कई बार जान-माल की हानि भी हो सकती है, झाड़ू और लकड़ी से करें सफाई ग्रामीणों से कहा गया है कि महुआ बीनने के लिए पेड़ के नीचे की सफाई झाड़ू या लकड़ी के औजारों से करें सूखी पत्तियों का ढेर पेड़ से दूर रखें, लेकिन उसे जलाने की गलती बिल्कुल न करें आग लगाने वालों पर सख्त कार्यवाही होगी वन विभाग ने चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर बीड़ी, सिगरेट, माचिस या अन्य ज्वलनशील पदार्थ से जंगल में आग लगाता पाया गया तो उसके खिलाफ ढ्ढठ्ठस्त्रद्बड्डठ्ठ स्नश्रह्द्गह्यह्ल ष्ह्ल के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी और भारी जुर्माना भी लगाया जाएगा धुआँ या आग दिखे तो तुरंत सूचना दीजिए यदि किसी को जंगल में कहीं भी धुआँ या आग दिखाई दे तो तुरंत वन विभाग के कर्मचारियों या बरगढ़ रेंज कार्यालय को सूचित करें, ताकि समय रहते आग पर काबू पाया जा सके वन विभाग ने लोगों से अपील करते हुए कहा ÷महुआ बीनें खुशी-खुशी, पर जंगल में आग कभी न लगाएँ।÷ वन विभाग ने ग्रामीणों से इस संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की भी अपील की है, ताकि जंगल और वन्यजीव सुरक्षित रह सकें उक्त उदाहरण सभी जिगर जगह के लिए है महुआ बिनने का सीजन है कहीं पर भी आग न लगायें।

## भाजपा कार्यालय में उत्साह व उमंग के साथ मनायी गई फूलों की होली




**समय जगत, बांदा।** भाजपा जिला कार्यालय में होली पर्व पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया फूलो की होली ने पर्यावरण व पवित्रता का वातावरण बना दिया। लोगो में भारतीय संस्कृति, भाईचारा , उत्साह, उमंग और बुंदेली योग संस्कृति को संजोहने का संदेश दिया गया जिला अध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत के अगवायी में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम मे जहाँ कलाकारो ने शिव पार्वती व राधा कृष्ण का नृत्य प्रस्तुत कर समा बांध दिया वही लोगो को पूरे समय थिरकने के लिए मजबूर कर दिया इसीप्रकार हास्य कलाकारो ने भी अपने गीत व संगीत के माध्यम से सबका मन मोह लिया। संगीत पार्टी द्वारा प्रस्तुत सुमधुर , मस्ती और तरंग के गीतों से लोगो ने थिरकते हुए जमकर लुत्फ उठाया महिलायें भी कलाकारो के बीच थिरकने से अपने को रोक न सकी इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से हमारी भारतीय संस्कृति को प्रोत्साहन मिलता है। होली का त्योहार सामाजिक समरसता व सौहार्द का पवित्र संदेश देता है इस त्योहार का कुछ ना कुछ पौराणिक अथवा आध्यात्मिक महत्व अवश्य होता है। इस अवसर पर सभी लोगो ने एक दूसरे पर फूलों की वर्षा कर होली की शुभ कामनाएँ दी तथा ठंडाई व पकवान का आनंद लिया कार्यक्रम में जगराम सिंह , संतोष गुप्ता , संजय सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव , विवेकानंद गुप्ता, धर्मेंद्र त्रिपाठी, उत्तम सक्सेना, पंकज रायकवार, वंदना गुप्ता, जाग्रति वर्मा , अशोक गुप्ता, अजय पटेल आदि मौजूद रहे ।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए निकाली गई जागरुकता रैली



**समय जगत चित्रकूट।** जिले में 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए आज जागरूकता रैली निकाली गई जिस पर माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शेषमणि सहित अन्य न्यायिक अधिकारियों ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया रैली कर्वी नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी और आमजन को लोक अदालत के बारे में जागरूक किया गया सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इला चौधरी ने बताया कि लोक अदालत में आपराधिक, बैंक वसूली, मोटर दुर्घटना, पारिवारिक और अन्य कई प्रकार के मामलों का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में निस्तारित मामलों की कोर्ट फीस वापस हो जाती है और कम समय में विवादों का समाधान हो जाता है।

## सार संक्षिप्त

### ग्रीष्मकाल में आमजन को शुद्ध पेयजल आपूर्ति किया जाना हो सुनिश्चित–संभागायुक्त




**समय जगत, धौलपुर।** जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक संभागीय आयुक्त श्रीमती नलिनी कठौतिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने जिले में संचालित राज्य एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों की विभागवार प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ लक्ष्यों की शत–प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त ने जलदाय, विद्युत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के साथ निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी को ग्रीष्मकाल के शुरू होने पर आमजन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकाल के दौरान समर कंटीजेंसी के तहत स्वीकृत कार्यो को समय पर पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। शहरी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के दौरान बिजली बन्द किया जाएं। जिससे सभी आमजनों को पानी सुचारू रूप से मिल सकें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के हैण्डपम्पों का सर्वे कर खराब पड़े हैण्डपम्पों की मरम्मत किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में टैंकर से पानी की आपूर्ति की जाती है वहां पर टैंकर की फोटो लेते हुए मॉनिटरिंग किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सार्वजनिक हैण्डपम्प किसी व्यक्ति विशेष के घर के पास ना लगाते हुए सार्वजनिक स्थान पर ही लगाया जाएं। क्षेत्र के अनुसार सर्वे टीम को मोबलाइज किया जाए एवं नियंत्रण कक्ष को और अधिक सुदृढ़ कर व्यवस्थित रूप से संचालित किया जाए। जिससे आमजनों की परेशानी का त्वरित निस्तारण हो सके। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि टंकियों की नियमित रूप से साफ–सफाई की जाए तथा टंकियों पर कवर लगवाया जाना सुनिश्चित करें। जिससे टंकी के पानी में किसी प्रकार की गंदगी ना हो सके। उन्होंने जेवीवीएनएल के अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि पीएमसूर्यघर योजना के आवेदनों को शीघ्र पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही झूलते हुए तारों का सर्वे करवाकर रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें। बिजली चोरी करने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाए। पुलिस जाप्ते के साथ ही बिजली चोरी वालों पर कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि सीएचसी, पीएचसी व जिला अस्पताल में अस्पताल संचालन के दौरान बिजली कटौती ना की जाए। उन्होंने ग्रीष्मकाल के मौसम को देखते हुए पर्याप्त औषधी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभागी समीक्षा करते हुए कहा कि ग्राम खेड़ली में निर्माणाधीन अटल पथ को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए। इसके लिए विभागीय अधिकारी आमजन को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराते हुए त्वरित रूप से सेवाएं प्रदान करें। बैठक में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की बिंदुवार जानकारी प्रस्तुत करते हुए शत–प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने तथा आमजन को योजनाओं से लाभान्वित कराने का आश्वासन दिया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, सहायक निदेशक लोक सेवाएं बंशीधर योगी सहित पीएचईडी, विद्युत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शराब दुकानों के निष्पादन को लेकर शराब ठेकेदारों की बैठक की गई आयोजित



**आगर मालवा।** वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु मदिरा दुकानों के निष्पादन के संबंध में जिला आबकारी कार्यालय, आगर मालवा में 12 मार्च को शराब लाइसेंसधारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवीन आबकारी नीति के संबंध में लाइसेंसियों को विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक के दौरान नई नीति से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा जिले में शेष बची मदिरा दुकानों के समूहों के पुनर्गठन की जानकारी भी दी गई। साथ ही लाइसेंसधारियों को आगामी टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# नवीन जिला एमसीबी में सुशासन पर सवाल: सट्टा, नशा, अव्यवस्था और बढ़ता भ्रष्टाचार

**आनंद शर्मा – समय जगत, मनेंद्रगढ़।** नवगठित जिला एमसीबी बनने के साथ क्षेत्र की जनता ने विकास और बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था की उम्मीदें जताई थीं, लेकिन समय बीतने के साथ कई ऐसे हालात सामने आ रहे हैं, जो इन उम्मीदों पर सवाल खड़े कर रहे हैं। कभी जिला कोरिया के अधीन रहने वाला मनेन्द्रगढ़ प्रशासनिक कार्यप्रणाली के मामले में अपेक्षाकृत अधिक सक्रिय माना जाता था। राजस्व विभाग से लेकर अन्य शासकीय कार्यालयों तक कामकाज में गतिशीलता दिखाई देती थी, लेकिन जिला एमसीबी बनने के बाद अब कई विभागों की कार्यशैली को लेकर चर्चा और असंतोष दोनों देखने को मिल रहे हैं।

लोगों का कहना है कि कई विभागों में अधिकारी और कर्मचारी केवल औपचारिकता निभाते नजर आते हैं, जिससे आम जनता की समस्याओं के समाधान में अपेक्षित तेजी दिखाई नहीं दे रही। सच यह है कि जमीनी स्तर की समस्याएं आज भी पहले की तरह ही बनी हुई हैं।




**बढ़ते अवैध कारोबार और युवा पीढ़ी पर खतरा :** शहर में भ्रष्टाचार, गुणवत्ता विहीन और अधूरे सड़क निर्माण कार्य, अवैध शराब का कारोबार, सट्टा, नशीले इंजेक्शन तथा सूखे नशे (गांजा) का बढ़ता प्रचलन समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। इन गतिविधियों का सबसे ज्यादा प्रभाव युवा पीढ़ी पर पड़ रहा है, जो भविष्य के लिए बेहद चिंताजनक संकेत है।

इसके साथ ही देर रात तक शहर में तेज रफ्तार से दौड़ते वाहन और ट्रैफिक व्यवस्था की कमजोरी भी कानून-व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े करती है। पत्रकार समय-समय पर इन मुद्दों को सामने लाकर प्रशासन को आईना दिखाने का प्रयास करते रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद हालात में अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं देना भी चिंतन का विषय है।

**जिला मुख्यालय बना, पर बुनियादी सुविधाएं अब भी अधूरी :** मनेन्द्रगढ़ को जिला मुख्यालय का दर्जा मिलने के बावजूद शहर की मूलभूत सुविधाओं में अभी भी कई कमियां साफ नजर आती हैं। सड़क चौड़ीकरण के कार्य कई जगहों पर अधूरे पड़े हैं, शहर में व्यवस्थित पार्किंग की सुविधा का अभाव है और ट्रैफिक पुलिस की प्रभावी व्यवस्था भी देखने को नहीं मिलती।

पहले कोरिया जिले के समय जनदर्शन में दिए गए आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई और समाधान की उम्मीद दिखाई देती थी, लेकिन अब लोगों की शिकायत है कि कई मामलों में समस्याएं लंबित ही रह जाती हैं। वहीं अवैध रूप से जमीनों पर कब्जे के मामले भी समय-समय पर सामने आते रहते हैं, जो प्रशासनिक सख्ती की आवश्यकता को दर्शाते हैं।

इन परिस्थितियों के बीच आम जनता के मन में यह सवाल लगातार उठ रहा है कि आखिर सुशासन की वास्तविक तस्वीर क्या है और इन अव्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदार कौन है। हर पांच वर्ष में सरकार बदल जाती है, लेकिन कई विभागों में अधिकारी और कर्मचारी वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थ बने हुए हैं। ऐसे में प्रशासनिक जवाबदेही और पारदर्शिता को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है।

दरअसल, सुशासन की बातें मंचों और घोषणाओं में भले ही अच्छी लगती हों, लेकिन जब तक प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रभावी कार्यप्रणाली सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक मनेन्द्रगढ़ जैसे नवगठित जिला मुख्यालय से अपेक्षित विकास की गति हासिल करना मुश्किल ही रहेगा।

आज जरूरत इस बात की है कि प्रशासन जमीनी समस्याओं को गंभीरता से समझे, अवैध गतिविधियों पर सख्ती से अंकुश लगाए और शहर की बुनियादी व्यवस्थाओं को मजबूत करे। तभी एमसीबी जिले के गठन का वास्तविक उद्देश्य-विकास और सुशासन-सार्थक हो सकेगा।

# टीकमगढ़ खाद्य विभाग पर सवाल गैस सिलेंडर के लिए लंबी कतारें

## व्यवस्था सुदृढ़ करने जिला प्रशासन की कवायद है जारी

**टीकमगढ़।** जिले में रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े होने लगे हैं। गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्त ाओं की लंबी-लंबी कतारें यह संकेत दे रही हैं कि शहर में गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है।



गौरतलब है कि जिला प्रशासन ने हाल ही में गैस एजेंसी संचालकों के साथ बैठक कर उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति कुछ अलग ही नजर आ रही है।

शुक्रवार को गिरिराज गैस एजेंसी के बाहर सुबह से ही उपभोक्ताओं की भारी भीड़ देखी गई। गैस सिलेंडर लेने के लिए लोग लंबी कतारों में खड़े नजर आए। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण उन्हें घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, गैस की कमी और वितरण व्यवस्था की अव्यवस्था के कारण आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महिलाएं और बुजुर्ग भी घंटों धूप में अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दिए।जिला प्रशासन द्वारा एजेंसी संचालकों के साथ की गई बैठक के बावजूद हालात में सुधार न होना प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर रहा है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए गैस वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए क्या ठोस कदम उठाता है, ताकि उपभोक्ताओं को इस तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### आज आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत, 9 न्यायिक खण्डपीठें करेंगी प्रकरणों की सुनवाई

**आगर मालवा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगर मालवा डी.एस. चौहान के मार्गदर्शन में 14 मार्च 2026 को वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह लोक अदालत जिला न्यायालय आगर मालवा सहित तहसील न्यायालय सुसनेर एवं नलखेड़ा में आयोजित होगी। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण, धारा 138 के चेक बाउंस प्रकरण, बकाया वसूली, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, विद्युत, जलकर, संपत्तिकर, पारिवारिक विवाद, भू–अर्जन तथा व्यवहार न्यायालयों में लंबित समस्त दीवानी प्रकृति के प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ऐसे प्रकरण जो अभी न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किए गए हैं, उन्हें भी प्री–लिटिगेशन स्तर पर लोक अदालत में रखा जाएगा। इनमें बैंक, बीएसएनएल, धारा 138 के बैंक चेक बाउंस, बकाया राशि की वसूली, विद्युत, जलकर एवं अन्य विभागीय बकाया, ट्रैफिक चालान तथा अन्य समझौता योग्य आपराधिक एवं दीवानी प्रकरण शामिल रहेंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती अश्विनी सिंह ने बताया कि नेशनल लोक अदालत के लिए जिला मुख्यालय आगर मालवा तथा तहसील सुसनेर एवं नलखेड़ा में कुल 09 न्यायिक खण्डपीठों का गठन किया गया है। इन खण्डपीठों द्वारा लगभग 591 न्यायालय में लंबित प्रकरणों तथा 5929 प्री–लिटिगेशन प्रकरणों में आपसी सहमति से समझौता कराने का प्रयास किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ 14 मार्च को प्रात: 10 :30 बजे प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डी.एस. चौहान द्वारा जिला न्यायालय परिसर आगर मालवा स्थित मध्यस्थ कक्ष में किया जाएगा।

## राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने उरतान से कामरान टोला तक मार्ग का किया भूमिपूजन



**पुनीत कुमार सेन – समय जगत, अनूपपुर।** मध्य प्रदेश शासन में कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल ने आज जनपद पंचायत कोतमा के अंतर्गत ग्राम पंचायत उरतान से कामरान टोला मार्ग के निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। इस मार्ग की लंबाई लगभग 1.700 किलोमीटर है तथा इसके निर्माण पर 117.02 लाख रुपये की लागत व्यय की जाएगी। इस अवसर पर राज्य मंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्क सुदृढ़ होने से आवागमन सुगम होगा तथा क्षेत्र के लोगों को विकास की नई सुविधाएँ प्राप्त होंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण अधोसंरचना के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है और गांवों को बेहतर सड़क सुविधाओं से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कोतमा श्री अभिषेक सिंह, जिला पंचायत सदस्य रामजी रिंकू मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

# चचाई के गीता ग्राम में सज रही जुए की बड़ी फड़ संजय-हरि की जोड़ी के संरक्षण में दांव पर लग रहे लाखों

**चचाई/अनूपपुर।** मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमाओं को लांघकर जुए का काला कारोबार अब अनूपपुर जिले के चचाई थाना क्षेत्र में अपनी जड़ें गहरी कर चुका है। क्षेत्र के गीता ग्राम में इन दिनों जुआरियों का बड़ा जमघट लग रहा है, जहाँ कानून को ठेंगा दिखाकर संजय और हरि की जोड़ी की सरपरस्ती में जुए का अवैध धंधा धड़ल्ले से फल-फूल रहा है।



**52 पत्ती और घोड़ी खेल का रोमांच:** स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, गीता ग्राम के एकांत ठिकानों पर हर रोज ताश के 52 पत्तों का खेल सजाया जा रहा है। इसके साथ ही यहाँ %घोड़ी का खेल% (सट्टे और जुए का एक प्रकार) भी बड़े पैमाने पर खेला जा रहा है। इस खेल में न केवल स्थानीय लोग, बल्कि पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के रसूखदार जुआरी भी अपनी किस्मत आजमाने पहुँच रहे हैं।

**लाखों की नाल और पुलिस की चुप्पी:** ?खबर है कि इस अवैध फड़ से प्रतिदिन लाखों रुपए की %नाल% (कमीशन) काटी जा रही है। ताज्जुब की बात यह है कि घनी आबादी और पुलिस की गश्त के दावों के बीच यह कारोबार बेखौफ संचालित हो रहा है। ग्रामीणों की मानें तो संजय और हरि की जोड़ी ने इस नेटवर्क को इतने शातिर तरीके से फैलाया है कि यहाँ बाहरी व्यक्ति का प्रवेश लगभग नामुमकिन है।

**बढ़ता अपराध और ग्रामीणों में आक्रोश:** जुए के इस अड्डों के कारण क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ गया है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश और असुरक्षा का माहौल है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इस पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो यह क्षेत्र अपराध का नया केंद्र बन जाएगा।

# आत्म देखभाल चुनौती सप्ताह के अंतर्गत 'मानसिक शांति' विषय पर व्याख्यान किया गया आयोजित




**आगर मालवा।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय, सुसनेर में प्राचार्य डॉ. जी. सी. गुप्ता के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कार्य बल के अंतर्गत आत्म देखभाल चुनौती सप्ताह के अवसर पर ÷मानसिक शांति÷ विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था ।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. आदिश कुमार जैन ने अपने व्याख्यान में बताया कि आज के व्यस्त जीवन में मानसिक शांति बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, ध्यान और आत्म-देखभाल के विभिन्न उपायों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को इन आदतों को दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एनटीएफ नोडल अधिकारी आकांक्षा श्रीवास्तव ने किया। अंत में डॉ. रेखा चंद्रपाल ने सभी अतिथियों, वक्ता एवं उपस्थित विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

### अमृत टू योजना के अन्तर्गत किशोर सागर तालाब का सुंदरीकरण कार्य हुआ आरम्भ

**कुलपहाड़/महोबा।** नगर के बीचों बीच मुख्य बाजार में स्थित एतिहासिक किशोर सागर तालाब के दिन अब बहुत ही जल्द बदलने वाले हैं। शुक्रवार को मुख्य अतिथि चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी, नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया व अधिशासी अधिकारी प्रवेंद्र कुमार की मौजूदगी में भूमि पूजन कर इस तालाब का अमृत टू योजना के अंतर्गत सुंदरीकरण निर्माण कार्य को शुभारंभ कर दिया गया है। यह तालाब विगत 3 वर्षों से खुदाई के बाद बदहाल स्थिति में पड़ा हुआ था। नगर वासियों ने सुंदरीकरण को लेकर खुशी जताई है। नगर के मुख्य बाजार में स्थित ऐतिहासिक किशोर सागर तालाब कभी कुलपहाड़ नगर की शान हुआ करता था। इस ऐतिहासिक तालाब के बगल में एक रामलीला मैदान है। उस समय रामलीला कार्यक्रम के दौरान हनुमान जी लंका दहन करने के लिए तार झूले द्वारा पूछ में आग लेकर लंका दहन कर वापस आया करते थे। जिसे देखने के लिए हजारों दर्शकों की भीड़ तालाब किनारे जुटा करती थी। लेकिन समय के साथ साथ बदलाव आता गया और इस तालाब में बस्ती का गंदा पानी जमा होने लगा। जिसकी दुर्गंध से बाजार में बैठने वाले लोगों की परेशानी का कारण बनने लगा। जागरूक लोगों की मांग पर पूर्व अध्यक्ष वंदना सिंह द्वारा तीन वर्ष पूर्व अपने कार्यकाल में इस तालाब का गन्दा पानी निकालकर खुदाई कराई गई थी। लेकिन उसके बाद फिर से वही स्थिति हो गई थी। इस एतिहासिक किशोर सागर तालाब के सुंदरीकरण हेतु कार्यक्रम के मुख्य अतिथि –चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत द्वारा भूमि पूजन कर शुभारंभ किया गया।

# प्रभारी मंत्री श्री चौहान ने बाबा बैजनाथ महादेव के किए दर्शन



**समय जगत, आगर मालवा।** मध्यप्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के मंत्री और आगर मालवा जिले के प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने शुक्रवार को जिले के प्रवास के दौरान प्रसिद्ध बाबा बैजनाथ महादेव के दर्शन और पूजा-अर्चना की। प्रभारी मंत्री श्री चौहान ने विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ बाबा बैजाथ की पूजा कर प्रदेश और जिले की जनता की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उन्नति की कामना की। इस अवसर पर विधायक मधु गहलोत, जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, जयदीप पटेल, पूर्व विधायक लालजी राम मालवीय, गोपाल परमार, दिनेश परमार, भैरू सिंह चौहान, चिंतामणि राठौर, दिलीप सकलेचा, मयंक राजपूत, भरत प्रजापत, बाबूलाल यादव, मनीष सोलंकी, तूफान सिंह गरबड़ा, प्रेम यादव, अजय जैन, जगदीश गवली, अशोक प्रजापत, रानू नरवाल सहित कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों में सीईओ जिला पंचायत बी.एस. सोलंकी, एसडीएम मिलिंद ढोके, डिप्टी कलेक्टर कमल मंडलोई,थाना प्रभारी श्रीमती शशि उपाध्याय, एसडीओपी मोतीलाल कुशवाह तथा मंदिर के पुजारी मुकेश पुरी आदि उपस्थित रहे।

# आमजनों को शासन की योजनाओं का लाभ देना है हमारी जिम्मेदारी : कमिश्नर

## सीधी कलेक्ट्रेट में आयोजित समीक्षा बैठक में श्री जामोद ने दिये आवश्यक निर्देश



**समय जगत, रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बी.एस. जामोद ने कलेक्ट्रेट सभागार सीधी में आयोजित बैठक में शासन की उच्च प्राथमिकता की योजनाओं की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से विभागीय कार्य करें तथा शासन की योजनाओं का लाभ आमजनता तक अधिकतम रूप से पहुंचाना सुनिश्चित करें। आमजनता से प्राप्त आवेदन पत्रों का संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजनों को शासन की योजनाओं का लाभ देना हम सभी की जिम्मेदारी है तथा जनहित के कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कमिश्नर ने कमिश्नर-कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस के एजेंडा बिंदुओं पर तत्परता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में 50 दिनों से अधिक लंबित शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान देने तथा 100 दिवस से अधिक लंबित सभी शिकायतों का निराकरण 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने उपलब्धियों की स्थिति पर नाराजगी व्यक्त की और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सभी बीएमओ की विभागीय जांच कर उनकी दो-दो वार्षिक वेतनवृद्धियां रोकने के निर्देश दिए। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान में सीधी जिले ने संभाग में सबसे अच्छा कार्य किया है। जिले में आमजनता से प्राप्त 92025 आवेदन पत्रों में से 91273 आवेदन पत्रों का निराकरण किया गया है। इसके लिए उन्होंने कलेक्टर सहित सभी अधिकारियों को बधाई दी। कमिश्नर ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से आरंभ हो रहा है। इसकी कार्ययोजना दो दिवस में तैयार कर ली जाए। कार्ययोजना में गत वर्ष के जल संरक्षण के अधूरे कार्यों को पूर्ण करना, पौधारोपण की तैयारी तथा परंपरागत जल स्त्रोतों के सुधार को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। जल जीवन मिशन से स्वीकृत समूह नल-जल योजनाओं के कार्य अगस्त माह तक पूर्ण कराकर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए कि गर्मी को देखते हुए सभी बसाहटों में पेयजल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था की जाए। प्रत्येक विकासखंड में पेयजल व्यवस्था के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए तथा खराब हैंडपंपों के सुधार के लिए आवश्यक संसाधनों के साथ टीम तैनात की जाए। ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि अधूरे निर्माण कार्य 15 अप्रैल तक पूर्ण कराए जाएं तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कूप और हैंडपंप रिचार्ज के कार्य शामिल किए जाएं। हर गांव में अंतिम संस्कार के लिए शांति धाम का निर्माण कराया जाए तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के शेष आवासों का निर्माण तीन माह में पूर्ण किया जाए।

राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि सीमांकन का कोई भी प्रकरण तीन माह से अधिक समय तक लंबित नहीं रहना चाहिए। बंटवारा और नामांतरण के प्रकरणों का निराकरण 95 प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिए। सभी राजस्व अधिकारी छह माह से अधिक लंबित प्रकरणों की सुनवाई कर उनका निराकरण करें। निर्माण कार्यों के लिए भू-अर्जन तथा वन विभाग से अनुमति के प्रकरणों की कलेक्टर साप्ताहिक टीएल बैठक में समीक्षा करें। निर्माण कार्यों के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारी एसडीएम एवं तहसीलदार से समन्वय बनाकर कार्य करें। कमिश्नर ने सभी राजस्व अधिकारियों को पेट्रोलियम पदार्थों एवं गैस वितरण पर निगरानी रखने तथा कालाबाजारी करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि विभागीय कार्यों की प्रगति संतोषजनक नहीं है। कार्यपालन यंत्री विभागीय कार्यों पर विशेष ध्यान दें। सभी सहायक यंत्री जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर निर्माण कार्यों की निगरानी करें। कमिश्नर ने कार्यपालन यंत्री एवं सहायक यंत्रियों की विभागीय जांच के निर्देश दिए।

## सार-समाचार

### अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का हुआ सम्मान

**रीवा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नाबार्ड द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक एक में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता तथा ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में 90 से अधिक महिलाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने कविता पाठ, गीत प्रस्तुति, खेल, भाषण तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इन गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और सामाजिक जागरूकता का परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों एवं महिला वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर भारत में महिलाओं की भूमिका, स्वयं सहायता समूह की महत्ता तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं के योगदान पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने महिलाओं को स्वरोजगार, उद्यमिता, वित्तीय साक्षरता और समूह आधारित आजीविका गतिविधियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में नाबार्ड के डीडीएम एस.के. जेना ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना ग्रामीण विकास संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि नाबार्ड द्वारा स्वयं सहायता समूहों, महिला उद्यमिता और आजीविका संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। इस अवसर पर लीड बैंक मैनेजर जगमोहन, प्राचार्य डॉ. पी.एल. मिश्रा, केवीके डॉ. ए.के. पांडेय, चेतना मिश्रा, प्रोफेसर श्रीमती नीलम पांडेय तथा वैज्ञानिक डॉ. संजय सिंह सहित गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**रीवा।** डॉ भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना के अंतर्गत उद्यमिता विकास हेतु कुलगुरू डॉ. (प्रो.) मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं अधिष्ठाता डॉ. अजीत प्रताप सिंह की अध्यक्षता एवं दिशा निर्देशन में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 13 मार्च 2026 को समापन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विश्वविद्यालय के संचालक विस्तार सेवायें डॉ. सुनील नायक के दिशा निर्देशन एवं महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजीत प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को आधुनिक डेयरी फार्मिंग, प्रायोगिक डेयरी फार्मिंग की नियमित गतिविधियाँ, पशुओं हेतु उत्तम आहार महत्वपूर्ण डेयरी नस्लें और उनकी विशेषताएँ, डेयरी पशुओं की विभिन्न आयु अवस्थाओं हेतु आवास प्रबंधन, दूध का मूल्य संवर्धन, उपयोगिता एवं विभिन्न विधियाँ जैसे विषयों पर विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्र के किसानों और पशुपालकों को दुग्ध उत्पादन के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त, स्वरोजगार एवं डेयरी उद्यमिता की दिशा में प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम के समापन में वरिष्ठ प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. नीतेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुमन संत, डॉ. राजीव रंजन, डॉ. अनिल कुमार सिंह तथा डॉ. राजकुमार पटेल ने किया।

### विधायक ने जल निगम को दिया नल जल योजना जल्द चालू करने के निर्देश



**विदिशा।** शुक्रवार को विधायक द्वारा जन सुनवाई का आयोजन गुलाबगंज की ग्राम पंचायत गूलरखेड़ी के सामुदायिक भवन में किया गया। जिसमें मुख्य रूप से विधायक मुकेश टंडन ने हितग्राहियों की समस्याओं को सुना और कुछ का मौके पर ही निराकरण किया गया। गुलाबगंज के मुख्य बाजार में पहुंच कर लोगों से संवाद विधायक मुकेश टंडन के द्वारा किया गया, जिसमें जनपद सदस्य सचिन यादव, सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी एवं लोगों ने नल जल योजना की नई पाइप लाइन को चालू करने एवं गुलरखेड़ी में पाइप लाइन का कार्य जल्द हो इसकी मांग की। जिस पर विधायक ने जल निगम के अधिकारी को मौके पर सूचित किया ये कार्य 4, 5 दिन के अंदर हो जाना चाहिए। साथ ही पाइप लाइन भी जल्द से जल्द डालने का काम शुरू किया जाए। विधायक मुकेश टंडन गुलाबगंज के प्रसिद्ध रेलवे स्टेशन के समीप स्थित हनुमान मंदिर पर पहुंच कर हनुमान मंदिर में विधायक ने मंथा टेका और सौंदर्य करण के कार्य की सहराना विधायक द्वारा की गई मंदिर के पुजारी संजू शर्मा के द्वारा विधायक सम्मान किया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष प्रतीक सिंह कांग, जनपद सदस्य, जगदीश दांगी, सचिन यादव, सरपंच संघ के अध्यक्ष रामराज दांगी, सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी, आकाश खत्री, महेंद्र दांगी, पीयूष शर्मा, कमल अहिरवार, रामसेवक दांगी, राजकुमार रैकवार एवं समस्त विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### जिला स्तरीय सामूहिक विवाह-निकाह सम्मेलन आज गंगेव में, उप मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

**रीवा।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अन्तर्गत जिला स्तरीय सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलन 14 मार्च को गंगेव स्टेडियम में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे तथा अध्यक्षता सांसद श्री जनार्दन मिश्र करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर विधायक गुढ़ श्री नागेन्द्र सिंह, विधायक सिरमौर श्री दिव्यराज सिंह, विधायक सेमरिया श्री अभय मिश्रा, विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थ राज तिवारी, विधायक मनगवां श्री नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल तथा जनपद अध्यक्ष गंगेव श्री विकास तिवारी उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। उन्होंने निर्देश दिये हैं कि सभी विभागीय अधिकारी सौंपे गये दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन कर आयोजन को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभायें।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज, 47 खण्डपीठों में होगी प्रकरणों की सुनवाई

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। इसमें आपसी सुलह से प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। प्रकरणों की सुनवाई के लिए 47 खण्डपीठें गठित की गयी हैं। इनमें पीठासीन अधिकारी तथा सहयोग देने के लिए सुलहकर्ता सदस्य तैनात किये गये हैं। जिला न्यायालय परिसर रीवा के साथ-साथ तहसील न्यायालय सिरमौर, त्योंथर, मनगवां, मऊगंज एवं हनुमना में भी लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला न्यायालय रीवा में खण्डपीठ क्रमांक एक में न्यायाधीश श्री सुधीर सिंह राठौड़, खण्डपीठ क्रमांक दो में न्यायाधीश श्री संदीप श्रीवास्तव, खण्डपीठ क्रमांक तीन में न्यायाधीश श्री मोहित कुमार, खण्डपीठ क्रमांक चार में न्यायाधीश श्री आशीष कुमार शुक्ला, खण्डपीठ क्रमांक पांच में न्यायाधीश श्री शरद कुमार गुप्ता तथा खण्डपीठ क्रमांक 6 में न्यायाधीश श्री अनुज त्यागी को तैनात किया गया है। इसी तरह खण्डपीठ क्रमांक सात में न्यायाधीश श्री सुधीर सिंह ठाकुर, खण्डपीठ क्रमांक आठ में न्यायाधीश श्री वारीन्द्र कुमार तिवारी,




खण्डपीठ क्रमांक नौ में न्यायाधीश श्री आशीर्वाद भिलाला, खण्डपीठ क्रमांक 10 में न्यायाधीश श्री शशांक खरे, खण्डपीठ क्रमांक 11 में न्यायाधीश श्री यशपाल सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 12 में न्यायाधीश श्री संतोष कुमार तिवारी, खण्डपीठ क्रमांक 13 में न्यायाधीश श्रीमती अनु सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 14 में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती शिवानी शर्मा, खण्डपीठ क्रमांक 15 में न्यायाधीश श्री वरूण शर्मा प्रकरणों की सुनवाई करेंगे। इसी प्रकार खण्डपीठ 16 में न्यायाधीश श्री पन्ना नागेश, खण्डपीठ क्रमांक 17 में न्यायाधीश श्री दयाल सिंह सूर्यवंशी, खण्डपीठ क्रमांक 18 में न्यायाधीश श्री शैलेन्द्र रैकवार, खण्डपीठ क्रमांक 19 में न्यायाधीश श्रीमती आरती सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 20 में न्यायाधीश श्री मुकेश कुमार कोरी, खण्डपीठ क्रमांक 21 में श्री दिलीप माहौर, खण्डपीठ क्रमांक 22 में न्यायाधीश श्रीमती सृष्टि चौरसिया प्रकरणों की सुनवाई करेंगे।

## जूनियर डॉक्टर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

### एक अप्रैल 2025 से होंगे प्रभावशील, उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल के निर्देश के अनुक्रम में स्टाइपेंड वृद्धि आदेश जारी

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल के निर्देशों के अनुपालन में चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जूनियर डॉक्टरों के स्टाइपेंड में वृद्धि संबंधी आदेश जारी कर दिए गए हैं, जो एक अप्रैल 2025 से प्रभावी होंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश सरकार चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने और स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सशक्त एवं जनोन्मुख बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जूनियर डॉक्टर पूर्ण समर्पण से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त और सुदृढ़ करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभायेंगे।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि जूनियर डॉक्टर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। मेडिकल कॉलेजों और संबद्ध अस्पतालों में वे न केवल अपने चिकित्सा प्रशिक्षण को पूर्ण करते हैं। मरीजों को निरंतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में भी जूनियर डॉक्टर अग्रणी भूमिका निभाते हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने जूनियर डॉक्टर के हित को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों को सकारात्मक समाधान के निर्देश दिए थे। उसके अनुक्रम में विभाग द्वारा स्टाइपेंड वृद्धि का आदेश जारी किया गया है। प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत जूनियर डॉक्टरों के स्टाइपेंड में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 2.94 के आधार पर वृद्धि करते हुए एक अप्रैल 2025 से संशोधित स्टाइपेंड लागू किया गया है। इसके तहत पीजी प्रथम वर्ष का स्टाइपेंड 75,444 रुपये से बढ़ाकर 77,662 रुपये, द्वितीय वर्ष का 77,764 रुपये से बढ़ाकर 80,050 रुपये तथा तृतीय वर्ष का 80,086 रुपये से बढ़ाकर 82,441 रुपये किया गया है। इसी प्रकार इंटर्न का स्टाइपेंड 13,928 रुपये से बढ़ाकर 14,337 रुपये किया गया है। सुपर स्पेशिलिटी पाठ्यक्रम के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के स्टाइपेंड को भी बढ़ाकर 82,441 रुपये निर्धारित किया गया है। सीनियर रेजिडेंट का स्टाइपेंड 88,210 रुपये से बढ़ाकर 90,803 रुपये तथा जूनियर रेजिडेंट का स्टाइपेंड 63,324 रुपये निर्धारित किया गया है। इस निर्णय से प्रदेश के सभी शासकीय मेडिकल कॉलेजों में अध्ययनरत एवं सेवाएं दे रहे जूनियर डॉक्टरों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।

## कलेक्टर ने घरेलू गैस वितरण व्यवस्था की समीक्षा की



**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को की गयी गैस वितरण की जानकारी प्राप्त करते हुए राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों से वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि पोर्टल के माध्यम से बुक की जा रही गैस प्राप्त करने वालों की अलग लाइन लगायें तथा भीड़ वाले एजेंसी/गोदाम/वितरण स्थल में राजस्व अधिकारी अतिरिक्त टीम लगाकर व्यवस्था बनवायें। उन्होंने वितरण स्थल में लाउडस्पीकर की व्यवस्थायें सुनिश्चित कराते हुए पीने के पानी की व्यवस्था कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि कालाबाजारी करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें। बैठक में बताया गया कि विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा सुगमता से गैस का वितरण किया गया। लोगों को होम डिलिवरी के माध्यम से गैस घर में पहुंचाई गयी। इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन के प्रतिनिधि ने जानकारी दी कि गैस बुकिंग के लिए पोर्टल कार्य कर रहा है। सभी लोग गैस बुकिंग के लिए इस माध्यम का ही उपयोग करें। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर के निर्देश पर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की गैस एजेंसियों व वितरण स्थल पर राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की निगरानी में गैस सिलेण्डर का शांतिपूर्ण ढंग से वितरण कराया गया। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बिछिया इण्डेयन एजेंसी के वितरण स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। कलेक्टर के निर्देश पर कलेक्ट्रेट में स्थापित कंट्रोल रूम के माध्यम से भी आमजनों की गैस संबंधित शिकायतों का निराकरण किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, एडिशनल एसपी आरती सिंह, एसडीएम डॉ. अनुराग तिवारी, एसडीएम संजय जैन, एसडीएम सुधाकर सिंह, सीएसपी डॉ. रितु उपाध्याय, खाद्य नियंत्रक कमलेश ताण्डेकर एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने नरवाई जलाने पर धारा 163 के तहत दिए प्रतिबंध के आदेश

**रीवा।** जिले में कृषकों तथा पशुपालकों को भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा गर्मियों में होने वाली आग की दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रतिभा पाल ने नरवाई जलाने पर प्रतिबंध के आदेश दिए हैं। यह आदेश सम्पूर्ण रीवा जिले में तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी किए गए हैं। प्रतिबंध का उल्लंघन करके नरवाई जलाने पर दो एकड़ से कम जमीन वाले किसानों पर 2500 रुपए, दो से पाँच एकड़ तक के किसानों पर 5000 रुपए तथा पाँच एकड़ से अधिक जमीन वाले किसानों पर 15000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। वर्तमान परिस्थितियों में आदेश की व्यक्तिशः तामीली संभव नहीं है इसलिए भारतीय नागरिक संहिता की 2023 धारा 163 (2) के तहत आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया जा रहा है। विभिन्न संचार माध्यमों से इसकी सूचना आमजनता को दी जा रही है।



जारी आदेश के अनुसार रबी फसलों की कटाई के बाद खेतों को आग के हवाले करने वाले किसानों के खिलाफ अब कठोर कार्यवाही की जाएगी। हार्वेस्टर के माध्यम से गेंहू की कटाई करने पर उसमें स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा। जिन हार्वेस्टरों में अवशेष प्रबंधन सिस्टम नही होगा, उन्हें गेंहू काटने की अनुमति नही दी जायेगी आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी।

जिले में चलने वाले कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा। जिला परिवहन अधिकारी इसकी निगरानी करें। इसका उल्लंघन करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही करें। खेत में नरवाई जलाने से मिट्टी के कई लाभदायक सूक्ष्मजीव एवं जैविक कार्बन जलकर नष्ट हो जाते हैं। जिसके कारण मिट्टी कठोर हो जाती है।

**एसपी रोहित काशवानी, एएसपी प्रशांत चौबे और अन्य पुलिसकर्मियों ने किया मामले का पर्दाफाश**

## 50 वर्षीय महिला का मिला शव, मेडिकल कॉलेज में हुआ पोस्टमार्टम

**समय जगत, विदिशा।** करारिया थाना अंतर्गत सूखा सेमरा के पास निर्माणाधीन नेशनल हाईवे पुलिया के पास एक 50 साल वर्षीय महिला की हत्या का मामला सामने आया है। गुरुवार-शुक्रवार की रात्रि में पुलिया के पास एक महिला का शव पड़ा होने की शिकायत पुलिस को मिली थी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की गई तो पाया कि महिला का गला घोंटकर हत्या की गई है। पुलिस ने शव को बरामद कर मेडिकल कॉलेज में पीएम कराया।

गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात करारिया थाना अंतर्गत ग्राम सूखा सेमरा के पास नेशनल हाईवे पर बन रही पुलिया के पास एक महिला का शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को मिली। जिस पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की गई। इस दौरान एसपी रोहित काशवानी, एएसपी प्रशांत चौबे और अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल की गई। जांच में सामने आया कि महिला शमशाबाद की रहने वाली थी, वह अपने किराएदार की नंद की शादी में शामिल होने के लिए कोटरा आई हुई थी। वहीं करारिया चौराहे के पास एक वेयर हाउस में शादी विवाह का कार्यक्रम हो रहा था जिसमें वह शामिल हुई थी। पुलिस द्वारा शक के आधार पर एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए थाने लाया गया है। पुलिस अब इस मामले की रेप के ऐंगल से भी जांच कर रही है। हत्या की वारदात से गुस्साए परिजनों ने शमशाबाद पुल पर बेरीकेट लगाकर चक्काजाम कर दिया। परिजनों की मांग थी कि इस हत्या की वारदात में जो भी शामिल हैं, उनको फांसी दी जाए या फिर एनकाउंटर किया जाए। बताया गया कि एक महीने के दौरान करारिया थाना क्षेत्र की यह दूसरी घटना है जिसमें बुजुर्ग महिला के साथ पहले बलात्कार और फिर गला दबाकर हत्या की गई है। इससे पहले 12 फरवरी को एक अन्य 65 साल की महिला के साथ भी इसी प्रकार की घटना घटी थी। शमशाबाद के रहने वाले परिजनों ने बताया कि सविता राजपूत अपनी किरायेदार की ननद की शादी में शामिल होने के लिए ग्राम कोटरा आई थी। करारिया थाने के सामने एक निजी वेयर हाउस पर शादी समारोह का कार्यक्रम रखा गया था। गुरुवार की देर शाम पुलिस को एक महिला के पड़े होने की सूचना मिली और पुलिस मौके पर पहुंची तो महिला अर्धनग्न अवस्था में मृत पड़ी हुई थी। देर रात पुलिस बल की टीम और एफएसएल ने जरूरी साक्ष्य जुटाए। शुक्रवार को महिला का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। इसके बाद गुस्साए परिजनों ने आरोपियों को सख्त सजा देने की मांगों को लेकर शमशाबाद में चक्काजाम कर दिया।



सूचना लगते ही कुरवाई, बासौदा और शमशाबाद एसडीओपी बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाइश दी। मृतिका के बेटे आशु का कहना है कि उनकी मां शादी में शामिल होने करारिया चौराहे गई थीं जो गुरुवार की सुबह से ही लापता थी। पुलिस ने इस मामले में 1 संदिग्ध और 2 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया है। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे का कहना है कि 5 थाने का बल, थाना प्रभारी और एफएसएल टीम लगी हुई है, जल्द ही इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझा ली जाएगी और आरोपी पुलिस गिरफ्त में होंगे। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया शंका जाहिर की जा रही है कि महिला के साथ दुराचार किया गया है, लेकिन अभी मेडिकल रिपोर्ट सामने नहीं आई है। मेडिकल रिपोर्ट सामने आने के बाद स्पष्ट हो पाएगा कि महिला के साथ दुराचार हुआ है या नहीं।